धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
सुप्रभात
रांची, गुरुवार
29.06.2023
ईद-उल-अजहा की हार्दिक शुभकामनाएं
* नगर संस्करण । पेज : 12 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 344 | khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### हमले में बाल-बाल बचे भीम आर्मी चीफ आजाद

**सहारनपुर।** भीम आर्मी चीफ चंद्र शेखर आजाद अज्ञात हमलावरों के जानलेवा हमले में बालबाल बच गये। बदमाशों ने उनकी कार पर अंधाधुंध फायरिंग की। एक गोली उनकी कमर छूकर निकल गयी। उन्हें देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

### यूसीसी पर भाजपा को मिला आप का समर्थन

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का जिक्र छेड़कर बहस तेज कर दी है। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल इसके खिलाफ हैं। वहीं ऐसे में अब भाजपा को ऐसी जगह से समर्थन मिला है जिसकी उम्मीद खुद उसने भी न की होगी। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आप ने कहा है कि वह सैद्धांतिक तौर पर यूसीसी का समर्थन किया है।

### पीएम पहले बतायें रोजगार कहां से देंगे : हेमंत सोरेन

**रांची।** पीएम के समान नागरिक संहिता वाले बयान पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि पहले उनसे पूछो कि वे बेरोजगारों को रोजगार कहां से देंगे। महंगाई को कम कैसे करेंगे। पीएम कोपहले इन विषयों पर बोलना चाहिए।

### राष्ट्रपति ने दी ईद उल जुहा पर मुबारकबाद

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ईद-उल-जुहा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

### एनआइए ने आनंदी पासवान को दबोचा

**रांची।** जांच एजेंसी एनआइए को झारखंड में नक्सल में एक और बड़ी सफलता मिली है। एनआइए ने आनंदी पासवान उर्फ आनंद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आनंदी पूर्व में गिरफ्तार 25 लाख के इनामी मगध जोन के प्रमुख रहे प्रद्युमन शर्मा का खास सहयोगी है।

### गन्ने का समर्थन मूल्य 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने गन्ने के समर्थन मूल्य में 10 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी कर गन्ना किसानों को कुछ राहत दी है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अब गन्ने का समर्थन मूल्य बढकर 315 रुपये हो जायेगा।

### रबिका पहाड़िन हत्याकांड में तीन को सशर्त जमानत

**रांची/साहिबगंज।** साहिबगंज की चर्चित रबिका पहाड़िन हत्याकांड मामले में तीन आरोपियों को हाईकोर्ट से रोज थाने में हाजिरी लगाने की शर्त पर जमानत दे दी। जिनमें मुख्य अभियुक्त दिलदार अंसारी के भाई आमिर हुसैन, महताब और बहन गुलेरा का नाम शामिल है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,000 रु./प्रति किलो |

## नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले सीएम - लड़कों को भी मिलेगा नर्सिंग का प्रशिक्षण

# झारखंड के हर नौजवान को बनायेंगे हुनरमंद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड के प्रत्येक नौजवान को हुनरमंद बनायेंगे। उनकी सरकार विकसित झारखंड बना कर ही दम लेगी। श्री सोरेन बुधवार को प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित आइटीआइ कौशल विकास कॉलेज नर्सिंग एवं कल्याण गुरुकुल के लगभग 500 विद्यार्थियों को विभिन्न संस्थाओं-संस्थानों के लिए नियुक्ति पत्र दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही लड़कियों की तरह लड़कों को भी नर्सिंग की ट्रेनिंग की मान्यता देने का फैसला लेगी। साथ ही कहा कि आज तकनीक का जमाना है। कल-कारखानों से लेकर आम जनजीवन में मशीनें जगह लेती जा रही है। ऐसे में युवाओं का स्किल्ड होना हर हाल में जरूरी है। ऐसे में राज्य के युवाओं को स्किल्ड करने पर सरकार का विशेष जोर है। इसी कड़ी में राजधानी रांची में लगभग 300 करोड रुपये की लागत से कौशल विकास कॉलेज खोला जायेगा। यहां अलग-अलग युवक-युवतियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

**अब युवा भी कर सकेंगे नर्सिंग कोर्स :** सीएम ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन और अपोलो समूह ने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश की इच्छा जतायी है। वे मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोलेंगे। इसके अलावा और कई अस्पताल राज्य में खुल रहे हैं। टाटा समूह ने पहले ही रांची में आधुनिक कैंसर अस्पताल खोला है। ऐसे में नर्सिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए काफी संभावनाएं हैं। हमारी सरकार का निर्णय है कि अब नर्सिंग कोर्सेज लड़के भी कर सकेंगे। इसके लिए जल्द सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। सरकार ने राज्य में निजी क्षेत्र में 40 हजार तक मासिक वेतन वाली नौकरियों में 75 प्रतिशत स्थानीय के लिए आरक्षित करने का कानून बनाया है। ऐसे में प्रशिक्षित युवाओं को यहां भी जॉब मिलेगा।

(शेष पेज 11 पर)

### 300 करोड़ की लागत से खोला जायेगा कौशल विकास कॉलेज

- 500 विद्यार्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र
- युवाओं को स्किल्ड करने पर विशेष जोर
- नर्सिंग में युवाओं के लिए काफी संभावनाएं



### आर्थिक गतिविधियों को दे रहे बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है, लेकिन, राज्य को पिछड़ेपन के दलदल से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यहां की 80 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। इन्हें जीविका के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखकर सरकार राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। बेहतर आमदनी और बेहतर भविष्य के लिए युवा बाहर जाते हैं, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। उन्होंने कहा कि आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, किसान, मजदूर, महिला, युवा और बुजुर्गों के लिए सरकार ने जो योजनाएं बनायी है, उसके बेहतर और सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

### बकरीद को लेकर राजधानी में फ्लैग मार्च



## सैन्य जमीन घोटाला : अधिवक्ता हिमांशु मेहता पहुंचे इडी दफ्तर

# जयंत कर्नाड के मालिकाना हक पर दी सफाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सेना के कब्जे वाली 4 एकड़ 83 डिसमिल जमीन के कथित उत्तराधिकारी जयंत कर्नाड के अधिवक्ता हिमांशु मेहता इडी के बुलावे पर बुधवार को इडी कार्यालय पहुंचे। इडी अधिकारियों ने पूछताछ के दौरान सैन्य कब्जे वाली जमीन पर जयंत के मालिकाना हक से संबंधित मामलों में जानकारी ली। हिमांशु पर जयंत के पक्ष में सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित कागजात उपलब्ध कराने का आरोप है। हिमांशु मेहता ने इडी को कई अन्य अहम जानकारी दी है। इसी जानकारी के आधार पर इडी इस संबंध में कोर्ट में चार्जशीट दायर करेगी।

**आजादी के समय से सेना के कब्जे में है जमीन :** दरअसल, यह जमीन आजादी के बाद से सेना के कब्जे में है। सेना उक्त जमीन के कथित रैयत बीएम लक्ष्मणराव को 417 रुपये प्रतिमाह किराया देती थी, जो बाद में उनके बेटे बीएम मुकुंदराव को मिली। बीएम लक्ष्मणराव का 1946 में और बीएम मुकुंदराव का 1998 में देहांत हो गया। इसके बाद सेना किसको किराया देगी, इससे संबंधित उत्तराधिकारी सामने नहीं आया। 2006 में सेना ने एक नोटिस जारी कर उक्त जमीन के दावेदार की तलाश शुरू की। सेना ने नोटिस छपवाया कि कोई अधिकृत उत्तराधिकारी कागजात के साथ आये और जमीन का किराया ले।

(शेष पेज 11 पर)

### हिमांशु ने ही तैयार किये थे कागजात

बताया जाता है कि जयंत कर्नाड के पक्ष में सभी कागजात अधिवक्ता हिमांशु कुमार मेहता ने ही तैयार किये थे। कोर्ट के आदेश पर सेना ने जयंत कर्नाड को 1998 से 2008 तक किराये के रूप में 50,874 का भुगतान किया, जबकि इडी की जांच में जयंत कर्नाड के पास उत्तराधिकारी होने से संबंधित कोई कागजात नहीं मिले। अधिवक्ता हिमांशु कुमार मेहता के निर्देश पर जयंत कर्नाड ने 2019 में उक्त जमीन के 16 डीड से 14 खरीदारों को केवल दो करोड़ 55 लाख में जमीन बेच दी। इस राशि से एक करोड़ 29 लाख रुपए उन्होंने विभिन्न खातों में हस्तांतरित करवाया। आरोप है कि हिमांशु कुमार मेहता के खाते में एक करोड़ बीस लाख गये थे। वहीं मंजूश्री पात्रा के खाते में ढाई लाख, श्रेष्ठ मेहता के खाते में ढाई लाख, मेहता पी देव के खाते में चार लाख रुपये का भुगतान हुआ था। ये सभी हिमांशु मेहता के परिवार से जुड़े लोग हैं।

## खनन पदाधिकारी संजय शर्मा पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

- राजभवन ने आरोपों को सही पाया, संकल्प जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने खान निरीक्षक एवं पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के प्रभारी खनन पदाधिकारी (एमओ) संजय कुमार शर्मा पर लगे आरोपों को प्रथम दृष्टया में सही पाया है। अब इनके विरुद्ध विभागीय जांच और कार्यवाही होगी। इसे लेकर राजभवन ने संकल्प जारी कर दिया है। राजभवन ने खान निदेशालय के सेवानिवृत अवर खान सचिव विनोद शर्मा को जांच पदाधिकारी एवं विभागीय कार्यवाही संचालन के लिए अधिकृत किया है। उन्हें निर्देश दिया है कि आदेश निर्गत होने की तिथि से 15 दिनों के अंदर जांच के लिए संचालन पदाधिकारी को लिखित बचाव बयान उपलब्ध कराते हुए उसकी प्रति विभाग को उपलब्ध करायें।

### क्या है मामला

प्रभारी खनन पदाधिकारी संजय शर्मा पर पूर्वी सिंहभूम जिले के हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड द्वारा सुरदा कॉपर खनन पट्टा के संविदा का निष्पादन समय पर नहीं कराने और खनन पट्टा संविदा का निष्पादन लंबित रहने पर भी खनिज उत्पादन की अवैध अनुमति देने का आरोप है, जो खनन एवं खनिज संशोधन अधिनियम, 2021 की धारा-4 और झारखंड मिनिरल्स रूल 2017 के नियम-9 के प्रावधानों का दुरुपयोग एवं उल्लंघन है। राजभवन ने उनपर लगे आरोपों को प्रथम दृष्टया सही पाया है। इसलिए अब इनपर लगे आरोपों के विरुद्ध गठित आरोपों की जांच सरकार द्वारा की गयी।

## सीबीआइ के स्पेशल डायरेक्टर बने भटनागर



**रांची।** आइपीएस अधिकारी अजय भटनागर को सीबीआइ का विशेष निदेशक बनाया गया है। अजय भटनागर, झारखंड कैडर के 1989 बैच के अधिकारी है। रांची में एडीजी भी रह चुके हैं। वर्तमान में वह केन्द्रीय जांच एजेंसी में अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्य कर रहे है। आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर को सीबीआई का विशेष निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की पुष्टि कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार की गयी है।

(शेष पेज 11 पर)

## रांची में पीएलएफआइ के तीन नक्सली गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रांची के सुखदेवनगर एरिया से पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में आकाश सिंह उर्फ एलेक्स, विनय तिग्गा, अजय नायक शामिल है। पुलिस ने इनलोगों के पास से देसी पिस्टल, कटटा, पांच गोली, बाइक और कार को बरामद किया है।

पकड़े गए नक्सली राजधानी रांची में कई दिनों से नाम बदलकर रह रहे थे। यहां रहकर वे लोग मोबाइल के माध्यम से अवैध हथियारों का प्रयोग कर जमीन पर कब्जा दिलाने, लेवी वसूलने, रंगदारी वसूलने का काम कर रहे थे। लेवी नहीं देने पर इन नक्सलियों द्वारा व्यवसायियों, ठेकेदारों की हत्या करने जैसे काम भी करने की योजना बनायी जाती है।



एसएसपी किशोर कौशल को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग राजधानी रांची में नाम बदलकर रह रहे हैं। इस सूचना पर एसएसपी ने सिटी एसपी सुधांशु जैन के नेतृत्व में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेवनगर थानेदार विनोद कुमार व क्यूआरटी की टीम बनाई। टीम ने छापेमारी कर तीन आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आकाश सिंह उर्फ एलेक्स को शास्त्री चौक मधुकम, विनय तिग्गा नगड़ी के सपारोम और अजय नायक एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के छोटा घाघरा का रहनेवाला है।

## राज्यपाल पर झामुमो का प्रहार, भाजपा नेताओं को चेताया, कहा

# सरकार को डिस्टर्ब किया गया, तो चुप नहीं बैठेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने राजभवन की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में राज्यपाल की कार्यशैली पर प्रहार करते हुए कहा कि अगर आप ही भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों और नेताओं का काम करेंगे तो फिर वे क्या करेंगे? हर सप्ताह भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों और केंद्रीय नेताओं का दौरा हो ही रहा है। वे लोग तो मोदी जी-मोदी जी, 9 साल, 9 साल का गुणगान कर रहे हैं, यह काम उन्हें ही करने दिया जाये। राज्यपाल का काम राज्य सरकार के निर्णयों और कार्यों में उचित परामर्श देने का होता है, न कि केंद्र की योजनाओं के प्रचार-प्रसार का।

(शेष पेज 11 पर)

### स्पीकर दैनिक वेतन भोगी कर्मी नहीं, जिसे हटा दिया जाये

सुप्रियो ने कहा कि भाजपा के लोग विधानसभा अध्यक्ष की शिकायत ले कर राजभवन गये थे। वे लोग राज्यपाल से अगले दौरे और उसके एजेंडे पर बातचीत करने और उन्हें टास्क देने गये थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने स्पीकर डॉ रवींद्र महतो की हटाने की मांग राज्यपाल से की है। ऐसा लगता है कि स्पीकर कोई अनुबंध कर्मी हैं, जिसे कह दिया जाये कि कल से नहीं आना है।



### भाड़े के नेता को बना दिया विधायक दल का नेता

सुप्रियो ने कि भाजपा गजब की राजनीति करती है। साढ़े तीन साल हो गये, भाजपा एक नया नेता प्रतिपक्ष नहीं चुन पायी। एक भाड़े के नेता को विधायक दल का नेता चुन दिया गया। जिसका केस अभी स्पीकर न्यायाधीकरण में लंबित है। नेता प्रतिपक्ष नहीं चुना जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ये लोग संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने पर तुले हैं।




# जमीन घोटाले के आरोप में नामकुम सीओ बिनोद प्रजापति पर प्राथमिकी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सरकारी जमीन घोटाले के मामले में नामकुम सीओ बिनोद कुमार प्रजापति और जामताड़ा के कुंडहित सीओ नित्यानंद व पूर्व हल्का कर्मचारी गोविंद लाल के खिलाफ इटखोरी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उक्त प्राथमिकी सीओ रामविनय शर्मा ने इटखोरी के पूर्व सीओ बिनोद कुमार प्रजापति (वर्तमान में रांची जिला के नामकुम सीओ), पूर्व सीआई नित्यानंद प्रसाद (वर्तमान में जामताड़ा जिला के कुंडहित सीओ) और पूर्व हल्का कर्मचारी गोविंद लाल (वर्तमान में पत्थलगड्डा में पदस्थापित) के खिलाफ इटखोरी थाना में दर्ज कराया है। इन सभी लोगों के खिलाफ सरकारी दस्तावेज (पंजी टू) से छेड़छाड़ का आरोप है। साल 2016 में इटखोरी में पदस्थापित रहते हुए सरकारी जमीन का घोटाला किया था।

### सरकारी जमीन का स्वरूप बदलकर उसे रैयती बताकर जमीन घोटाला किया

जानकारी के मुताबिक, यह मामला साल 2016 का है। उस समय सीओ बिनोद कुमार प्रजापति, सीआई नित्यानंद प्रसाद व हल्का कर्मचारी गोविंद लाल इटखोरी में पदस्थापित थे। इन्होंने थाना नंबर 41, खाता नंबर 147, प्लॉट नंबर 1063 व रकवा 1.26 एकड़ सरकारी जमीन को रैयती बताते हुए लिलो कुंवरी (पति परमेश्वर दयाल) के नाम पर दर्शाकर पंजी टू में अंकित कर दिया था। उक्त अधिकारियों ने सरकारी जमीन का स्वरूप बदलकर उसे रैयती बताकर जमीन घोटाला किया है। मामले की जांच वर्ष 2022 में पूरी हुई। डीसी ने घटना को सही पाया। डीसी ने इसे गंभीरता से लेते हुए 21 जून को प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया।

## साहेबगंज के चर्चित रिबिका हत्याकांड में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# तीन को मिली जमानत, रोज थाने में लगानी होगी हाजिरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज के चर्चित रिबिका हत्याकांड मामले में झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला आया है। रिबिका पहाड़िन हत्याकांड के तीन आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। इस हत्याकांड के तीन आरोपियों को जमानत मिली है जिनमें पति आमिर हुसैन, महताब और गुलेरा शामिल हैं। सभी मुख्य अभियुक्त दिलदार अंसारी के रिश्तेदार हैं।

**अदालत ने शर्तों के साथ दी है जमानत** : अदालत ने इन्हें जमानत देते हुए शर्त रखी है कि आरोपियों को रोज थाना में आकर हाजिरी लगानी होगी और 25-25 हजार के दो निजी मुचलके भरने होंगे। यह अहम फैसला हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत ने दिया है। आरोपियों ने इस मामले में जमानत याचिका दाखिल की थी।



**कौन-कौन हुआ गिरफ्तार**

1. मुस्तकीम अंसारी 2. दिलदार अंसारी 3. मरियम निशा 5. गुलेरा खातुन 4. सरेजा खातुन 5. गुलेरा खातुन 6. महताब अंसारी 7. आमिर अंसारी 8. मैनूल एक 9. शहर बानो, 10. जरीना बीबी 11. मैनुल असारी

**पूरा घटनाक्रम** : रिबिका की 16 दिसंबर को हत्या हुई। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर सुषमा कुमारी कर रही थी। 17 दिसंबर की शाम 4 बजे के आसपास पुलिस को सूचना मिली कि बोरियो संथाली के निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के पास कुछ कुत्ते मानव अंग को नोंच-नोंच कर खा रहे हैं। पुलिस पहुंची तो शव के कई टुकड़े दिखाई पड़े थे। पहचान के लिए दिलदार अंसारी को बुलाया गया था। आंगनबाड़ी केंद्र के पास पड़े पैर के टुकड़े की ऊंगली में लगी नेल पॉलिश से उसने अपनी दूसरी पत्नी रिबिका उर्फ रिबिका पहाड़िन की पहचान की। शव को कई टुकड़ों में काटकर फेंका गया था।

**अलग धर्म होने की वजह से पसंद नहीं करता था परिवार** : रिबिका के पति दिलदार अंसारी के भाई आमीर अंसारी, पिता मुस्तकिम अंसारी बेलटोला ने बताया था कि दिलदार अंसारी की पहली शादी सरेजा खातून के साथ हुई है। दो साल बाद दिलदार ने रिबिका पहाड़िन के साथ शादी कर ली। रिबिका पहाड़िन के आदिम जनजाति समुदाय और अलग धर्म की महिला होने के कारण दिलदार के घरवाले उसे पसंद नहीं करते थे। दिलदार ने रिबिका को कुछ समय बेंगलुरु ले जाकर रखा फिर वहां से वापस आकर बोरियो में किराए के मकान में रहने लगा। दिलदार रिबिका को लेकर जबरदस्ती बोरियो में माता-पिता के मकान में रहने लगा था।

## स्ट्राइक के दौरान रिम्स में 28 मरीजों की मौत मामला

# रिटायर्ड जज सज्जन दुबे मामले की करेंगे जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग ने रिटायर्ड जिला जज सज्जन कुमार दुबे की अध्यक्षता में एक सदस्यीय न्यायिक समिति का गठन किया है। यह कमिटी रिम्स में 1 जून 2018 को जूनियर डॉक्टर्स और नर्स की स्ट्राइक के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत के मामले में जांच करेगी। जांच कमिटी का कार्यालय रिम्स के प्रशासनिक भवन के प्रथम तल्ले में स्थापित किया गया है। कमिटी ने यह निर्देश दिया है कि सभी संबंधित पक्षकार अपने पक्ष में मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य जांच समिति के समक्ष 10 से 20 जुलाई तक प्रस्तुत करें। बताते चलें कि सामाजिक कार्यकर्ता एस अली ने 28 मरीजों की हुई मौत के मामले में कमेटी बनाकर जांच करने, इस घटना के रिस्पांसिबल लोगों के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजा देने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

# जिला प्रशिक्षण के लिए 43 उप समाहर्ताओं की हुई पदस्थापना

**रांची।** राज्य सरकार ने जिला प्रशिक्षण के लिए 43 उप समाहर्ता की पोस्टिंग की है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान में प्रशिक्षण चल रहा था। प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद इन अधिकारियों को जिला प्रशिक्षण के लिए पदस्थापित किया गया है और जिला आवंटित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## खबर एक नजर में

### सीएस से मिला झाप्रसे संघ का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्य सचिव (सीएस) सुखदेव सिंह से मिला। उन्होंने अपनी 15 सूत्री लंबित मांगों (प्रीमियर सेवा, वेतन विसंगति, प्रोन्नति, लंबित विभागीय कार्रवाई,चाइल्ड केयर लीव एवं स्वास्थ्य बीमा इत्यादि) के समाधान के लिए मुख्य सचिव से बात की। मुख्य सचिव ने संघ के सभी मांगों पर बिन्दुवार गंभीरता से विचार करने के बाद उन पर यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। संघ के प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष के साथ जितेंद्र कुमार देव, अनुराग कुमार तिवारी एवं अंगार नाथ स्वर्णकार शामिल थे।

### जेल अधीक्षक हामिद अख्तर ने याचिका वापस ली

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर ने हाईकोर्ट में दाखिल अपनी याचिका वापस ले ली है। उनकी ओर से ईडी की विशेष अदालत द्वारा अगस्त 2022 से जेल के सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। मामले में ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। बुधवार को मामले की सुनवाई को दौरान हमीद अख्तर के अधिवक्ता ने इस केस को वापस लेने का आग्रह किया, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। जेल अधीक्षक हामिद अख्तर ने कोर्ट के आदेश के बावजूद ईडी को उनसे पूर्व में मांगे गए सीसीटीवी फुटेज अब तक ईडी को उपलब्ध नहीं कराया था।

### राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष बने कुमार गौरव



**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने कांग्रेस के कुमार गौरव को झारखंड राज्य युवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। युवा आयोग के सदस्य के रूप में विशाल अंबर तिर्की और सुनील टुडू को नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना सरकार की ओर से जारी कर दी गयी है। मालूम हो कि कुमार गौरव प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कुमार गौरव झारखंड से वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. राजेंद्र प्रसाद के छोटे पुत्र भी हैं। झारखंड राज्य युवा आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर कुमार गौरव को कांग्रेस की ओर से बधाई दी गयी है।

### मोदी जी की 9 साल की उपलब्धि बतायी



**रांची।** भाजपा सुखदेवनगर मंडल अन्तर्गत हेसल जनकपुरी मुहल्ले में सैकड़ों घरों में मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में मोदी जी की 9 वर्षों की उपलब्धियों को बताया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, केके गुप्ता, सत्यनारायण सिंह, संजय जयसवाल, ललित ओझा, मुकेश सिंह, संजीव चौधरी, हरेन्द्र सिंह, जितेन्द्र पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, नीतू सिंह, रोहित पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### आलोक त्रिवेदी बने एनएचएम के अभियान निदेशक भुवनेश प्रताप सिंह बने समाज कल्याण के निदेशक

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी को बनाया गया है। वहीं झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी के परियोजना निदेशक पद पर पदस्थापित भुवनेश प्रताप सिंह को समाज कल्याण विभाग का निदेशक बनाया गया है। अपने कार्यों के अतिरिक्त भुवनेश सामाजिक सुरक्षा, राज्य निशक्तता आयुक्त, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी तेजस्विनी परियोजना झारखंड के भी अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे। वहीं अपर समाहर्ता रामगढ़ के पद पर पदस्थापित नेल्सन ऐओन बागे को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक परियोजना निदेशक झारखंड ट्राईबल डेवलपमेंट सोसाइटी रांची के पद पर नियुक्त किया गया है। श्री बागे को अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ प्रबंधन निदेशक अनुसूचित जनजाति सहकारिता विकास निगम रांची का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं आइएएस अधिकारी आदित्य कुमार को निबंधन महा निरीक्षक के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### नाबालिग को एसिड पिलाने के मामले में हाईकोर्ट ने जांच रिपोर्ट राज्य सरकार से मांगा

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले में बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से मामले के अनुसंधान से संबंधित अद्यतन जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई 12 जुलाई निर्धारित की। सुनवाई के दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। मामले की सुनवाई वर्चुअल मोड में हुई।

### कांके विधायक समरी लाल के मामले में रिटर्निंग ऑफिसर को जवाब देने का अंतिम मौका

**रांची।** कांके विधायक समरी लाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी सुरेश बैठा की ओर से दायर हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर रिटर्निंग ऑफिसर को जवाब के लिए अंतिम मौका दिया है। आईए दाखिल प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट का सर्टिफाइड कॉपी जो उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से दिया गया था, वह अधूरा है। इसलिए कोर्ट का आदेश नहीं मानने को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। प्रार्थी ने कोर्ट से रिटर्निंग ऑफिसर आर्डर शीट की संपूर्ण दस्तावेज मंगाने का आग्रह भी किया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 7 जुलाई निर्धारित की। बता दें कि पूर्व की सुनवाई में समरी लाल की ओर से हुई गवाही में लगभग सभी गवाहों ने कोर्ट में बताया है कि समरी लाल का परिवार आजादी के पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास उपलब्ध नहीं है।

# टेरर फंडिंग मामले में अब राज खोलेगी एनआइए

### कुख्यात नक्सली प्रद्युमन शर्मा का खास सहयोगी आनंदी पासवान गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जांच एजेंसी एनआइए को झारखंड में नक्सल के खिलाफ एक और बड़ी सफलता मिली है। जांच एजेंसी ने आनंदी पासवान उर्फ आनंद पासवान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आनंदी पासवान पूर्व में गिरफ्तार 25 लाख के इनामी मगध जोन के प्रमुख रहे प्रद्युमन शर्मा का खास सहयोगी है। एनआइए झारखंड में टेरर फंडिंग मामले की जांच कर रही है। गिरफ्तार आनंदी पासवान से पूछताछ में एनआइए को कई जानकारियां मिली है। सत्यापन के लिए एनआइए अब फंडिंग करने वालों को तलाश रही है ताकि, परत दर परत पूरे मामले का खुलासा किया जा सके।

**एनआइए की कार्रवाई में अब तक चार लोग गिरफ्तार** : एनआइए की रांची शाखा इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इससे पूर्व में प्रद्युमन शर्मा के अलावा उसका बेटा तरुण कुमार व सहयोगी अभिनव उर्फ गौरव और अब आनंद पासवान की गिरफ्तारी हो चुकी है। 20 जनवरी 2023 को एनआईए ने दो आरोपियों पर चार्जशीट भी कर दी थी। एनआइए को जांच के दौरान जानकारी मिली थी कि जेल में बंद माओवादी प्रद्युमन शर्मा उर्फ साकेत उर्फ कुंदन के इशारे पर ही उसके सहयोगी योगेंद्र रविदास, नागेंद्र गिरी अभिनव उर्फ गौरव और बिट्टू उर्फ धनंजय पासवान और अन्य माओवादी के मगध जोन को फिर से मजबूत करने का प्रयास कर रहे थे। योगेंद्र रविदास व नागेंद्र गिरी माओवादियों के मारक दस्ते के सदस्य हैं जबकि अभिनव उर्फ गौरव उर्फ बिट्टू हथियार सप्लायर था। जिसे बाद में एनआइए ने गिरफ्तार किया था। ये सभी अपने दस्ते को मजबूत करने के लिए लेवी व रंगदारी की वसूली कर रहे थे।

### एमपीडब्ल्यू कर्मचारी 1 जुलाई को करेंगे स्वास्थ्य निदेशालय का घेराव

**रांची।** मल्टी पर्पस वर्कर्स (एमपीडब्ल्यू) स्वास्थ्य कर्मचारी, संघ एवं झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 1 जुलाई को स्वास्थ्य निदेशालय का घेराव किया जाएगा। संघ के पवन कुमार ने कहा कि बीते 4 माह से वेतन नहीं मिला है। करीब 750 एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों को श्रावणी मेले में ड्यूटी लगा दिया गया है। ऐसे में कर्मचारी वहां पर कैसे गुजारा करेंगे। उन्होंने कहा कि निदेशक प्रमुख मेला ड्यूटी पर जाने से पहले वेतन का भुगतान नहीं कराते हैं तो विवश होकर हमें श्रावणी मेले की ड्यूटी का बहिष्कार करना पड़ेगा।

**इन मांगों को लेकर करेंगे निदेशालय का घेराव** : वन टाइम नियमावली का गठन कर विभाग में स्थाई समायोजन करने, वेतन भुगतान का सभी जिले के सिविल सर्जन को निर्देश देने, एमपीडब्ल्यू (एम) राज्य संविदा कर्मियों का 7वां वेतनमान का पत्र अविलंब निर्गत करने, वर्ष 2023-2024 का अनुबंध विस्तार की त्रुटियों को दूर करने समेत अन्य मांगें शामिल हैं।

# अमेरिका के एफिसीएन्स के सीइओ ने मुख्यमंत्री हेमंत से की मुलाकात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अमेरिका के एफिसीएन्स सिस्टम के सीईओ संजीव कुमार, श्री रामू और श्री शिवनाथ ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से औपचारिक मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनकी कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन, हेल्थ केयर और स्मार्ट सिटी समेत कई और सेक्टर में डिजिटली काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि झारखंड के विकास के लिए आपका जो विजन है, उसके अनुरूप उनकी कंपनी राज्य सरकार के साथ मिलकर कार्य करने को इच्छुक है। राज्य सरकार को इन सभी सेक्टर्स के तकनीक और डिजिटल क्षेत्र में जो भी सहयोग चाहिये, उसे हमारी कंपनी प्रोवाइड करायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए हेल्थ सेक्टर को बेहतर करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने एक योजना बनाई है। जिसमें जिलों के अस्पतालों को सभी आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही अन्य अस्पताल भी टेलीमेडिसिन के माध्यम से जुड़े रहेंगे। ताकि मरीजों को दूसरे राज्यों के बड़े और बेहतर अस्पतालों की तरह अपने ही राज्य में उच्च कोटि का चिकित्सीय इलाज और संसाधन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि ओला और ऊबर की तर्ज पर झारखंड में भी सरकार एंबुलेंस सिस्टम को मजबूत करने की योजना बनाई है ताकि मरीजों को निकट के अस्पतालों में भर्ती कराने में किसी प्रकार का कोई विलंब या परेशानी नहीं हो। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि इस क्षेत्र में अगर आप डिजिटली सहयोग करना चाहेंगे तो सरकार आवश्यक पहल करेगी।

### देवघर एयरपोर्ट: ऊंची बिल्डिंग तोड़ने संबंधी अवमानना याचिका पर हुई सुनवाई




**रांची।** देवघर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आस-पास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में केंद्र सरकार के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव से कोर्ट से समय देने का आग्रह करते हुए बताया गया कि देवघर एयरपोर्ट के आस-पास की 7 ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने के लिए प्राइवेट पार्टी और देवघर एयरपोर्ट लिमिटेड के बीच वार्ता करने वाले मध्यस्थ की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। जिस पर कोर्ट ने मध्यस्थ की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय देते हुए मामले की सुनवाई 26 जुलाई निर्धारित की। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई वर्चुअल मोड में की।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म का दोषी करार, सजा पर सुनवाई कल

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी सदर थाना क्षेत्र निवासी अमित कुमार दोषी करार दिया है। साथ ही, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 जून की तारीख तय की है। जमानत पर चल रहा आरोपी को दोषी पाये जाने के बाद जेल भेज दिया गया है। उस पर नाबालिग का अपहरण करने के आरोप में सदर थाना में जून 2021 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने प्राथमिकी के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अदालत ने जेल जाने के दो माह बाद 31 अगस्त 2021 को जमानत की सुविधा प्रदान की थी। सुनवाई के दौरान दुष्कर्म का आरोप साबित हुआ। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से पीड़िता समेत पांच गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

# ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर छात्रवार आंकड़ों के संकलन की प्रगति धीमी

### पोर्टल पर पूर्ण और त्रुटिरहित आंकड़ा संकलन करने का एसपीडी जेईपीसी का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर छात्रवार आंकड़ों के संकलन की प्रगति अत्यंत धीमी है। इसका खुलासा राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में हुआ है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने पोर्टल पर पूर्ण और त्रुटिरहित आंकड़ा संकलन करने का निर्देश दिया है। इस बाबत सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है। राज्य परियोजना निदेशक ने पत्र में कहा है कि विभागीय सचिव द्वारा ई-विद्यावाहिनी पोर्टल अंतर्गत पूर्ण और त्रुटिरहित छात्रवार आंकड़ों के संग्रहण एवं संकलन का कार्य 30 जून, 2023 तक पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया है। अन्यथा की स्थिति में भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में वैसे विद्यालयों को बंद करने की कार्रवाई करने का भी आदेश दिया गया है।

निदेशक ने कहा है कि राज्य स्तर से विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि अभी तक छात्रवार आंकड़ा के संकलन का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। इसकी प्रगति भी अत्यंत धीमी है।

23 जून, 2023 को राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में सचिव द्वारा दिये गए निर्देश के आलोक में जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों (गैर मान्यताप्राप्त विद्यालय सहित) से ई-विद्यावाहिनी पोर्टल अंतर्गत पूर्ण एवं त्रुटिरहित छात्रवार आंकड़ों के संग्रहण, संकलन एवं प्रोग्रेसन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# नक्सलियों की मांद से 193 आइइडी 66 स्पाइक होल को किया गया नष्ट




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चाईबासा पुलिस ने कोल्हान क्षेत्र के टोंटों जंगल में छिपे नक्सली दस्ता के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, अमित मुंडा, असीम मंडल, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अंगारिया, अश्विन की मांद को नष्ट करने के मामले में चलाए जा रहे अभियान में अबतक 193 आइइडी बम को बरामद कर निष्क्रिय कर दिया है। टीम ने टोंटो थाना क्षेत्र के पतातोरोब, तुम्बहाका, सरजोमबुरू, मुफ्फसिल के अंजदेबेड़ा, चिड़ियाबेड़ा एवं गोईलकेरा के लोवाबेडा, तिलाईबेड़ा, बमाईबुरू, हाथीबुरू, ईचागोड़ा, मारादिरी के आइइडी व 66 स्पाइक होल को बरामद किया है। पुलिस ने सरजोमबुरू के मुंडा के घर से भारी मात्रा में आइइडी और स्पाइक होल, आइइडी बनाने का सामान, नक्सल वर्दी बरामद किया है।

**सामान की सूची :** आइइडी चार, चार लोहे के बने छोटे बड़े पाइप, करीब 50 मीटर बिजली के तार, एक स्टील नॉट करनेवाला लाल रंग के लोहे का मशीन, एक लोहा गर्म करनेवाली मशीन, एक इनविल, एक लाउडस्पीकर बैटरी वाला, दो माइक्रोफोन केबल, बैनर बनानेवाला कपड़ा, 25 तीर, दो सिलाई मशीन, लोगो, दो नक्सली साहित्य, दो नक्सली पर्चा बरामद किया है।

## पिछले चार दिनों से राज्यभर में 51.4 मिलीमीटर वर्षा होने से अब यह कमी 71% से घटकर 56% रह गयी

# झारखंड में अबतक औसत से 56 फीसदी कम हुई बारिश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जून महीने में औसत से 56% कम बारिश हुई है। सात दिन पहले तक स्थिति और ज्यादा खराब थी, जब 21 जून तक सामान्य 101.5 मिमी की जगह सिर्फ 19.8 मिलीमीटर (सामान्य से 56% कम) बारिश राज्य में हुई थी। पिछले चार दिनों से राज्यभर में मानसून के सक्रिय रहने और इस बीच 51.4 मिलीमीटर वर्षा होने से अब यह कमी 71% से घटकर 56% रह गयी है।

झारखंड में मानसून सक्रिय हो गया है, मगर इस बार बारिश की बात की जाए तो राज्य में जून महीने में औसत से कम बारिश हुई है। जो आंकड़े आए हैं उससे पता चलता है कि राज्य में सामान्य से 56% कम वर्षा हुई है।



हालांकि कृषि पदाधिकारी विकास कुमार के अनुसार जिस तरह से लगातार वर्षा पूरे राज्य भर में हो रही है, उसके बाद कम बारिश का कोई खास असर खेती पर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में जून के अंत या जुलाई महीने में ही बिचड़ा डालने का काम होता है। अब खेतों में पानी है, इसलिए किसान बिचड़ा डालने का काम शुरू कर रहे हैं।

विकास कुमार ने बताया कि राज्य में वैसे 31 जुलाई तक रोपनी का समय कहा जाता है, लेकिन झारखंड में रोपनी 15-20 अगस्त तक भी चलता रहता है। ऐसे में राज्य में देर से आया मानसून और जून में कम बारिश का कोई नकारात्मक प्रभाव तब तक नहीं पड़ेगा जबतक की आने वाले दिनों में मानूसन की बारिश कम न हो। उन्होंने उम्मीद जतायी कि जून समाप्त होते-होते झारखंड में मॉनसून की बारिश सामान्य वषापार्त के करीब जरूर पहुँच जाएगा, क्योंकि अभी 30 जून तक बारिश का पूवार्नुमान मौसम केंद्र ने जारी कर रखा है।

### इस वर्ष 28 लाख 35 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल लगाने का है लक्ष्य

कृषि विभाग ने इस वर्ष राज्य में 28 लाख 35 हजार हेक्टेयर भूमि में खरीफ फसल लगाने का लक्ष्य रखा है। इसमें से 1800 हजार हेक्टेयर में धान, 312 हजार हेक्टेयर में मक्का, 50 हजार हेक्टेयर में मिलेट्स, 60 हजार हेक्टेयर में दलहन, 613 हजार हेक्टेयर में तिलहन की खेती करने का लक्ष्य रखा गया है।

कृषि निदेशालय से मिली जानकारी के अनुसार बीज कंपनियों को 20 जून तक 68 हजार 83 क्विंटल बीज आपूर्ति का आर्डर दिया गया था, जिसमें से 36 हजार 820 क्विंटल बीज सरकार खरीद चुकी है। राज्य में 14218 क्विंटल बीज किसानों के बीच बांटा भी गया है।

# मौसीबाड़ी में 9 दिनों तक आराम कर भाई-बहन संग अपने घर लौटे प्रभु जगन्नाथ

## ह्यूम पाइप बस्ती से गुंडिचा मंदिर धाम लौटे प्रभु

खबर मन्त्र टीम

**जमशेदपुर।** भगवान जगन्नाथ अपनी भाई बलराम, बहन सुभद्रा के साथ मौसी बाड़ी में आराम करने के उपरांत आज पुनः घुरती रथ यात्रा में सवार होकर गुंडिचा मंदिर धाम को वापस कर रहे हैं। खुशी के महा त्योहार में आज दिनांक 28 जून 2023 दिन बुधवार संध्या 5:00 बजे से जमशेदपुर के ह्यूम पाइप बस्ती में पहली बार श्री श्री शिव हनुमान दुर्गा मंदिर परिसर से पंडित आशुतोष शुक्ला के द्वारा भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र बहन सुभद्रा के प्रतिमा पर विधिवत मंत्रोच्चारण, पूजा अर्चना के उपरांत पूरे उत्साह और उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ रथयात्रा निकाला गया। जो नगर भ्रमण करते हुए अपने गुंदीचा मंदिर की ओर प्रस्थान किये। उनके दिव्य दर्शन हेतु काफी संख्या में लोग रथ यात्रा में शामिल हुए। रथ यात्रा दौरान आयोजन समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे जगह जगह पर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किए गए। रथ यात्रा को सफल बनाने में समाजसेवी अशोक पांडे, समाजसेवी शंभू मुख्य डूंगरी, सलाहकार जय सागर बादल, नवीन शर्मा, संजय दुबे, संजय मिश्रा, हेमंत पाठक, आशुतोष मिश्रा, हर्ष शर्मा, मुकेश कुमार साहू, पंडित आशुतोष शुक्ला, अंजली पांडे, अस्मिता कुमारी, ममता कुमारी, निक्की कुमारी, गुनगुन शर्मा, भूमि कुमारी की अलावा काफी संख्या में बसती वासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।


भुइयांडीह मौसीबाड़ी से घर लौटता भगवान का रथ।



## गम्हरिया : मौसीबाड़ी से लौटने पर बलभद्रजी, बहन सुभद्रा और प्रभु जगन्नाथ स्वामी का भव्य स्वागत

**गम्हरिया।** बीमार पड़ने के बाद नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में विश्राम करने के बाद शनिवार को उल्टी रथयात्रा आयोजित कर महाप्रभु जगन्नाथ को अपने घर लाया गया। भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ अपने घर वापस पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान जगन्नाथ का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने उनकी आरती उतारकर पूजा अर्चना की। इस दौरान सार्वजनिक रथ यात्रा कमेटी की ओर से बड़ा गम्हरिया स्थित मंदिर से भव्य रूप से सजाए गए रथ पर भगवान जगन्नाथ को उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रखकर उनकी पूजा अर्चना कर विदा किया गया। इस दौरान लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इसके आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष गोपाल चौधरी, सचिव अरुण बेज, कोषाध्यक्ष प्रेमेंद्र नाथ पाल, वरुण दास, जगन्नाथ कुंडू, संजय मंडल, सीताराम बेज, संजय दास, भैरव प्रमाणिक। समेत सभी सदस्यों का योगदान रहा। वहीं, कांड्रा में भी वापसी रथयात्रा निकालकर महाप्रभु को बानाडूंगरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर लाया गया। महाप्रभु के स्वस्थ होकर भाई व बहन के साथ अपने घर वापस आने पर भव्य स्वागत किया गया। इसके आयोजन में कांड्रा पंचायत के पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा, पूर्व उप प्रमुख मनोज महतो, लालबाबू महतो, राम महतो, विजय महतो, राजू महतो, आशीष महतो, जीतेन महतो रामचरण शर्मा, बप्पा पात्रा आदि का प्रमुख योगदान रहा।



स्पीड न्यूज

### गम्हरिया : एनएनबी कंक्रीटो के दो प्लॉटों पर इडी का छापा



गम्हरिया। आसंगी मौजा अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र के सातवें फेज में स्थित प्लॉट संख्या- 407 और 411 के प्लांट में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा मंगलवार को छापेमारी की गई। उस पर यह आरोप है कि उक्त प्लांट में स्थित न्यू निर्माण बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की एनएनबी कांक्रीटो कंपनी में अवैध धन का निवेश किया गया है। इसके अलावा उक्त प्लांट में गलत तरीके से निवेश कराए जाने का भी आरोप लगाया गया है। बताया गया है कि आदित्यपुर थाना क्षेत्र के आसंगी मौजा में करीब 0.19 एकड़ में फैले इस कंपनी में काले धन के निवेश की पुख्ता जानकारी होने के बाद प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट रांची 2002 के तहत इस जमीन को सीज किया गया है। 15 सितंबर 2022 को प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग कोर्ट के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई है। हालांकि, अब तक अधिकारिक तौर पर इस मामले में कोई जानकारी नहीं दी गई है। ईडी की टीम द्वारा उक्त कंपनी के गेट पर एक नोटिस चस्पा दी गई है।

### रेडक्रॉस में नेत्र ऑपरेशन शिविर शुरु



जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा पीएसपीएल जागृति के सहयोग से चलाये जा रहे 365 नेत्र ऑपरेशन की शुरूआती कड़ी में प्रत्येक मंगलवार को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच कर ऑपरेशन योग्य नेत्र रोगियों का चयन किया जा रहा है, जिस कड़ी में आज रेड क्रॉस ऑफिस बिष्टुपुर में जाने माने नेत्र चिकित्सक डॉ. जे. एस. बेदी ने पांच नेत्र रोगियों का चयन ऑपरेशन के लिये किया, रेड क्रॉस कार्यकर्ता पूनम महतो, सीमा सिंह ने नेत्र जांच में सहयोग प्रदान किया।

### यूसील में पहली बार बड़े पैमाने पर अधिकारियों का हुआ तबादला

जादूगोड़ा। यूसील में पहली बार आठ अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है व उन्हें पदोन्नति देकर नई जिम्मेदारियां सौपी गई है। इस तबादले के बाद सभी अधिकारियों ने अपने अपने जगह पर योगदान कर ड्यूटी में जुट गए है।इधर यूसील के डी जी एम( कार्मिक) राकेश कुमार के द्वारा बीते 24 जून को जारी कार्यालय आदेश के तहत झारखंड के बांदुहुराग यूरेनियम माइंस ( सरायकेला_ खरसवा जिला) के खान प्रबंधक किशोर भक्त को तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट ( आंध्र प्रदेश) में तबादला किया गया है व उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देते हुए माइंस एजेंट बनाया गया है। अन्य तबादलो में महुलडीह यूरेनियम माइंस के अधीक्षक अभिषेक आनंद को यहां से हटाकर बांदुहुराग यूरेनियम माइंस (सरायकेला_ खरसावा) भेजा गया है जहा वे खान प्रबंधक का पद संभालेंगे।इसी तरह तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट के डी जी एम सह खान प्रबंधक के के राव को यूसील कंपनी के सभी यूनिट का आई एस ओ हेड बनाकर जादूगोड़ा तबादला किया गया है जबकि तुम्मापल्ली माइन्स के एडिशनल अधीक्षक एन वी वी एस बाबू को तुम्मा पल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट का खान प्रबंधक बनाया गया है। नरवा पहाड़ के डी जी एम सह खान प्रबंधक मनोरंजन महाली को नरवा पहाड़ खान का एजेंट का पद संभालेंगे जबकि उनकी जगह पर एडिशनल अधीक्षक एस पी तमबद को नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट का माइंस मैनेजर बनाया गया है।इसके अलावे बागजाता माइंस के सहायक मैनेजर सिद्धार्थ सिंह को भाटीन माइंस भेजा गया है जहा वे खान प्रबंधक की कार्य - भार देखेगे। वही भाटीन माइंस के खान प्रबंधक एस जी ईश्वर को नरवा यूरेनियम प्रोजेक्ट तबादला किया गया है व खान प्रबंधक एस पी तमबद के अधीन काम करेगे।

# स्वर्णरिखा नदी में झाग ही झाग मछलियां तड़प-तड़प कर मरी

## पहली बार दिखा यमुना नदी सा झाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार शाम अचानक स्वर्णरिखा नदी के पानी में दिल्ली की यमुना नदी की तरह झाग बनकर पूरे नदी में तैरता दिखा। नदी में कई मछलियां भी मर कर ऊपर आ गई थीं। इसकी घटना की जानकारी पाकर भाजपा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह नदी किनारे पहुंच कर मुआयना कर जमशेदपुर के एसडीओ से दूरभाष के माध्यम से बात कर जल्द से इसकी जांच की मांग करते हुए उन्हें अवगत करवाया की नदी किनारे रहने वाली बड़ी आबादी इस नदी में नहाते है जिनमे कई बच्चे भी होते है। नदी का पानी प्रदूषित होने के कारन लोगों के साथ कोई बड़ी अनहोनी ना हो जाए इसलिए अविलंब इसकी जांच कर समस्या को दूर की जाए और प्रशासन यह प्रयास करे की फिलहाल लोग नदी की और न जाएं। नीरज सिंह ने बताया की स्वर्णरेखा नदी जमशेदपुर की जीवन रेखा है। इसके किनारे कई बस्ती बसे हुए हैं जिसमे बड़ी आबादी निवास करती है और पूरा शहर इस नदी पर निर्भर है। नीरज सिंह ने कहा की कल भाजपा, व्यावसायिक प्रकोष्ठ का एक प्रतिनिधि मंडल जमशेदपुर की उपयुक्त से मुलाकात कर इस घटना की जानकारी देकर जल्द से जल्द इसकी जाँच की मांग करेगा।




झाग बहने की सूचना पर निरीक्षण करने पहुंचे नीरज सिंह व साथी।

# हर महिला कांग्रेसी दस-दस महिलाओं को पार्टी से जोड़े : गुंजन सिंह



## जिला महिला कांग्रेस की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला महिला कांग्रेस की प्रथम कार्यकारिणी की बैठक जमशेदपुर निर्मल गेस्ट हाउस में महिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह उपस्थित हुए गुंजन सिंह ने कहा कि आज प्रखंड जिला कमेटी की स्वीकृति दी गई है। आने वाले समय में यह कमेटी पुरे लोकसभा के अंतर्गत कार्य करेगी। महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का कार्य किया जायेगा। इसके लिए संगठन की एक-एक महिला अपने साथ 10 महिलाओं को जोड़ने के लिए जनसंपर्क अभियान चलायेंगी। गुंजन सिंह ने कहा कि 2014 में जो भाजपा की सरकार ने जो सपना दिखाया था सपना सपना ही रह गया। देश की जनता त्रस्त है महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार बलात्कार लूट हत्या जैसे मामले बढ़े हैं। इन मुद्दों को लेकर महिला कांग्रेस जनता के समक्ष जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### बकरीद को लेकर जेएनएसी का सफाई अभियान



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति क्षेत्र अंतर्गत बकरीद के मद्देनजर विशेष साफ-सफाई कार्य पूरी कर ली गई है मस्जिद एवं आसपास के मोहल्ले में विशेष सफाई के साथ-साथ नालियों की सफाई एवं ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया। कुल 8 थानाक्षेत्र में 13 चिन्हित मस्जिद 2 ईदगाह एवं मोहल्ले में 24 पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई पूरे क्षेत्र के लिए 8 पदाधिकारी के निगरानी में कुर्बानी के उपरांत निकलने वाले अवशेष को सुरक्षित दफन करने एवं ब्लीचिंग की छिड़काव के साथ साथ साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। मोहल्ले में संध्या के समय फॉगिंग की भी व्यवस्था की गई है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के द्वारा सभी क्षेत्र में भ्रमण कर स्थानीय मस्जिद कमेटी एवं मोहल्ले में नागरिकों से संपर्क कर कुर्बानी के उपरांत निकलने वाले अवशेष को सुरक्षित दफन करने हेतु पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन एवं वाहनों में ही डालने के लिए अपील की गई है। विशेष पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा सभी लोगो से अपील किया गया है की जमशेदपुर अक्षेस एवं टाटा स्टील यूआइएसएल के सहयोग से जो वाहन एवं डस्टबिन प्रदान किया गया है उसका उपयोग करें एवं खुले में या नाली में अवशेष को नहीं डाले जिससे किसी अन्य नागरिकों को आपत्ति हो। सौहार्द से बकरीद को मनाए एवं सफाई का विशेष ध्यान दें। सभी क्षेत्र में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है उनके मदद अवश्य लें।

### झामुमो की जिला कमेटी की बैठक में पंचायत संगठन की मजबूती पर बल

जमशेदपुर। बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला कार्यकारिणी समिति की एक बैठक स्थानीय स्वर्णरेखा अतिथिशाला बिष्टुपुर में जिला अध्यक्ष माननीय विधायक श्री रामदास सोरेन के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी प्रखंड समितियों से पंचायत संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया है और प्रखंड स्तर पर आगामी जुलाई माह से पंचायत स्तर के पदाधिकारियों की एक कार्यशाला आयोजित करने पर चर्चा की गई। बैठक में केंद्रीय निर्देश के तहत चलाए जा रहे हैं सदस्यता अभियान पर भी विचार किया गया। बैठक में आगामी 30 जून 2023 को सिद्धू कानू हुल माह के समारोह के समारोह के धूमधाम के साथ सभी प्रखंडों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में नगर समितियों के द्वारा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड गौ सेवा आयोग मैं नव मनोनीत उपाध्यक्ष श्री राजू गिरी को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। आज की बैठक में विशेष रुप से पोटका की विधायक श्री संजीव सरदार, केंद्रीय सदस्य एवं जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष श्री मोहन कर्मकार, पूर्व सांसद श्रीमती सुमन महतो, शेख बदरुद्दीन,प्रमोद लाल,वीर सिंह सुरेन,सुनील महतो,आदित्य प्रधान,शैलेंद्र मैथी,हीरामणि मुर्मू,योगेंद्र कुमार निराला,शंकर चंद्र हेंब्रम, मनोज यादव,सगन पूर्ति, समेत जिला कार्य समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। आज की बैठक का संचालन जिला संगठन सचिव विद्यासागर दास और धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव घनश्याम महतो ने किया।


बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष सह विधायक रामदास सोरेन।

# घाटशिला में बैंक ऑफ इंडिया ने लगाया मेगा लोन डिस्ट्रीब्यूशन कैंप



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत घाटशिला प्रखंड परिसर में बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा सीसीएल ऋण वितरण का मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में मनोज कुमार महाप्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया,के चंद्रमौली क्षेत्रीय प्रबंधक जमशेदपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी घाटशिला एस कुमार अभिनव ,अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार, एस एम ई यु सी घाटशिला श्रीकांत चौधरी तथा घाटशिला अनुमंडल का सभी बैंक ऑफ इंडिया का शाखा प्रबंधक जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक, वित्तीय समावेशन मीनू पाठक,जेएसएलपीएस का प्रखंड कार्यक्रम प्रबधंक शिवदासघोष तथा जिला का सभी प्रखंड का सभी बैंक सखी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में कुल 590 समूह का 18 करोड़ का ऋण वितरण अतिथिओ के द्वारा किया गया ।आज का समारोह में सखी मंडल का एक लाभुक को प्रधान मंत्रीजीवनज्योति बीमा योजना का 2 लाख का चेक उसकी आश्रित को दिया गया। सखी मंडल के द्वारा अतिथियों को स्वागत किया गया। इस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बैंक सखी को बैंक ऑफ इंडिया को द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। आज का समारोह में भारी संख्या में सभी प्रखंड से समूह का दीदी लोग उपस्थित रहे।

# बन्ना द्वारा सरयू के विरुद्ध दायर मानहानि का केस खारिज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा विधायक सरयू राय के विरुद्ध चाईबासा स्थित विशेष एमपी-एमएलए न्यायालय में 10.05.2023 को अपने अधिवक्ता प्रकाश झा द्वारा शिकायतवाद दाखिल किया गया था जिसमें मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा विधायक सरयू राय के विरुद्ध आरोप लगाया गया था कि विधायक सरयू राय द्वारा राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण उनके द्वारा उनके सोशल मीडिया हैंडल एवं स्थानीय समाचार पत्रों में गलत जानकारी एवं असत्य तथ्य प्रसारित किया गया है कि मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा प्रतिबंधित हथियार रखा गया है और उसका उपयोग किया गया ह। एवं जी 44 ग्लॉक पिस्टल निषिद्ध हथियार है। जिसके बाद दिनांक 03.05.2023 को मंत्री बन्ना गुप्ता के अधिवक्ता प्रकाश झा द्वारा लीगल नोटिस भेजा गया था जिसका विधायक सरयू राय द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया था और उक्त लीगल नोटिस की जगह कूड़ेदान में बताया गया था। जनप्रतिनिधियों के विशेष न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार के न्यायालय द्वारा शिकायतकर्ता के एस.ए एवं कोर्ट में जमा किये गए दस्तावेज का परीक्षण किया गया जिस पर कोर्ट ने शिकायकर्ता बन्ना गुप्ता के शिकायत को नन मेंटेनेबुल करार दिया गया साथ ही कोर्ट में शिकायतकर्ता बन्ना गुप्ता द्वारा कराए गए उपलब्ध तथ्यों और परिस्थितियों से अदालत ने यह नहीं पाया कि आरोपी सरयू राय के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए रिकॉर्ड पर पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। अतः कोर्ट ने विधायक सरयू राय के विरुद्ध दायर शिकायत सं. 182/2023 को खारिज कर दिया। सरयू की और कोर्ट में अधिवक्ता अनिंदा मिश्रा, सौरव सिन्हा, प्रतीक शर्मा एवं महादेव शर्मा पक्ष रख रहे थे।



## सुरभि शाखा की महिलाओं ने जुगसलाई गौशाला में की गौ सेवा



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए जीव संरक्षण के अन्तर्गत बुधवार को जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला में जाकर गौ सेवा किया गया। गाय की सेवा एक प्रकार से अप्रत्यक्ष रूप से ईश्वर की सेवा ही है को मानते हुए यह कार्यक्रम शाखा सदस्य ज्योति उमेश अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित हुआ। अध्यक्ष निशा सिंघल, सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, खुशबू कावटिया, अनीता अग्रवाल बिंदिया नरेड़ी, रिंकी कसेरा, शांति पाडिया आदि ने अपने हाथों से गाय को हरी सब्जी और चारा खिलाया। अध्यक्ष निशा सिंघल ने कहा कि ईश्वर भी स्वयं अग्नि मुख या गौ ग्रास ग्रहण करते हैं और जिनको गाय की सेवा का मौका मिलता है वो अत्यंत भाग्यशाली होते हैं।

# रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी क्लब फुट और हृदय में छेद से पीड़ित बच्चों की करेगा मदद

1 जुलाई को पटमदा में पौधरोपण, हेल्थ चेक अप कैंप समेत कई कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की नई कार समिति अध्यक्ष अमृता व खारिया और सचिव प्रीति खारा के नेतृत्व में 1 जुलाई से अपने कार्यकाल की सामाजिक गतिविधियों का आगाज करने जा रही है। कार्यसमिति आगामी 15 जुलाई को विधिवत शपथ ग्रहण करने से पूर्व अपने सामाजिक कार्यों को रोटरी ईयर के पहले दिन से आगाज करने जा रही है। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी की नई अध्यक्ष अमृता वखारिया और सचिव प्रीति खारा ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि क्लब अपने सामाजिक अभियान के तहत स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर सस्टेनेबल प्रोजेक्ट को लागू करेगा। अध्यक्ष अमृता ने कहा कि हमारी कमेटी जो भी प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट करेगी उसकी मजबूती एवं निरंतरता पर हमारा फोकस रहेगा। हम सामाजिक सेवा की औपचारिकता निभाने नहीं आए हैं बल्कि उसे गंभीरता से लागू करने आए। हेल्थ प्रोजेक्ट के तहत क्लब समाज के बीच मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाएगा।


संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित बायें से संयुक्त सचिव सुकन्या दास, अध्यक्ष अमृता वखारिया और सचिव प्रीति खारा।

# जिले में 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलेगा जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण विशेष अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जिला योजना एवं विकास विभाग द्वारा छूटे हुए बच्चों का शत प्रतिशत जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने, जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण करने को लेकर आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। उक्त अभियान के सफल संचालन को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, जिला योजना पदाधिकारी-सह- सांख्यिकी पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, बीडीओ जमशेदपुर सदर प्रवीण कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो, एमजीएम अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ नकुल चौधरी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे वहीं सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड चिकित्सा एमओआइसी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) आदि वीसी से जुड़े।



## जेएसए लीग : टाटा स्टील ने रघुनाथ मुर्मू क्लब को 8-0 से हराया

जमशेदपुर। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जेएसए लीग प्रीमियर डिवीजन में टाटा स्टील ने पंडित रगुनाथ मुर्मू क्लब को 8-0 से हराया। चार अलग-अलग खिलाड़ियों के दो-दो गोल की बदौलत टाटा स्टील ने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जेएसए लीग प्रीमियर डिवीजन मैच में पंडित रघुनाथ मुर्मू क्लब को 8-0 से हरा दिया। सुनील लोहार (24' और 39'), संदीप महली (45' और 46'), दुर्गा प्रसाद नाइक (61' और 90') और कुंजुन टुडू (70' और 75') सभी ने दो-दो गोल करके टाटा स्टील को एक शानदार जीत दिलायी। पीआरएमसी ने मुकाबले में थोड़ा चुनौती पेश किया लेकिन टाटा स्टील ने साबित कर दिया कि वे इस सीजन में जेएसए लीग खिताब के प्रमुख दावेदारों में से एक क्यों हैं। ए डिवीजन (ग्रुप ए) में कैटिन एफसी ने टिनप्लेट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में छोटांगपुर एफसी को 3-1 से हराया, जबकि आर्मरी ग्राउंड पर ए डिवीजन (ग्रुप बी) में यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी के खिलाफ आदिवासी विकास और कल्याण संघ ने 4-0 से आसान जीत दर्ज की। टेल्को के सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में, ग्राम विकास केंद्र ने पहले सुपर डिवीजन मैच में 5-0 की जीत में ठक्कर बापा क्लब को पांच गोल से हराया, जबकि दूसरे सुपर डिवीजन गेम में स्पोर्टिंग क्लब जमशेदपुर ने डोबो संग्राम संघ को 7-0 से हराया।

# समाजसेवी केके सिंह की स्मृति में 112 यूनिट रक्तदान

## समाज के महान व्यक्तित्व थे केके बाबू : रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. के. के. सिंह के जन्मतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में सहयोगी बना के. के. एजुकेशनल फाउण्डेशन और उनके पुत्र विकास सिंह एंड टीम। रक्तदान शिविर में 112 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित किया। रक्तदान शिविर का सफल बनाने में जमशेदपुर ब्लड बैंक एवं रेड क्रॉस की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष विकास सिंह ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में भूमिका निभाने वाले सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, सक्रिय कार्यकर्ता चन्द्रमोहन सिंह, उपाध्यक्ष विकास सिंह ने स्व. के. के. सिंह की स्मृति में रेड क्रॉस भवन में रुद्राक्ष का पौधारोपण किया। रक्तदान शिविर में सम्मानित अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, श्रीकृष्ण सिंहा संस्थान के संस्थापक सचिव हरिवल्लभ सिंह आरसी, समाजसेवी ए. के. श्रीवास्तव, एहसिन फाउण्डेशन के अध्यक्ष आसिफ महमूद, के के एजुकेशनल फाउण्डेशन की ट्रस्टी उर्मिला सिंह, समाज विज्ञानी रबीन्द्र नाथ चौबे, अरका जैन युनिवर्सिटी के निदेशक अंगद तिवारी, ब्रह्मर्षि विकास मंच के राजकिशोर सिंह, पूरबी घोष, वरीय पत्रकार संजय मिश्र, उदित अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थें। अपने सम्बोधन में रघुवर दास ने कहा कि समाज ही देश की नींव है और इसके लिए किये जाने वाले कार्यों से ही सही मायने में देश आगे बढ़ सकता है, देश की सीमाओं पर जवान सुरक्षा के लिए खड़े हैं, लेकिन देश के अन्दर की समाज की सुरक्षा के लिए सामाजिक लोगों की आवश्यकता है और सही मायने में यही लोग देश को गढ़ने का कार्य करते हैं, ऐसे ही महान व्यक्तित्व स्व के के सिंह थें।



मुख्य अतिथि पूर्व सीएम रघुवर दास, सांसद विद्युतवरण महतो, विकास सिंह व उनका परिवार रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए।

### शहर से लेकर गांव तक याद किए जाते हैं स्व. केके सिंह : सांसद

सांसदमहतो ने कहा कि के.के सिंह शहर से लेकर गांवों तक याद किये जाते हैं, क्योंकि उन्होने हर जगह अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी, जहां अच्छे कार्यों में सहयोग के लिए लोग उनसे जुड़े चाहे बेटी की शादी हो या किसी बीमार के लिए दवा की आवश्यकता, मंदिर बनाना हो या सामुदायिक भवन के के बाबू ने सभी को सहयोग दिया आज उनके बाद उनके पुत्र भी अपने पिता के सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी हरिवल्लभ सिंह आरसी, ए के श्रीवास्तव, आसिफ महमूद, राजकिशोर सिंह, रबीन्द्र नाथ चौबे ने स्व. के. के. सिंह के किये गये सामाजिक कार्यों को याद किया तथा उनकी स्मृति में चलाये जा रहे रक्तदान एवं नेत्र ज्योति अभियान की सराहना की।

## भाजयुमो ने बमार्माइंस और एमजीएम में महा जनसंपर्क चलाया



**जमशेदपुर।** भाजयुमो जमशेदपुर महानगर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल जी आज जी की सरकार के 09 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के पूर्ण होने पर आज महा जनसंपर्क अभियान में प्रदेश से आए जमशेदपुर के प्रभारी सुजीत सोनी के संग दो मंडल बमार्माइंस रघुबर नगर व एमजीएम मंडल बेको ग्राम में तहत अपने कार्य कर्ताओं के संग घर-घर जाकर कई परिवारों, रेहड़ी पटरीवालों एवं दुकानदारों से सम्पर्क कर उन्हें बताया कि कैसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के 09 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री मोदी जी की सुविचारित योजनाएं हमारे देश के लोगों का समग्र विकास कर रही हैं । और आज भारत आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। महा जनसंपर्क अभियान में ज़िला महामंत्री अभिमन्यु सिंह चौहान,विकास सिंह ,बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष रविजेन्त सिंह,विकास सिंह ,अनिकेत सिंह,शशांक, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### नवोदय विद्यालय निर्माण कर रही कंपनी ओएसएस के जीएम पर दिनदहाड़े हमला



**हुसैनाबाद,पलामू।** जवाहर नवोदय विद्यालय का निर्माण कार्य कर रही ओ एस एस कंपनी के जेनरल मैनेजर शिवशंकर कुमार पर अपराधियो ने बुधवार 11 बजे दिन में दिनदहाड़े हमला कर घायल कर दिया। इस घटना को लेकर शिवशंकर कुमार ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात नकाबपोश अपराधियों के खिलाफ लिखित शिकायत कर सुरक्षा की गुहार लगाई है। लिखित शिकायत में कहा है कि प्रतिदिन की तरह थाना क्षेत्र के लंगरकोट पहाड़ी के समीप जवाहर नवोदय विद्यालय निर्माण कार्य स्थल पर अपने स्कॉर्पियो से जा रहा था। इसी क्रम में मुरली पहाड़ी के समीप बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियो ने मेरे वाहन के आगे आकर रोक दिया और हाथ में रखे लोहे के रॉड से मेरे वाहन को छतिग्रस्त कर दिया। चालक से चाभी छीनने लगा, जब हम वाहन से नीचे उतरा तो लोगों ने मुझ पर डंडे से प्रहार शुरू कर दिया और विद्यालय निर्माण कार्य को बंद करने की धमकी देते हुए कहा कि अगली बार तुम्हें गोली मार देंगे। बाइक पर सवार हो कर पथरा की ओर भाग गए। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि लिखित आवेदन मिला है, घटना की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन



मनातू पलामू। मनातू प्रखंड कार्यलय सभागार में बुधवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें खरीफ फसल से संबंधित जैसे मोटे अनाज, मक्का, धान, अरहर की खेती पर चर्चा की गई और किसानों को लाइन शोइंग से खेती करने की सलाह दी गई। साथ ही साथ केंद्र एवं राज्य प्रायोजित महत्वकांक्षी योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पी एम के एस वाई , के सी सी, पीएम कुसुम योजना एवं पीएम एफ एम ई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। योजना से इच्छुक उधमीयों को पंजीकरण हेतु सलाह दी गई। कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख गीता देवी, जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला, पदमा पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी, बंशीखुर्द पंचायत समिति सदस्य, रंगिया पंचायत समिति सदस्य, बीडीओ सचिदानंद महतो, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रकाश रंजन सिंह, किसान मित्र, किसान एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### रजवाडीह मध्य विद्यालय में 'बालसंसद' एवं 'ईको क्लब' गठित



**मेदिनीनगर।** स्कूल रूआर-2023 अभियान के तहत सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में 'बालसंसद' एवं 'ईको क्लब' का गठन किया गया। गठन प्रक्रिया में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सातवीं कक्षा की छात्रा कली कुमारी बालसंसद की अध्यक्ष जबकि आठवीं कक्षा की छात्रा वैष्णवी कुमारी को प्रधानमंत्री चुना गया। गठित मंत्रिमंडल में गणेश को पर्यावरण, अंशु को शिक्षा, मुन्ना को स्वच्छता, उज्वल को पोषण, पूजा को कौशल विकास, सुहानी को स्वास्थ्य, ललिता को खेलकूद व संस्कृति, विशाल को सुरक्षा एवं न्याय निकिता को उपस्थिति, सोनू को बाल कल्याण, पीयूष को संचार व सम्पर्क, मंत्रालय सौंपा गया। वहीं पीहू को शिक्षा उप मंत्री एवं प्राची को उपस्थिति उप मंत्री बनाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि बालसंसद के गठन से बच्चों में नेतृत्व कौशल का विकास होगा तथा उनमें जवाबदेहियों के प्रति समझ विकसित होगी। गठन प्रक्रिया पूर्ण कराने में शिक्षिका निशा, पूनम रानी व शिक्षक विजय कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुरस्कार शिक्षार्थियों के व्यक्तित्व का पोषण करेगा : अभिषेक



**सतबरवा।** राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के पीजीटी अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा समृद्ध विविधतापूर्ण सृजनात्मक गति आधारित नवाचार के उद्देश्य से सिर्फ शिक्षण कार्य और शिक्षण सामग्री हेतु प्रत्येक माह एक हजार रुपए नगद राशि की प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम में जून माह के मासिक जांच परीक्षा में वर्ग 12 के तीन टॉपर विद्यार्थी अभिषेक मेहता, किरण कुमारी तथा मनदीप चौधरी सम्मिलित हुए। जिसमें अभिषेक मेहता ने सर्वाधिक प्रश्नों का जवाब देकर कौन बनेगा हजार पति कार्यक्रम के अंतर्गत एक हजार रुपए नगद पुरस्कार प्राप्त किया। तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक माह चलता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रफुल्लित लकड़ा, सत्य प्रकाश शर्मा, रामरक्षा प्रसाद, सुशील टोपों, मनीष दीपांकर, मुकेश तिवारी, नरेंद्र राम दिलीप प्रसाद, रवि रंजन, समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### पलामू पुलिस ने जिले वासियों से किया शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील

**मेदिनीनगर।** बकरीद पर्व को आपसी भाईचारे एवं शांति से मनाने को लेकर पलामू पुलिस ने जिले वासियों से एक अपील जारी किया है। इस अपील पत्र में यह कहा गया है कि बकरीद पर्व में यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा भ्रामक या आपत्तिजनक फोटो या खबर व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम या कहीं भी किसी के मोबाइल पर शेयर किया जाता है तो उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई करने के लिए पुलिस बाध्य होगी। पुलिस ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि यदि आपके मोबाइल पर किसी प्रकार का भ्रामक खबर या भड़काऊ विचार या फोटो कही से किसी के माध्यम से यदि प्राप्त होता है। तो उसे आप दूसरे के पास शेयर ना करते हुए पुलिस के व्हाट्सएप नंबर 9110 0493 88या 99 344 65 613 या 100 नंबर या संबंधित थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर या पुलिस प्रशासन के मोबाइल नंबर पर शेयर कर सकते हैं। पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन को भी सचेत करते हुए कहा है कि यदि उस ग्रुप में कहीं से किसी प्रकार की भ्रामक खबरें या भड़काऊ विचार या फोटो प्राप्त होता है तो ग्रुप एडमिन के ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### फोरलेन रोड वर्किंग साइट पर सीसीटीवी से निगरानी हो रही है

**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार में शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी पर हुए हमला की घटना को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा गश्त बढ़ा दी है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि शिवालया कंपनी के चल रहे सभी वर्किंग साइट पर विजीवल और हिडेन सीसीटीवी कैमरा को लगा दिया गया है। जिसका कंट्रोल अनुमंडल के सभी थानों एवं अनुमंडल कार्यालय में रखा गया है। जिसकी निगरानी चौबीसो घंटे पुलिस द्वारा की जाएगी।

### सतबरवा : रेवारातु पंचायत के चपरना में मनरेगा चौपाल का आयोजन



**सतबरवा।** प्रखंड मनरेगा सहायता केंद्र के टीम लीडर मनोज कुमार तथा मुखिया पति संजय कुमार के सहयोग से सतबरवा के रेवारातू पंचायत के चपरना गांव में बुधवार को मनरेगा चौपाल का आयोजन किया गया। मौके पर पलामू के लोकपाल शंकर कुमार ने कहा कि मनरेगा मजदूरों के हित में काफी लाभदायक है जिसके तहत सरकार ने मजदूरों को 1 वर्ष में 100 दिन तक के रोजगार उपलब्ध कराने का अधिकार दिया गया है। मनरेगा में कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर रजिस्टर्ड मजदूरों को बीमा की भी व्यवस्था की गई है। अब मनरेगा मजदूरों को मजदूरी के रूप में 255 दी जाती है। लोकपाल कुमार ने कहा कि मनरेगा के तहत कार्य करने वाले मजदूरों के डिमांड पर ही योजना शुरू की जाती है इसलिए डिमांड करने वाले मजदूरों को 2 दिनों के अंदर टीसीबी तथा मेड़बंदी का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# सभी सेकुलर एक मंच पर आकर देश को फिर लूटने की कर रहे तैयारी : आदित्य साहू

## अबकी बार डेढ़ लाख पार होगा चतरा पलामू लोकसभा सीट- विधायक डॉ शशि भूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पाकी विधानसभा क्षेत्र के लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन बाबा मैरिज हॉल में किया गया। इस सम्मेलन में लाभार्थियों से बात करते हुए राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि देश आजादी के बाद पहली बार गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना है। जो देश के तमाम गरीबों की चिंता करते हुए गरीबों के कल्याण हेतु कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर सीधा लाभ लाभार्थियों को देने का काम किया है। ऐसे प्रधानमंत्री को पुणः वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री हम सभी को मिलकर बनाना है। इसे लेकर हम सभी संकल्प लें और अपने अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा नव वर्ष के दौरान किए गए कार्यों की चर्चा करनी है। साथ ही साथ वर्ष 2014 के पूर्व केंद्र में सत्तासीन पार्टियों की जो कालगुजारी को जनता के समक्ष रखने का काम कार्यकर्ता घर घर जाकर करें। तभी जाकर इन सेकुलर पार्टियों की चेहरा जनता के समक्ष बेनकाब होगा। उन्होंने कहा कि आज देश के तमाम सेकुलर चोर देश को पुणः लूटने के लिए एक मंच पर आकर प्रयास कर रहे हैं। इनकी बातों में या लोकलुभावन भाषण से जनता अपने आपको परहेज करें। श्री साहू ने कहा कि पूर्व में भी कई बार महागठबंधन की सरकार केंद्र में बनी थी। जिसे देश की जनता ने देखा है। कि इनके कार्यकाल में देश का क्या हश्र हुआ था। और देश की जनता किस प्रकार त्राहिमाम कर रही थी। इतना ही नहीं विगत 9 वर्ष के कार्यकाल में भारत का मान सम्मान पूरे विश्व में बड़ा है। उन्होंने लाभार्थियों को आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में विभिन्न प्रकार के नेता एवं पार्टी के लोग आपके बीच आएंगे। और कई प्रकार के झूठ और सच आपसे बोलेंगे लेकिन उनकी बातों में नहीं आना है। जो प्रधानमंत्री ने बेघरों को घर देने का काम किया है। महिला सम्मान, मजदूरों का सम्मान , किसानों को सम्मान, शिक्षा स्वास्थ्य में बेहतर सुविधा देने का काम किया है। इसे ध्यान में रखते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में अपना मतदान करें। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि देश आजादी के बाद मैं भी विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं को देखा है। और उनके कार्यकाल के दौरान कई प्रकार के उतार-चढ़ाव को देश ने भी देखा है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने तो देश की जनता ही नहीं बल्कि पूरा विश्व यह देख कर आश्चर्यचकित हो गया। कि भारत में कौन सा ऐसा जादुई कार्य हो रहा है कि भारत में दिन प्रतिदिन आमूलचूल परिवर्तन होता दिखाई दे रहा है। इससे विश्व के कई देश चिंता में डूब चुकी है। मेहता ने नारा देते हुए कहा कि अबकी बार डेढ़ लाख पार होगा पलामू चतरा लोकसभा सीट। उन्होंने कहा कि आज देश में तमाम विपक्षी पार्टिया एकजुट होकर देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इस विकट परिस्थिति में हम सभी को यह शपथ लेना होगा कि किसी भी विकट परिस्थिति का सामना हम सभी मतदाता करते हुए वर्ष 2024 में पुणः मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है। सम्मेलन को किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, अमित तिवारी, महा जनसंपर्क अभियान के प्रभारी अविनाश वर्मा, जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक व अन्य ने संबोधित किया। इस मौके पर धर्मेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अरविंद गुप्ता, नवेन्दु मिश्रा, शंकर प्रसाद गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष सिंटू गुप्ता, नीलम देवी, मंडल अध्यक्ष शत्रुघन सिंह, जितेंद्र तिवारी, लोरिक सिंह, साधू मांझी, विजय ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र तिवारी, पप्पू मिश्रा, सुनील गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, सुधीर तिवारी, चंदन सोनी, बच्चन ठाकुर, रंजय ठाकुर, ललित मेहता, अजय प्रसाद गुप्ता समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पलामू में एक दिवसीय कौशल मेला सह सम्मान समारोह का आयोजन

# निबंधन करायें और प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पायें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** दिन दयाल उपाध्याय टाउन हॉल में बुधवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में एकदिवसीय कौशल मेला-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मेला में उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी एवं जिला नियोजन पदाधिकारी पलामू सम्मलित हुए। इस दौरान उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि जिले में 18 से 35 आयु वर्ग के युवक-युवतियों का हुनरमंद बनाने हेतु स्किल डवलपमेंट सेंटर संचालित है। कौशल विकास के अंतगर्त जिले के युवक युवतियों को उनकी रुची के ट्रेड में आत्म निभर्र बनाने हेतू जिला अंतर्गत वतर्मान समय में 10 कौशल विकास केंद्र संचालित है। वतर्मान समय में कौशल प्रशिक्षण बहुत ही आवश्यक है, विभिन्न ट्रेडो में प्रशिक्षण करने पर बहुत सारे इंडस्ट्रीज संस्थानों में रोजगार पाने में प्राथमिकता मिलती है। इन 10 संचालित कौशल सेंटरों में सिलाई मशीन ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशयन, नर्सिंग पलम्बर, ओटो मोबाईल, आदि का प्रशिक्षण बिल्कुल मुफ्त एवं आवासीय सुविधा दी जा रही है। उन्होने कहा कि अधिक से अधिक युवक/युवती झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तहत संचालित कौशल सेंटरों में प्रशिक्षण हेतू निबंधन करायें और प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पाएं। जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिभा कुमारी ने कहा की अधिक से अधिक पलामू जिले के युवक-युवतियां कौशल विकास से जुडे एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बने। श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी एतवारी महतो द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण लेने वालों में से 4086 लोगों को विभिन्न नियोक्ता कम्पनियों में प्लेसमेंट भी सुनिश्चित हुआ हैं।

## काश! पूर्व महापौर अरुणा शंकर अपने कार्यकाल में पार्किंग को लेकर तत्परता दिखातीं : अभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विष्णु मंदिर रोड पर हो रहे जाम से परेशान स्थानीय व्यवसायियों ने और मंदिर कमिटी ने निगम से मांग किया है कि जल्द इस पर ठोस कदम उठाया जाये। युवा समाजसेवी और झामुमो नेता अभिषेक सिंह ने भी नगर आयुक्त से इस समस्या का समाधान करने की अपील की है। साथ ही साथ पूर्व की निगम की सरकार को भी पार्किंग के मुद्दे पर घेराबंदी की है।

सिंह ने कहा कि काश ! पूर्व मेयर अरुणा शंकर अपने कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार पर केंद्रीत नीति की बजाय आम लोगों को सहूलियत प्रदान करते हुए नये पार्किंग के निर्माण पर करतीं। लेकिन मेदिनीनगर का दुर्भाग्य है कि प्रथम महापौर होने का सौभाग्य प्राप्त करने वालों ने हमारे शहर को भ्रष्टाचार का स्मारक बना दिया। सिंह ने कहा की पूर्व मेयर को जवाब देना चाहिए कि आखिर शहर में नए पार्किंग का निर्माण क्यों नहीं करवाया गया? चेंबर अध्यक्ष को भी जवाब देना चाहिए की व्यवसायियों की समस्या आपको आज ही क्यों याद आयी? उन्होंने कहा की हिंदू और हिंदुत्व की बात करने वाले भाजपाइयों से भी सवाल होना चाहिए, क्या विष्णु मंदिर हिंदुओं के आस्था का विषय नहीं है? आखिर भाजपा की पूर्व महापौर, भाजपा के सांसद और विधायक और कार्यसमिति के सदस्य आनंद शंकर ने इस मुद्दे पर पहले पहल क्यों नहीं किया? मैं चाहता हूं कि शहर के सभी धार्मिक स्थलों के आस-पास से अतिक्रमण को हटाया जाये और श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की जाए।

सिंह ने कहा की इन भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ लूटने का काम किया है, काम शून्य लेकिन प्रचार शत प्रतिशत। हिंदुओं को मूर्ख बनाने का ठेका इन्हीं लोगों ने ले रखा है।

## कार्यशाला में खरीफ फसल के बारे में किसानों को दी गयी जानकारी



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में किसानों को खरीफ फसल के बारे में जानकारी दी गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रंभा देवी व संचालन बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने किया। बैठक में कई किसान शामिल हुये। किसानों को लाइन शोइंग से मडुआ, बाजरा, मक्का, धान, अरहर सहित खरीफ फसल की खेती करने की विधि के बारे के जानकारी दी गयी। इसके अलावा केंद्र व राज्य द्वारा प्रायोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना, झारखंड ऋण माफी योजना, पीएमकेएसवाई, केसीसी, कुसुम योजना सहित कई महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे भी विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, उप प्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह, मुखिया मंजू देवी, किरण देवी, सांख्यकी पदाधिकारी बैजनाथ राम, एटीएम शशि रंजन, एएसआई राजकुमार चौधरी, पंकज पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## चैनपुर : शांति समिति की बैठक में शांति, प्रेम और भाईचारगी से बकरीद मनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** किसी भी अफवाह में पडने की जरूरत नहीं है। अगर कोई भी शरारती तत्व सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करते हैं तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का पूरा नजर सोशल मीडिया पर रहेगा। यह बातें बुधवार को चैनपुर थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक के दौरान थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने कहीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन शरारती तत्वों पर नजर रखेगी। सीओ संजय कुमार बाखला के अध्यक्षता में हुई बैठक में चैनपुर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होकर गांव मोहल्ला में होने वाली समस्या के बारे में विचार विमर्श किया। बीडीओ गिरवर मींज ने भी लोगों को शांति एवं सौहार्द वातावरण में पर्व मनाने की बात कही। मौके पर जिप सदस्य फैजायल अहमद, प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, उपप्रमुख सुनील सिंह, सलामुद्दीन खान, लुकमान अंसारी, रूस्तम कबाड़ी, दिनेश कमलापुरी, निरंजन कमलापुरी, व्यास चौरसिया, रुपेश कुमार, फारूक अहमद, मुन्ना पाल, अजमल खान भुट्टो, नेजाम सिद्दिकी आदि मौजूद थे।

### मनातू थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**मनातू पलामू।** मनातू थाना परिसर में बकरीद पर को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर दिशा निर्देश दिया गया हैं। जिसका सभी को पालन करना है। अगर कोई भ्रामक खबर व अफवाह फैलाने का काम करेगा अथवा सोशल मीडिया के माध्यम अप्तिजनक पोस्ट को भेजने का काम करेगा उसके साथ सख्ती से कार्यवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा की माहौल बिगाड़ने वालों को किसी कीमत पर छोड़ा नही जाएगा। बैठक में पुलिस अधिकारियों समेत दोनो समुदाय के कई लोग उपस्थित थे।

### उंटारी रोड : पूर्व मुखिया के घर से बाईक की चोरी

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरमा खुर्द पंचायत के मलवारिया गांव निवासी पूर्व मुखिया राजमणि सिंह के घर से सोमवार की रात दरवाजे पर खड़ी पैसन प्रो बाइक की चोरी हो गाय। पूर्व मुखिया राजमणि सिंह ने बताया कि बड़ा बेटा विवेक सिंह ब्लैक रंग की हीरो होंडा कंपनी की बाइक जिसका न0 जेएच03जे6305 है रात दस बजे उंटारी बाजार से जाकर खड़ा कर अंदर सो गया। सुबह पांच बजे देखा कि दरवाजे पर खड़ी बाइक नही है। इसकी तत्काल सूचना उंटारी पुलिस को दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की सूचना मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पंचायत समिति सदस्यों की हुई मासिक समीक्षा बैठक



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रम्भा देवी व संचालन बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने किया। बैठक में प्रखंड व पंचायत से संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा अन्य कई विभागों के योजनाओं की भी समीक्षा हुई। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह, पंसस रीना चौबे, मुखिया मंजु देवी, किरण देवी,संख्याकी पदाधिकारी बैजनाथ राम, पंकज पांडेय, राजकुमार चौधरी सहित कई विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### बीडीसी की बैठक में बिकास योजनाओं की हुई समीक्षा



**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी रतन कुमार ने किया। इस बैठक में पंचायत समिति सदस्य के अलावा कई विभाग के कर्मी व पदाधिकारी मौजूद थे। इसमें प्रखंड में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही अन्य विकास की बिदुओं पर चर्चा की। बैठक में अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण का निर्णय लिया गया। प्रखंड प्रमुख राजकुमार देवी ने बताया कि बीडीसी की आयोजित बैठक में पंचायत स्तर पर हो रहे संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। मौके पर बिधायक प्रतिनिधि धर्मराज सिंह, बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, डॉ पीएन सिंह, उप प्रमुख इंदु देवी, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता,रंजीत पासवान,मुखिया अमरेंद्र ठाकुर,पंसस बद्री नारायण सिंह,राजहंस यादव,अजित कुमार सिंह,जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार, मनरेगा जेई समेत कई लोग मौजूद थे।

## पर्यावरणविद व जिला पार्षद ने प्रमंडलीय आयुक्त से की औपचारिक मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



आयुक्त को पौधा देते कौशल व अमित।

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनके छोटे पुत्र जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार जायसवाल से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद कौशल ने आयुक्त को सिंगापुर का फिडल लिफ्ट बेडरूम का प्रदूषण मुक्त प्लांट का पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया। कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाए जा रहे अभियान और अभी सिंगापुर और मलेशिया में पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारियां दी। कौशल किशोर ने बताया कि इस औपचारिक मुलाकात के दौरान आयुक्त ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए उक्त पार्क, जैविक उद्यान और पर्यावरण मन्दिर का अवलोकन करने की इच्छा जताई है।

## प्रेरणादाई है प्रधानमंत्री जी का संवाद कार्यक्रम 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' : सांसद बीडीराम




**पाटन पलामू।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का संवाद कार्यक्रम पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत किशुनपुर मंडल के ग्राम पंचायत भवन किशुनपुर बूथ संख्या 234, 235 एवं 236 पर आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महा जनसंपर्क अभियान के झारखण्ड प्रभारी, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य राम शंकर सिंदे के साथ पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दयाल राम शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मालयार्पण कर किया गया। संवाद कार्यक्रम उपरांत सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बीडीराम ने कहा की माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा संवाद का कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणादायक था। इस अवसर पर महा जनसंपर्क अभियान के संयोजक विभाकर नारायण पाण्डेय, जवाहर पासवान, इश्वरी पाण्डेय, जिला सोशल मिडिया प्रभारी सोमेश सिंह, किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार पांडेय, सांसद प्रतिनिधि एवं मुखिया सुमन गुप्ता, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, नीलमा झा सहित बूथ अध्यक्ष के साथ-साथ लगभग 400 से अधिक ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## सतबरवा थाना परिसर में बकरीद को ले हुई शांति समिति की बैठक

# शांतिपूर्ण माहौल में खुशी खुशी मनायें त्योहार : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** बकरीद त्यौहार को लेकर बुधवार को सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई । जिसमें दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने किया। संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने किया। मौके पर बीडीओ राज किशोर प्रसाद ने कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी बकरीद का त्यौहार को मनाने में दोनों समुदाय के लोग सहयोग करें तथा त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में खुशी खुशी मनाएं। सतबरवा के लोगों ने जो आपसी भाईचारा का मिशाल दिया है वह बना रहे। सीओ प्रशांत कुमार शाह ने कहा अफवाह पर ध्यान ना दें। किसी प्रकार की विवाद हो तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दे ताकि समय रहते उस पर काबू पाया जा सके। वही थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कहा बकरीद का त्यौहार दोनों समुदाय के लोग आपस में मिल जुलकर मनाएं। यहां के लोगों की परंपरा रही है कि दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे के त्योहार मे सहयोग करते आए हैं। इस परंपरा को बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने ग्रुप एडमिन से आग्रह करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान ग्रुप केवल एडमिन कर के रखे ताकि मैसेज आपके द्वारा ही डाला जा सके। सोनी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। आपत्तिजनक वायरल करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुखिया गिरवर राम, आनंद कुमार,भरदुल सिंह, आनंद सिंह, समाजिक कार्यकर्ता आशिष सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, प्रदीप सिंह,पंसस धीरज कुमार,मो शमीम अंसारी,मो रवानी, कमलेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, शंभू उरांव,रवि प्रसाद,हदीश अंसारी, पंसस मो जुबेर, जुल्फीकार अहमद, हाफिज जुबेर, सिकंदर भुइयां समेत कई लोग उपस्थित थे।

## छतरपुर : विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार ने किया महा जनसम्पर्क

खबर मन्त्र संवाददाता




**छतरपुर पलामू।** छतरपुर और नौडीहा बाजार मे छतरपुर-पाटन की विधायक पुष्पा देवी और भाजपा नेता सह पूर्व सांसद मनोज कुमार ने मोदी सरकार के नौ वर्ष बित जाने पर मोदी सरकार के नीतियों और योजनाओं से जनता को अवगत करवाया। भाजपा के सभी सदस्यों ने महा जन सम्पर्क अभियान को सफल बनाने में बढ़ चढ़कर भाग लिया। विधायक पुष्पा देवी ने सभी देवतुल्य जनता को मोदी सरकार के द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों से अवगत करवाया।

पूर्व सांसद मनोज कुमार ने सभी प्रतिष्ठित ब्यवसाइयों से मिलकर मोदी सरकार के कार्यों की जानकारी दी और चलाए जा रहे अभियान से जुड़ने के लिए आग्रह किया। जन सम्पर्क मे नौडीहा बाजार मंडल के अध्यक्ष बाबूलाल पाठक, रौशन कुमार सिंह, गौतम कुमार, संतोष पाठक, लालबिहारी यादव, विधायक प्रतिनिधी मनोज कुमार, मंटू कुमार, छतरपुर के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अजीत प्रजापति, महामंत्री अनमोल मिश्रा, भाजपा के उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधी संतोष कुमार गुप्ता, पंकज कुमार, राजन कुमार, जगदीश यादव, अनिल कुमार सिंह, कुंदन जायसवाल, नसरुल्लाह अंसारी, लालमोहन गुप्ता, चंदन यादव, भरत साव, सम्भू यादव समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## बंद घर की खिड़की काट लाखों की चोरी

**कतरास।** तेतुलमारी स्टेशन रोड निवासी पंचू सिंह के घर मे रहने वाले सीआईएसएफ दंपति के बंद घर का खिड़की के ग्रील काटकर चोरो ने लाखो के आभुषण सहित नगदी चोरी कर ली। बताया जा रहा की पति पत्नी दोनों सीआईएसएफ अरुण उरांव व उनकी पत्नी डी तिर्की अपने पैतृक गांव लातेहार (रांची) गये हुये थे,तभी उक्त घटना घटी। पंचू सिंह ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी है। पुलिस ने घटना का जायजा लिया। घटना के एम संबंध में पंचू सिंह ने कहा कि मंगलवार को कुछ लोगों क्षेत्रीय कार्यालय में बर्बाद कर देने की धमकी दी और रात में घटना घटी है।

## मुखिया ने विद्यार्थियों को दिया ट्रांसफर सर्टिफिकेट

**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड अंतर्गत शिवलीबाड़ी दक्षिण पंचायत के प्राथमिक विद्यालय गाड़ी खाना में कक्षा 5 से पास हुए 25 छात्र छात्राओं को ट्रांसफर सर्टिफिकेट मुखिया चंचल देवी के द्वारा आज बुधवार को दिया गया। ट्रांसफर सर्टिफिकेट पाकर बच्चे बहुत उत्साहित दिखे। वही शिवलीबाड़ी दक्षिण पंचायत की मुखिया चंचल देवी ने कहा कि विद्यार्थी विद्यालय की अमूल्य संपत्ति होती है उनके बिना विद्यालय और शिक्षकों का कोई अस्तित्व नहीं है और उन्होंने यह भी कहा कि मुझे आप सभी पर गर्व है आप सभी ने सदैव अपने कठोर परिश्रम पर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया और मुझे उम्मीद है कि आगे भी आप लोग इसी तरह से आगे बढ़ेगें। आप सभी छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं।

## धरनार्थियों की मांगों पर 30 को होगी वार्ता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के इस्पात भवन मुख्य द्वार के समीप सुशील कुमार चौबे के नेतृत्व में राष्ट्रीय मजदूर संघ इंटक के मजदूरों का धरना कई दिनों से जारी है। इस संदर्भ में बोकारो इस्पात प्रबंधन ने बताया है कि जिला खनन पदाधिकारी खान एवं भूतत्व के आदेश से भवनाथपुर अयस्क खदान दिनांक 16.02.2020 से बंद है। इसके बाद खदान में कार्यरत मजदूरों को उचित मुआवजे के भुगतान के लिए दिनांक 28 जनवरी 2022 को क्षेत्रीय श्रमायुक्त पटना के समक्ष मजदूर संगठन के साथ त्रिपक्षीय समझौता हुआ। इस विषय पर 30.06.2023 को सहायक श्रमायुक्त पटना के यहां पुनः वार्ता निर्धारित है। संघ के नेता और अन्य के साथ 24 जून 2023 को बोकारो इस्पात प्रबंधन से वार्ता में इन सभी बिंदुओं की जानकारी दी गयी।

## विधायक अपर्णा सेन गुप्ता को ज्ञापन सौंपा

**धनबाद।** बुधवार को आजसू के विश्वविद्यालय अध्यक्ष विशाल महतो के नेतृत्व में बीबीएमकेयू कुलपति के मनमानी तरीके से छात्र विरोधी कार्य किये जाने से प्रभावित छात्रो की और 7 सूत्री मांगों को लेकर निरसा विधानसभा क्षेत्र में विधायक अपर्णा सेन गुप्ता को विश्वविद्यालय की वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। इसमें छात्रो से वोकेशनल कोर्स के नाम पर वसूली कर घोटाले करना, अंगीभूत महाविद्यालयो से पीजी की पढ़ाई बन्द करना, जूलॉजी एवं बॉटनी विभाग का विलय करना, विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के शुल्कों में वृद्धि करना, क्षेत्रीय भाषा की स्नातकोत्तर की पढ़ाई चालू करने के बजाय उड़िया भाषा की शिक्षक बहाल करना आदि शामिल हैं।

## चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, जेल

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत सुभाष नगर तारबगान निवासी चंदन साव सहित उनके पड़ोसी के घर मे बगानधौडा निवासी नुनु उर्फ राजेश राय द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। वहीं नुनु को पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चोरी के बात को नुनु ने स्वीकार किया है व वह पेशेवर चोर है कई बार चोरी कांड में जेल भी जा चुका है। शिकायत में चंदन साव ने कहा है कि नुनु रात्री में घर में घुसकर बीपीएल कंपनी का एलसीडी टीवी व एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल लेकर भाग गया।

# धनबाद स्टेशन पर घायल मासूम मिला

### सीडब्ल्यूसी की देख रेख में चल रहा इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** छोटे बच्चे को देख हर किसी के दिल में दया, करुणा और ममता उमड़ पड़ती है। लेकिन किसी दरिंदे ने एक बच्चे की जो दुर्दशा की है, उससे हर कोई हतप्रभ और परेशान है। तीन साल का एक बच्चा गंभीर अवस्था में धनबाद स्टेशन के टिकट काउंटर के पास पड़ा मिला। बच्चे के दोनों पैर और एक हाथ मार कर तोड़ दिए गए हैं। यही नहीं उसके गले पर भी चोट के निशान है। बच्चे के गले के निशान देखकर ऐसा प्रतीत होता है, जैसे उसकी गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की गई हो। जख्मी अवस्था में उस बच्चे को एसएनएमएमसीएच में भर्ती करवाया गया है। विक्रम ठाकुर नाम के एक युवक की नजर बच्चे पर पड़ी, जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। रेलवे चाइल्ड लाइन मंथन की टीम भी अस्पताल पहुंच चुकी है और बच्चे की देखभाल कर रही है।

### कुछ भी बोल पाने में असमर्थ है बच्चा



विक्रम ठाकुर ने बताया कि धनबाद स्टेशन के टिकट काउंटर के पास एक पेड़ के नीचे जख्मी अवस्था में एक बच्चा पड़ा हुआ था। सुबह अखबार बेचने वालों की नजर उस बच्चे पर पड़ी। जिसके बाद अखबार विक्रेता ने उसे धनबाद स्टेशन के टिकट काउंटर के पास लाकर छोड़ दिया। इसके बाद विक्रम की नजर उस बच्चे पर पड़ी। विक्रम ने मामले की जानकारी रेलवे चाइल्ड लाइन मंथन को दी। रेलवे चाइल्ड लाइन के द्वारा बच्चे को रेलवे अस्पताल ले जाया गया और मामले की सूचना जीआरपी पुलिस को दी गई। रेलवे अस्पताल से बच्चे को बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया है, जहां बच्चे का इलाज चल रहा है बच्चा कुछ भी बोल पाने में असमर्थ है। बच्चे की स्थिति काफी गंभीर बताई जा रही है।

### सीडब्ल्यूसी को दी गई जानकारी

विक्रम ठाकुर और रेलवे चाइल्ड लाइन मंथन की महिला वॉलिंटियर ने बताया कि बच्चे के दोनों पैर और एक हाथ टूटे हुए हैं। गले में भी दाग है। गले के निशान देखकर ऐसा प्रतीत होता है, जैसे गला दबाकर उसकी हत्या करने की कोशिश की गई है। फिलहाल, बच्चा कुछ भी बोल पाने में असमर्थ है।

एक नजर में

## बीएसएल में भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा



बोकारो। बोकारो इस्पात नगरी में भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा वापसी उसी उत्साह से संपन्न हुई, जिस उत्साह से रथ यात्रा निकाली गयी। विधिवत पूजा.अर्चना के साथ देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाकर रथ पर आसीन किया गया। रथ की सफाई का कार्य छेरा.पन्हारा बीएसएल के ईडी पी एंड ए राजन प्रसाद ने बोकारो महिला समिति की सदस्योंए अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया। नगर वासियों के सम्मिलित प्रयास से रथ यात्रा जनवृत-1 स्थित राम मंदिर परिसर से आरम्भ होकर पत्थरकट्टा चौक, गांधी चौक, सिटी सेंटर तथा बोकारो जनरल अस्पताल होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची।

# आत्मदाह करने गये धनबाद के आंदोलनकारी को दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर से किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** कुसुंडा साइडिंग रेलवे छठ तालाब के अस्तित्व को बचाने को लेकर दिनेश धारी ने बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय के समक्ष आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। उन्हें दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर गिरफ्तार कर लिया है। दिनेश धनबाद के छोटा खरिकाबाद 10 नंबर के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि कुसुंडा रेल तालाब के अस्तित्व बचाने को लेकर 2022 से वो आंदोलनरत है। दिनेश धारी ने चार नंवबर 2022 को नई दिल्ली जंतर-मंतर पर एकदिवसीय धरना दिया था। उसके बाद 20 मार्च 2023 को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर आमरण अनशन किया था। इसके बाद अधिकारियों और दिल्ली पुलिस की ओर से तालाब को बचाने के लिए कार्रवाई का मौखिक आश्वासन दिया गया था। उन्होंने कहा कि कुसुंडा रेल तालाब के अस्तित्व बचाने को लेकर पिछले चार नवंबर 22 को नई दिल्ली जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना दिया था। उसके बाद इस वर्ष 20 मार्च को नई दिल्ली जंतर मंतर पर आमरण अनशन भी किया था। जिसपर अधिकारियों और दिल्ली पुलिस की ओर से तालाब को बचाने के लिए कार्रवाई का मौखिक आश्वासन दिया गया था। उन्होंने कहा कि तालाब को बचाने के लिए अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। दिनेश धारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कुसुंडा रेल तालाब ब्रिटिश जमाने से पच्चास हजार की घनी आबादी के बीच है। तालाब से बीस हजार लोगों को फायदा मिलता है। कहा कि रेल और बीसीसीएल के कुछ भ्रष्ट अधिकारी तालाब के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुले हुए हैं। ग्रामीणों की मदद से वो तालाब के अस्तित्व को बचाने के लिये आंदोलनरत हैं।

### तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए कर रहे आंदोलन

उन्होंने प्रधानमंत्री सहित रेल और बीसीसीएल अधिकारियों से कुसुंडा रेलवे छठ तालाब की सफाई के साथ सौदर्यीकरण की मांग की है। इसके अलावा कुसुंडा रेलवे साइडिंग छठ तालाब के अस्तित्व को बचाने के लिए प्रधानमंत्री से मुलाकात की मांग की है। तीसरी मांग कुसुंडा रेलवे तालाब का गैरकानूनी ढंग से पानी के उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है।

## चिरकुंडा में शांतिपूर्वक बकरीद मनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना में आगामी पर्व बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चिरकुंडा इंस्पेक्टर सुनिल सिह ने की व मौके पर मुख्य रूप से एग्यारकुंड बीडीओ बिनोद कर्मकार,निवर्तमान अध्यक्ष डबलू बाउरी,जयप्रकाश सिह मौजूद थे। मंच संचालन मानिक लाल गोराई ने की। बैठक मे पानी बिजली व सफाई मुख्य बिन्दु रहा वहीं नगर परिषद द्वारा ब्लीचिंग का छिड़काव व शहर के खराब स्ट्रीट लाईट को चुस्त दुरूस्त करने की बात सामने आई वही शराब पर पाबंदी लगाने की भी बात सामने आई।कहा गया कि पुलिस गस्ती पर्व को लेकर बढाई जाए व अफवाहो पर ध्यान न देकर सत्यता को लेकर बात होनी चाहिए। एग्यारकुंड बीडीओ बिनोद कर्मकार ने कहा कि पानी सुबह 5:30मे सुबह चालू किया जाएगा, साफ सफाई को लेकर सफाई कर्मियो को सक्रिय कर दिया गया था बिजली विभाग के अधिकारियो से संपर्क कर विद्युत आपुर्ति निर्बाध रखा जाए प्रतिबंधित जानवर की कुबार्नी पर रोक रहे वही प्रसाद वितरण को लेकर सावधानियो को ध्यान रखे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना।

निविदा संख्या.:- SD/LATEHAR/9/2023-24

1. विज्ञापन दाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :- 11.07.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 12.07.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :- जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :- 12.07.2023 को 3:30 बजे अपराह्न, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत अधीनस्थ ग्रामीण विकास विभाग(ग्रामीण कार्य विभाग) एवं पथ निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी में संबंधित संवेदक को ही प्रिरिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा।
9. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
10. ससमय कार्य पूर्ण करने एवं आवंटित कार्य के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने व गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से ऐसे संवेदक जिनके पास डी०एम०एफ०टी० अन्तर्गत ली गयी योजना लातेहार जिलान्तर्गत लम्बित है, वैसे संवेदक को BOQ नहीं दी जायेगी।
11. कार्यकारी एजेंसी निविदा का शर्तों में यह सुनिश्चित कर लें कि संवेदक को 05 वर्ष की अवधि तक उक्त योजना की मरम्मति एवं रख-रखाव की जिम्मेदारी लें। इस आशय का दस्तावेज संवेदकों से सहमति पत्र के माध्यम से लें, इसके लिए 10% की प्रतिभूति राशि सुरक्षित रखी जायेगी। 05 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के पश्चात् राशि का भुगतान किया जायेगा। साथ-ही-साथ उपायुक्त, लातेहार ज्ञापांक-226 दिनांक-19.06.2023 एवं ज्ञापांक-127 दिनांक-19.06.2023 के अन्य शर्तें भी संवेदक को मान्य होगा।
12. कार्य का विस्तृत विवरण :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि(रूपये में) अंक में | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि | योजना मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु पंचायत बारियातु के उ० म० विद्यालय, नचना में चाहरदिवारी निर्माण। | 605226 | 1250 | 12500 | 3 माह | DMFT |
| 2 | लातेहार अन्तर्गत सदर के सी०आर०पी०एफ० 214 बटालियन डालडा फैक्ट्री में सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 2327900 | 5000 | 47000 | 4 माह | SCA |
| 3 | लातेहार अन्तर्गत सदर के सी०आर०पी०एफ० 214 बटालियन डालडा फैक्ट्री कॉन्फ्रेन्स हॉल के पास शौचालय निर्माण। | 524000 | 1250 | 10500 | 3 माह | SCA |

नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या https://latehar.nic.in या www.jharkhandtender.gov.in पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.301035 Rural Development(23-24):D


## नियम तोड़ने पर पांच लाख तक लग सकता है जुर्माना : उपायुक्त

### अस्पताल, नर्सिंग होम को लेकर समीक्षा



**बोकारो।** बोकारो जिला में संचालित विभिन्न निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, जांच घर, डेंटल क्लीनिक के निबंधन, निरीक्षण एवं मूल्यांकन हेतु उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। मौके पर एसपी चंदन कुमार झाए एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए एसडीओ बेरमो अनंत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में एक्ट के अनुरूप औपचारिकताएं पूरी नहीं करने वालों पर विभागीय कार्रवाई होगी। एक्ट 2010 के तहत सभी को निबंधन व नवीनीकरण कराना आवश्यक है। साथ ही बायोमेडिकल वेस्टए प्रदूषणए अग्निशमन आदि विभागों का सभी प्रमाणपत्र अनिवार्य तौर पर होने चाहिए। नियमों की अनदेखी करने वालों पर पचास हजार से पांच लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। समीक्षा बैठक में डीसी ने कहा कि जिले में अब नर्सिंग होम और निजी अस्पताल को सेवा का प्रकारए चिकित्सकए नर्स और अन्य कर्मियों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करना होगा।

## सिंदरी में धनबाद नगर निगम ने लगाया भाड़ा वसूली कैंप



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** धनबाद नगर निगम और सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से भाड़ा वसूली कैंप एनएससी मार्केट शहरपुरा बाजार में बुधवार को आयोजित किया गया। इसमें निगम कर्मचारी कृष्णकांत सिंह ने 44000 रुपए की भाड़ा वसूली स्थानीय दुकानदारों से की। इसके साथ ही करीब 50 आवंटित दुकानदारों ने ऑनलाइन के लिए आवेदन किया। सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव दीपक कुमार दीपू ने एनएससी के सभी दुकानदारों से आग्रह किया है कि ऑनलाइन आवेदन के लिए अपने पिछले जमा रसीद के फोटो कॉपी के पीछे अपना मोबाइल नंबर अंकित कर अगले कैंप में जमा करें। फोटोकॉपी नहीं जमा करने वाले दुकानदारों को भाड़ा जमा करने के लिए धनबाद जाना पड़ सकता है। इस कैंप में चेंबर सदस्य भरत गोसाईं और संजय प्रसाद ने दुकानदारों की मदद की। उन्होंने बताया कि जल्द ही नगर निगम भाड़ा वसूली कैंप पुनः आयोजित करेगी। आज के कैंप में संजय प्रसाद, पवन शर्मा, संजय साव, राजू अग्रवाल, जैना राय, उमाशंकर, जितेंद्र सहित कई चेंबर सदस्य सक्रिय थे।

## अप्रेंटिशिप के लिए 12 छात्रों का चयन

**धनबाद।** जिला कौशल कार्यालय द्वारा दो दिवसीय अप्रेंटिशिप मेला सह प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन मुख्य अतिथि सहायक श्रमायुक्त सह श्रम अधीक्षक, धनबाद रंजीत कुमार एवं कौशल पदाधिकारी, धनबाद प्रवीण कुमार की उपस्थित में किया गया। जिसमें 27 जून को महिन्द्रा स्किल एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पुना महतो सेवा संस्थान कैम्पस, बाघमारा तथा आज असर्फी अस्पताल के निकट ए.आइ.टी.एस.आइ.एल. स्किल प्राइवेट लिमिटेड, नावाडीह में किया गया। इसमें 12 छात्रों का चयन टाटा मोटर्स में किया गया।

## उपायुक्त ने की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला के विभिन्न कार्य विभाग/प्रमंडलों के द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या एक एवं दो, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, लघु सिंचाई प्रमंडल, पथ प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, जिला परिषद, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, एन.आर.ई.पी., पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल (यांत्रिक), विद्युत कार्य प्रमंडल आदि विभागों/प्रमंडल के द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। इस क्रम में उपायुक्त संदीप सिंह द्वारा परियोजना पदाधिकारी से एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी ली गयी। उन्होंने कार्यो में तेजी लाते हुए निर्धारित अवधि में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने मौजूद सभी पदाधिकारियों को जिला के सर्वांगीण विकास हेतु आपसी समन्वय एवं तत्परता से सभी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाने को कहा। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी श्री महेश भगत समेत संबंधित सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहें।

## विष्णुगढ़ में कतरास की टोली ने की मंगला आरती

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** पिछले 1 साल पूर्व जो मंगला आरती कतरास बाजार से आरंभ हुई थी, वह आज जिला के बाहर भी मंगला आरती के लिए आमंत्रण आ रहे हैं इसी को देखते हुए मंगलवार को बिष्णुगढ़ हजारीबाग के लिए मंगला आरती समिति कतरास रवाना हुए । वहां के बिष्णुगढ़ यज्ञ कमेटी के बुलावे पर मंगला आरती करने के लिए टीम वहां पर पहुंचकर 47 वां साप्ताहिक मंगला आरती सह सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन कीर्तन किया । सारे श्रद्धालु बाबा बजरंगबली के भक्ति मंत लीन थे। ये अद्भुत दृश्य देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए । साथ ही हमसभी ने प्रथम बार स्टेज में निर्धारित कार्यक्रम को किया । ततपश्चात बाबा को भोग लगाया गया एवं सभी श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद पंचमेवा और लड्डू वितरण किया गया। साथ साथ वहाँ भव्य भंडारा भी चल रहा था। फिर सभी ने भंडारा में महाप्रसाद ग्रहण किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इसमें रिंटू बनर्जी, उत्तम रवानी, अमन जयसवाल, गणेश मोदक , राहुल कनौजिया, विशाल जयसवाल, आकाश खंडेलवाल, नीतीश जयसवाल ,विनोद साव, जीत कुमार, अजय सिंह ,अजय स्वर्णकार, संदीप जायसवाल ,मदन पटवा ,सुरेश दुबे, यश राज चौरसिया, बिट्टू चौधरी , मनोजित दां, शांतनु दे ,कुणाल सिन्हा, गप्पू राजगढ़िया ,नीतीश सैनी, सुजल चौरसिया ,बाबू लहरी भागवत पांडेय ,अजय सिंह, संतोष सिंह, देवनारायण सिंह, दीपक सिंह आदि शामिल थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना-09/2023-24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या-1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :-दिनांक 15.07.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 17.07.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 17.07.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान :- अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण :-

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of ADJ Qur. No. -3 & 9 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi. | 842700.00 | 16900.00 | 1250.00 | Two Months |
| 2 | Renovation of ADJ Qtr No. -13 & 20 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi. | 1039800.00 | 20800.00 | 2500.00 | Three Months |
| 3 | Renovation of ADJ Qtr No. -30 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi. | 1015050.00 | 20400.00 | 2500.00 | Three Months |
| 4 | Renovation of ADJ Qtr No. -33 at Judge Colony, Kanke Road, Ranchi. | 1196000.00 | 24000.00 | 2500.00 | Three Months |
| 5 | Renovation of ADI Qtr No. -35 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 1011100.00 | 20300.00 | 2500.00 | Three Months |
| 6 | Renovation of ADJ Qtr No. -37 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 1091500.00 | 21900.00 | 2500.00 | Three Months |
| 7 | Renovation of ADJ Qtr No.-22 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 766800.00 | 15400.00 | 1250.00 | Two Months |
| 8 | Renovation of ADJ Qtr No.-34 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 874950.00 | 17500.00 | 1250.00 | Two Months |
| 9 | Renovation of Qtr No.-41 at Judge Colony, Kanke, Ranchi. | 643450.00 | 12900.00 | 1250.00 | Two Months |
| 10 | Renovation of C type Quarter No. -A2 (10 Set) at New Police Line, Kanke Road, Ranchi | 426850.00 | 8600.00 | 750.00 | Two Months |
| 11 | Construction of Parking Tiles and Painting work for Outer surface in Main Building at Residence No.-01, Booty Road, Ranchi | 1506500.00 | 30200.00 | 5000.00 | Two Months |
| 12 | Renovation of 'A' Type Block No.-1 Quarter No. 7 at Near seth Sita Ram School Doranda. Ranchi. (High Court Pool) | 231500.00 | 4700.00 | 500.00 | Two Months |
| 13 | Renovation of 'B' Type Quarter No. B-9 (Block-B) 30 Set Near Nepal House. Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 260650.00 | 5300.00 | 750.00 | Two Months |
| 14 | Renovation of B Type Quarter No. -B/16, B/17 & B/20 High Court Colony. Behind Indira Palace, Hinoo. Ranchi. (High Court Pool) | 396400.00 | 8000.00 | 750.00 | Two Months |
| 15 | Renovation of 'A' Type Quarter No.-17-18 & 19-20 (4 Unit) 48 Set at Near Seth Sita Ram School Doranda, Ranchi.(High Court Pool) | 1032850.00 | 20700.00 | 2500.00 | Three Months |
| 16 | Renovation of 'A' Type Quarter No.-13-14 Near Seth Sita Ram School at Doranda. Ranchi (High Court Pool) | 363800.00 | 7300.00 | 750.00 | Two Months |
| 17 | Renovation of Room No. 307, 308, 310, 311, 312, 313. 316, 317, 319, 319A, 323, 326 (Third (Floor) in Yojna Bhawan at Doranda, Ranchi | 2885150.00 | 57800.00 | 5000.00 | Three Months |
| 18 | Renovation of C type Quarter No.-102 (Block B) at Ratu Road, Ranchi | 522900.00 | 10500.00 | 1250.00 | Two Months |
| 19 | Renovation of Family Judge Residence at Circluar Road, Ranchi | 1376500.00 | 27600.00 | 2500.00 | Three Months |

नोट :- निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या-1, राँची।

PR.NO.301081 Building(23-24):D

# भाजपा की घेराबंदी

केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को हटाने के साझा लक्ष्य पर विचार-मंथन हुआ। वैसे साल 2014 व 2019 के लोकसभा चुनावों में प्रचंड जीत दर्ज करने वाली भाजपा को हटाना इतना आसान भी नहीं है, क्योंकि विपक्षी पार्टियों खासकर कांग्रेस की ताकत अभी के कुछ वर्षों में कम हुई है। हालांकि, हाल के वर्षों में पहली बार कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल पटना में जुटे, लेकिन मतभेद-मनभेद दूर करने के लिये अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। खासकर दिल्ली सरकार की शक्तियों पर केंद्र सरकार के अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में मतभेद बने हुए हैं। जिसे विपक्षी एकता के प्रयासों को लेकर अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। जिसका आम जनता में अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। इसके साथ ही मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिये कई जटिल मुद्दों को अभी सुलझाने की जरूरत होगी। बहरहाल, अभी विपक्षी एकता की कोशिशें शुरू हुई हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों को लेकर राज्यों में सामंजस्य बैठाने की जरूरत होगी। विपक्षी साझेदारी को व्यावहारिक बनाने की भी जरूरत है। इसमें दो राय नहीं कि देश में स्वस्थ लोकतंत्र के लिये मजबूत विपक्ष अपरिहार्य ही है। हालांकि, पटना बैठक में केंद्र सरकार के अध्यादेश के विरोध के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पार्टी में सहमति नहीं बन सकी, लेकिन इससे एकता के प्रयासों को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी की बड़ी भूमिका रहने वाली है। तमाम विरोधाभासों के साथ देश में सीटों के बंटवारे का कोई सर्वमान्य फामूर्ला तय हो पाता है कि नहीं। जाहिर है एकता के प्रयासों के बीच समय-समय पर कई अन्य विवादित मुद्दे सामने आएंगे।

# टमाटर लाल

वैसे तो टमाटर लाल ही होते हैं लेकिन इस बार उनकी कीमत 100 रुपये प्रति किग्रा बिकने के कारण टमाटर को लाल होता कहा जा रहा है। टमाटर की कीमतों में आए तेज उछाल को सरकार ने अस्थायी और मौसम-जनित परिस्थिति बताया है। 'हर साल इस समय ऐसा होता है। दरअसल टमाटर बहुत जल्द खराब होने वाला खाद्य उत्पाद है और अचानक बारिश होने से इसकी ढुलाई पर असर पड़ता है।' सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 27 जून को अखिल भारतीय स्तर पर टमाटर की औसत कीमत 46 रुपये प्रति किलो रही। हालांकि इसकी अधिकतम कीमत 122 रुपये प्रति किलो भी दर्ज की गई है। देश के चार मेट्रो शहरों की बात करें तो दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमत 60 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 42 रुपये प्रति किलो, कोलकाता में 75 रुपये प्रति किलो और चेन्नई में 67 रुपये प्रति किलो रही। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दूध एवं फल-सब्जियों की बिक्री करने वाली मदर डेयरी के स्टोर पर भी टमाटर का भाव एक हफ्ते में ही दोगुना होकर करीब 80 रुपये प्रति किलो हो चुका है। राजधानी दिल्ली में सब्जी विक्रेता अलग-अलग जगहों पर टमाटर को 80-120 रुपये प्रति किलो की दर से बेच रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक फसल सत्र 2022-23 में टमाटर का उत्पादन 2.062 करोड़ टन रहने का अनुमान है जबकि इसके एक साल पहले यह 2.069 करोड़ टन रहा था। वैसे जुलाई से सितंबर तक सब्जियों को दाम में बढ़ोत्तरी होती रही है लेकिन शहरों में आय बढ़ने सब्जियों की ट्रांसपोटिंग कॉस्ट में इजाफा से भी मूल्यों में तेज वृद्धि देखी जा रही है। मौसम परिवर्तन की सबसे अधिक मार खाद्यान्न, सब्जियों और कब समय तक ताजा रहने वाली वस्तुओं पर पड़ना तय है इसे भी समझने की जरूरत है।

# बौद्धिक समूह का असली एजेंडा कुछ और है





-डॉ रविन्द्र सिंह

**एनसीईआरटी** की सलाहकार समिति से अपने नाम को हटाने का सामूहिक पत्र भेजकर एक बौद्धिक समूह पुनः एक नये अकादमिक विवाद को पैदा करने का प्रयास कर रहा है। इसके पहले इतिहास विषय में कुछ अध्यायों को हटाने को लेकर भी ऐसा ही बखेड़ा खड़ा किया गया, जिसको खास सफलता नहीं मिली। इन तथाकथित विद्वानों में अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर को भारत से अलग बताने वाली निवेदिता मेनन और गुजरात में गोधरा दंगों के लिए हिन्दुत्ववादी हिंसा का नाम देकर पूरे दुनिया में नरेन्द्र मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी साम्प्रदायिक नेता के रूप में लेख और संपादकीय लिखने वाले राजीव भार्गव का भी नाम शामिल है। इसकी शुरूआत देश को आम आदमी पार्टी के नाम पर राजनीति धूल झोंकने वाले योगेन्द्र यादव ने की। अब यह समझना जरूरी है कि आखिर यह बौद्धिक समूह लगातार एनसीईआरटी पर हमले क्यों कर रहा है। इसके लिए आपको इटली में मुसोलिनी द्वारा कैद किए गए एन्टोनियो ग्राम्सी के प्रीजन नोट्स में लिखित प्रधान्यता के सिद्धांत को पढ़ना होगा।

एन्टोनियो ग्राम्सी ने कैद दौरानअनुभव किया कि अकादमिक जगत राज्य की शक्ति का वह केंद्र है जो बिना ताकत का इस्तेमाल किए राज्य की जनता को मानसिक तौर पर राज्य के शक्ति के विरुद्ध विरोध करने से रोकता है। इसके लिए राज्य अकादमिक जगत में उसके लिए कार्यरत बौद्धिक समूह को एक स्वछंदतापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराता है। अब अगर इस नजरिये से इस विरोध का मूल्यांकन कीजिए तो आपको इसके पीछे की असली कहानी समझने में देर नहीं लगेगी। आप थोड़ा पीछे जाकर एनसीईआरटी और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की स्थापना से लेकर 2014 तक के पहले की कार्यकारिणी सदस्यों, एवं अध्यक्षों की लिस्ट देखेंगे तो यह पायेंगे कि इनमें या तो केवल वामपंथी समूह या कांग्रेसी बौद्धिक का समूह एक तरह से एकाधिकार रहा।

पचास साल से इन संगठनों में काबिज इन समूहों को ऐसा लगता है कि यह संस्थान केवल उनके लिए बनाए गए हैं जिसमें राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े विद्वानों को कोई स्थान नहीं है। मसला केवल यह नहीं है कि एनसीईआरटी अब नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के लिए आगामी पठनीय सामग्री में बदलाव कर रहा है असल मुद्दा यह है कि देश की वास्तविकता से कोसों दूर, विखंडित करने वाले अध्यायों को हटाने से इन समूहों के सामने पहचान का संकट और अकादमिक झूठ के उजागर होने का खतरा है। जिस प्रकार सामूहिक रूप से यह सरकार को इसका जिम्मेदार ठहरा रहे हैं और देश की शिक्षा को बरबाद करने का आरोप लगा रहे हैं उससे क्या यह साबित नहीं हो रहा है कि यह बौखलाहट केवल इसलिए है क्योंकि अब इनका एकाधिकार इन संस्थानों से समाप्त होता जा रहा है और यह अभी भी इसको स्वीकार नहीं करने को तैयार नहीं है। किसी भी देश में समय-समय पर शैक्षणिक संस्थानों में पाठ्यक्रमों में बदलाव होता रहता है। एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में बदलाव पहली बार नहीं हुआ है। एनसीईआरटी ने अपने पाठ्यक्रम में सबसे पहला बदलाव 1975, दूसरा 1988 में और तीसरा 2000 में किया था। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय किए गए इन बदलावों को कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने सत्ता में आते ही 2005 में बदल दिया और पुराने पाठ्यक्रम को फिर से लागू कर दिया। महत्वपूर्ण विषय यह है कि तब किसी वामपंथी या कांग्रेसी बौद्धिक समूह ने 1975, 1988 या 2005 में हुए बदलावों का विरोध क्यों नही किया। यह बौद्धिक समूह केवल 2000 में या 2014 में 2017 में और अब 2023 में ही क्यों विरोध कर रहे हैं। इन बुद्धिजीवियों को यह समझना होगा कि उनके बनाए अकादमिक भ्रमजाल का पिटारा फूट चुका है और उसमें पश्चिम का अवशेष मात्र बचा है जो उनका भारत विरोधी मंच पर स्वागत तो कर सकता है लेकिन भारतीय जनमानस के मानस पटल पर प्रभावहीन हो रहा है।

> एनसीईआरटी ने अपने पाठ्यक्रम में सबसे पहला बदलाव 1975, दूसरा 1988 में और तीसरा 2000 में किया था। वाजपेयी सरकार के समय किए गए इन बदलावों को कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने सत्ता में आते ही 2005 में बदल दिया महत्वपूर्ण विषय यह है कि तब किसी वामपंथी या कांग्रेसी बौद्धिक समूह ने 1975, 1988 या 2005 में हुए बदलावों का विरोध क्यों नही किया।

आजादी के पचहत्तर साल बाद भी उत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच शिक्षा के क्षेत्र में एकरूपता का अभाव है। हमें इसकी जड़ें इसी शिक्षा प्रणाली में मिलेंगी जो अंग्रेजों ने भारत पर थोपा और जिसे आजादी के बाद भी जारी रखा गया। आजादी के बाद जब भारत के भविष्य की शिक्षा का खाका तैयार किया गया तब भारत के राज्यों ने अपने-अपने राज्य शिक्षा बोर्ड में शिक्षा का माध्यम क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी को तो रखा पर हिन्दी भाषा का यह कहते हुए विरोध किया गया कि हिन्दी उनके ऊपर थोपी जा रही है। इसका कारण मैकालेवादी ब्रिटिश शासन व्यवस्था है जिसने भारत को हर स्तर पर विखंडित रखने का प्रयास किया है। अन्यथा यह कैसे संभव है कि जिस अंग्रेजी शासन ने भारत को 200 साल तक गुलाम रखा उन अंग्रेजों की अंग्रेजी शिक्षा को अपनाने में कोई विरोध नहीं है।

ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि सत्ता केंद्रित राजनीति में पूर्व सरकारों ने भारत के भाषाई विभाजन को न केवल स्वीकार बल्कि उसको बढ़ावा भी दिया। महाराष्ट्र से लेकर दक्षिण भारत तक उत्तर भारतीयों के साथ भाषा के आधार पर हिंसा के मामले बढ़े हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था हमारे राष्ट्रीय एकता के मूलभूत सिद्धांत के अनुरूप नहीं है। इसलिए अब आवश्यकता महसूस हो रही है कि देश में शिक्षा प्रणाली में एकरूपता लाई जाए और अंग्रेजी पर लोगों की निर्भरता कम किया जा सके।

यदि देश के शिक्षाविद् यह महसूस कर रहे हैं कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली और पाठ्यक्रम में देशहित और छात्रों के हित में बदलाव करना आवश्यक है जिससे कि भारत एक राष्ट्र के रूप में विश्व में अग्रणी भूमिका में रहे तो इसमें विरोध किस बात का है। यह विरोध एक अकादमिक गुंडागर्दी जैसा है जहां एक समूह इकट्ठा होकर अपने एकाधिकार और वर्चस्व की मुनादी करने का प्रयास कर रहा है। आजादी के पचहत्तर साल बाद भारत के इतिहास, समाज, राजव्यवस्था और अर्थव्यवस्था में व्यापक परिवर्तन हो रहा है। अब समय आ गया है कि अंग्रेजी शासन की कोख से जन्मी मैकालेवादी ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली और उसके बनाए शिक्षा व्यवस्था को तिलांजलि देकर भविष्य की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाया जाए। विभिन्न अकादमिक संस्थानों, अकादमिक परिषदों इस दीर्घकालिक मानसिकता को समाप्त करने के कई उपाय किए गए हैं एवं उनमें लगातार सुधार किया जा रहा है। इसलिए एनसीईआरटी देश हित में नई शिक्षा नीति के अनुरूप जो निर्णय ले

## खास बात

# दुर्गावती का बलिदान

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**सरकार** ने उनके नाम पर डाक टिकट जारी है और जबलपुर विश्वविद्यालय का नाम बदलकर ह्यरानी दुर्गावती विश्वविद्यालयह्न किया गया है। इसके अलावा कई संग्रहालय भी उनके नाम पर रखे गए हैं। मध्य प्रदेश का मंडला शासकीय महाविद्यालय भी अब रानी दुर्गावती के नाम से जाना जाता है। कई जिलों में उनकी प्रतिमाएं भी लगाई गई हैं और कई शासकीय इमारतों के नाम भी उन्हीं पर रखने का निर्णय हुआ है। हुकूमतों के ऐसे निर्णय वास्तव में सर्वमान्य और सराहनीय होते हैं। क्योंकि ऐसा करके आने वाली पीढ़ियों के ज्ञान में भी बढ़ोतरी होती है। ताकि उनको पता चले कि देश और समाज की रक्षा के लिए किन-किन योद्धाओं ने क्या-क्या किया था? गूगल और व्हाट्स ऐप युग में ऐसे वीर-वीरांगनाओं के संबंध में बताया बहुत जरूरी होता जा रहा है। गूगल-मोबाइल युग में लोग इतिहास को भूलते जा रहे हैं।

रानी दुर्गावती वीरता की ऐसी मिसाल थीं जिसने विरोधियों के न सिर्फ छक्के छुड़ाए थे, बल्कि अपने अदम्य साहस से उन्हें मैदान-ए-जंग में पराजित भी किया। मुसलमान शासक बाजबहादुर ने उन पर कई मर्तबा हमला किया। पर, हर बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी। महिला वीरांगनाओं की जब भी बातें होंगी, तब-तब मुगल साम्राज्य के खिलाफ बिगुल बजाने के लिए रानी दुर्गावती को याद किया जाएगा। महारानी के साहस के प्रेरणादायक किस्से पढ़कर युवा पीढ़ी हमेशा प्रेरित होती रहेगी। दुर्गावती, मध्य प्रदेश के जबलपुर गढ़ा साम्राज्य की महारानी थीं। उनका शासनकाल 1550 से लेकर 1564 ईस्वी तक रहा। उन्हें हिंदुस्तान की प्रसिद्ध चंदेल क्षत्राणी में गिना जाता था। विरोधी भी उनकी वीरांगना के कायल थे। वीरता की इस त्रिमूर्ति को जन्म दुर्गाष्टमी के दिन पांच अक्टूबर 1524 को कालिंजर के राजा कीर्तिवर्मन चंदेल (द्वितीय) के घर हुआ था।मुगल साम्राज्य के खिलाफ अपने राज्य की रक्षा के तौर पर महारानी को सदैव याद किया जाएगा। उनके द्वारा लड़ी प्रमुख लड़ाइयों की बात करें, तो मंडावी गोंडो के सुख-संपन्न क्षेत्र पर मुसलमान शासक बाजबहादुर ने कई बार हमला बोला।

# परशुराम और राम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शिवजी** का धनुष टूटा था उसका नाम पिनाक था। जनक के चौदह पीढ़ी पहले राजा देवरात को यह धनुष दिया गया था। तब से राजा जनक के परिवार में उस धनुष की पूजा हो रही थी।दोनों एक तरह के धनुष थे। परशुरामजी ने रामजी से शारंगधर धनुष का प्रत्यन्चा चढ़ाने को बोला। श्री राम ने शारंगधर धनुष अपने हाथ में लिया और अपने तरकस से वाण निकालकर उसके उपर चढ़ा दिया। परशुराम के मन में काफी आश्चर्य हुआ। वे सोचे आह ये तो साक्षात ही भगवान हैं। मैं इन्हें नहीं पहचान सका। जिस गुरु भक्ति से मैं गिरा हुआ हूं उस गुरु भक्ति को ये प्राप्त किये हुए हैं। वे हाथ जोड़ दिये। श्री राम ने कहा कि मेरी समस्या यह है कि यह रामबाण है। अगर तरकस से निकल गया तो पुनः लक्ष्य भेदन करने के बाद ही तरकस में आता है। अतः मैं इस बाण का कहां संधान करूं आप बताइये। क्योंकि मैं इसे आपके उपर छोड़ नहीं सकता। परशुराम ने कहा श्री राम मैंने आपको पहचाना नहीं। अतः मेरे पुण्य नष्ट हो गये हैं। मेरे तप के फलस्वरूप मेरे भोग के लिये जो पुण्य लोक बने हैं, आप उन सारे लोकों पर बाण मार दिजिये, ये कटकर गिर जायेंगे। देखते-देखते श्री राम ने बाण मारा और विभिन्न जो पुण्य लोक परशुरामजी के बने हुये थे वे कटकर गिर गये। पुनः परशुराम जी श्री राम की स्तुति करते हुये सभा से चले गये।

परशुराम जी के सभा से चले जाने के बाद सबके अंदर प्रसन्नता व्याप्त हुई और राज जनक जी ने विश्वामित्र जी से कहा मुनिवर मेरी एक और लड़की है। सीता की बहन उर्मिला से लक्ष्मण जी का विवाह करा दिया जाए।

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

## कार्टून वर्ल्ड

चीन में खाद्यान्न संकट...



साभार: कॉर्टून डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### आक्रामकता नहीं हल

**आक्रामक** राहुल गांधी बदल पाएंगे कांग्रेस की किस्मत लेख पार्टी की नब्ज पर हाथ रखने वाला था। जरूरत इस बात की है कि पार्टी संगठन को मजबूत किया जाए। ऐसी ही आक्रामकता राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह सरकार के दौरान प्रस्तावित विधेयक की प्रतियां फाड़ कर दिखायी थी। उसके बाद मोदी सरकार सत्ता में आई थी।

**– मधुसूदन शर्मा, जमशेदपुर**

### महापुरुषों की राह

**राजनीतिक** क्षेत्र में बढ़ते स्वार्थ का खुलासा करने वाला रहा। चुनावी उम्मीदवार महापुरुषों का अनुसरण मात्र वोट बैंक भुनाने के लिए करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादे, जनता का विश्वास धराशायी हो जाता है। उनकी करनी और कथनी में काफी अंतर दिखाई पड़ता है। जनहित राजनेताओं की आंखों से ओझल हो जाता है। यह समस्या आज सबसे खतरनाक है।

**–अनिल कौशिक,रांची**

राज्य में हमारी मेडिकल सर्किट बनाने की योजना है।ऑनलाइन व्यवस्था से पंचायत और गांव में दवा दुकान चलाने वालों को चिकित्सकों से कनेक्ट किया जाएगा। ताकि ऑनलाइन चिकित्सक से संपर्क कर इलाज सुनिश्चित किया जा सके। आज पंचायत-पंचायत हम दवा दुकान खोलने का कार्य कर रहे हैं।

**-हेमंत सोरेन सीएम झारखंड**

## आपके ट्वीट

नेशनल रिसर्च फाउंडेशन विधेयक, 2023 को कैबिनेट की मंजूरी मिली, स्वागत है। एनआरएफ प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के 'जय अनुसंधान' दृष्टिकोण भारत के विश्वविद्यालयों में अनुसंधान-नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। **-अन्नपूर्णा देवी**





अरहर दालः ?219/किलोऔर पकाने का गैस सिलेंडर ?1,100 के पार पूंजीपतियों की संपत्ति बढ़ाने और जनता से टैक्स वसूल करने में व्यस्त भाजपा सरकार, गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भूल ही गई।

**- राहुल गांधी**

# पहली बार राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 2007 में मनाया गया था

**डॉ अबसार अहमद**

## सामयिक

**राष्ट्रीय** सांख्यिकी दिवस हर साल 29 जून को सांख्यिकीविद् पी.सी. महालनोबिस (29 जून 1893-28 जून 1972) की जयंती पर मनाया जाता है। उनका पूरा नाम प्रशांत चंद्र महालनोबिस था और उनका जन्म कोलकाता में हुआ था भारत में पहली बार राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 2007 में मनाया गया था। सांख्यिकी बहुत ही रोचक विषय है जिसमे पढ़ाई के बाद बहुत से रोजगार के अवसर खुलते हैं सांख्यिकी विषय का महत्व होने के बावजूद हर विश्वविद्यालय में इसकी पढ़ाई नहीं होती है। सांख्यिकी की अध्ययन करने की भारत में सबसे उत्तम संस्थान भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता है जिसकी स्थापना पी.सी. महालनोबिस ने 1931 में किए थे जहां से हम सांख्यिकी में स्नातक और उससे आगे की पढ़ाई कर सकते है भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता के अलावा दिल्ली, बंगलुरु और तेजपुर में भी है जहां सांख्यिकी संबंधी पाठ्यक्रम की पढ़ाई होती है सांख्यिकी में स्नातक की पढ़ाई कुछ केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालय में भी होती है जैसे बीएचयू, एएमयू, डीयू, मुंबई विश्वविद्यालय, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय जहां से हम सांख्यिकी में स्नातक कर सकते है सांख्यिकी में पोस्ट ग्रेजुएशन हम इन सभी विश्वविद्यालयों के अलावा आईआईटी कानपुर, मुंबई, इंदौर से भी कर सकते हैं झारखंड राज्य में सांख्यिकी में एमएससी सिर्फ झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में होता है सांख्यिकी में विशेषज्ञता के कई क्षेत्र है औद्योगिक सांख्यिकी, कृषि सांख्यिकी, वित्तीय सांख्यिकी, जैव सांख्यिकी , सांख्यिकीय कंप्यूटिंग और पर्यावरण सांख्यिकी एम. एससी. सांख्यिकी (औद्योगिक सांख्यिकी में विशेषज्ञता के साथ) कवयित्री बहिनाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय, जलगांव में होता है मगर विदेशों में काफी विश्वविद्यालयों में इस विषय की पढ़ाई होती है कृषि सांख्यिकी में अगर किसी की रुचि है तो भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसंधान संस्थान,दिल्ली में आवेदन कर सकते है उसके बाद आप भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के किसी भी संस्थान में वैज्ञानिक के पद के लिए योग्य होंगे इसके अलावा पीएचडी करने के बाद किसी भी कृषि विश्वविद्यालय में अपना योगदान प्रवक्ता के रूप में दे सकते हैं भारत के विश्वविद्यालयों वित्तीय सांख्यिकी में एमएससी नहीं है, मगर विदेशों के विश्वविद्यालयों में एमएससी होती हैएमएससी बायोस्टैटिस्टिक्स में अगर किसी की रुचि है तो आईसीएमआर - राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान, चेन्नई में आवेदन कर सकते है इसके अलावा आईआईपीएस मुंबई , सीएमसी वेल्लोर, माहे मणिपाल , एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इत्यादि में भी ये पाठ्यक्रम संचालित होता है पोस्ट ग्रेजुएशन और पीएचडी के बाद विद्यार्थी आईसीएमआर के किसी भी संस्थान में वैज्ञानिक के पद के लिए योग्य होंगे इसके अलावा वो मेडिकल कॉलेज के सांख्यिकीविद् के पद के लिए भी योग्य होंगे प्राइवेट कंपनी जैसे फार्मा उद्योग में भी जैवसांख्यिकीविद् के पद होते हैं डेटा विज्ञान जो सांख्यिकी से जुड़ा हुआ है की उसकी काफी मांग है और काफी विश्वविद्यालयों में एमएससी डेटा साइन्स की पढ़ाई होती है इस पाठ्यक्रम के बाद डेटा वैज्ञानिक के लिए योग्य होंगे पर्यावरण सांख्यिकी भी एक नया क्षेत्र है मगर भारत में इस विषय में अभी एमएससी नहीं है सांख्यिकी में एमएससी के बाद भारतीय सांख्यिकी सेवा भी एक अवसर है जो विद्यार्थी उठा सकते हैं इसके अलावा सांख्यिकी अधिकारी का भी पद निकलते रहता है अलग अलग राज्य में जिसमें एमएससी सांख्यिकी किए।

# विश्व शांतिदूत मोदी की अमेरिका यात्रा के नए संदेश

**कैलाश विजयवर्गीय**

## खेल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी संसद को दूसरी बार संबोधित करते हुए विश्व के सामने देश की सशक्त तस्वीर ही प्रस्तुत नहीं की, बल्कि यह भी बता दिया विश्व के समक्ष चुनौतियों का भारत अमेरिका के साथ मिलकर मुकाबला करने में सक्षम है। जल्दी ही विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला भारत अमेरिका से साझेदारी करके आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सक्षम होगा। उनका यह कहना कि भारत-अमेरिका की साझेदारी लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छी है और बेहतर भविष्य और भविष्य के लिए बेहतर दुनिया के लिए यह अच्छी है। मोदीजी के इस विश्वास से तानाशाही से संकट झेल रहे देशों के नागरिकों को लोकतंत्र के उदय होने की उम्मीद बंधेगी। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत की स्वतंत्रता के बाद ही दुनिया के परतंत्र देश स्वतंत्र देश हुए। मोदीजी ने मार्टिन लूथर किंग और महात्मा गांधी का प्रभाव बताते हुए यह संदेश भी दिया की भारत की जड़ें अमेरिका में मजबूत हैं। इसका एक बड़ा उदाहरण अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का बताया।

ए-आई का अर्थ अमेरिका और भारत बताते हुए स्पष्ट कर दिया कि यह दोस्ती विश्व को नई राह दिखाएगी। उनकी इस राय से कि कुछ वर्षों में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बहुत तरक्की हुई है लेकिन साथ-साथ ही एक अन्य ए-आई यानी भारत-अमेरिका के रिश्तों में भी महत्वपूर्ण प्रगति से दोनों देशों के बीच नए आर्थिक साझेदारी से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी संसद में भाषण के माध्यम से विश्व को यह संदेश भी दिया कि भारत के कारण विश्व में लोकतंत्र पनपा है। भारत में 2500 राजनीतिक दल, 22 सरकारी भाषाएं, हजारों बोलियां और हर सौ मील पर विभिन्न प्रकार भोजन के बावजूद लगातार तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए देश में आम लोगों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' दृष्टिकोण से उन लोगों की आंखें भी खुलनी चाहिए जो, विदेशों में भारत की छवि को राजनीतिक कारणों से उपजी हताशा के कारण धूमिल करते हैं। भारत में चार करोड़ लोगों को घर दिए गए हैं। पांच करोड़ लोगों को निशुल्क चिकित्सा सहायता दी जाती है। मोदीजी की इन घोषणाओं से दुनिया की आबादी के छठे हिस्से भारत में आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने की वास्तविक तस्वीर सबके सामने आई है। मोदी ने अपने भाषण के माध्यम से दुनिया में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को चेतावनी ही नहीं दी, बल्कि आतंकवाद की समाप्ति के सकंल्प को भी दोहराया। मोदीजी ने भाषण में जिक्र किया कि जब वे प्रधानमंत्री के तौर पहली बार अमेरिका आए थे तो भारत अर्थव्यवस्था के मामले में दसवें नंबर पर था। आज भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। आतंकवाद और कोरोना महामारी का मुकाबला करते हुए भारत की यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने साफ जता दिया है कि हम न केवल बड़े हो रहे हैं बल्कि तेजी से भी बढ़ रहे हैं। जब भारत बढ़ता है तो पूरी दुनिया बढ़ती है।कट्टरवाद और आतंकवाद को दुनिया के सामने गंभीर खतरा मानते हुए आतंकवाद के नई पहचान और विचारधारा के आधार पर पनपने को उन्होंने नई चुनौती बताया। मोदीजी की इस धारणा से कि आतंकवाद की विचारधारा और नयी पहचान मानवता के लिए खतरा है तो हमारा इसे मिटाने का भी पूरा इरादा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## भुरकुंडा : एस्पायर कोचिंग के दो छात्रों का बीएसएफ में हुआ चयन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एस्पायर कोचिंग सेंटर के दो छात्रों ने बीएसएफ कांस्टेबल ट्रेडमैन 2022 द्वारा अयोजित परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर अपने माता पिता, संस्थान और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छात्रों की सफलता पर बुधवार को संस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां संस्था के निर्देशक रत्नेश कुमार ने दोनो विद्यार्थी को उपहार देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना कि। निर्देशक रत्नेश कुमार ने बताया कि चिकोर निवासी रामचन्द्र बेदिया के पुत्र शक्ति बेदिया का बीएसएफ पंजाब में ट्रेडमैन पद पर चयन हुआ है। जबकि सांकी निवासी मोहन बेदिया के पुत्र सुनील बेदिया का बीएसएफ गुजरात में ट्रेडमैन पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। श्री कुमार ने कहा की परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है, निरंतर परिश्रम से ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा की छात्र-छात्राओं की सफलता ही एस्पायर कोचिंग की पहचान है। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए संस्था परिवार हर सार्थक कदम उठाता रहेगा।

## सरस्वती विद्या मंदिर में निबंध प्रतियोगिता



**रजरप्पा।** कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के सीएसआर के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का विषय था- स्वच्छ समाज - विकसित देश. प्रतियोगिता सीसीएल के नोडल ऑफिसर आशीष झा तथा विकास कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। श्री झा ने कहा कि सीएसआर के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना एवं स्वच्छ भारत अभियान को व्यवहारिक रूप प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि चयनित निबंध के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ अभिव्यक्ति की क्षमता में वृद्धि होती है।

## जन्म व मृत्यु निबंधन को ले कार्यशाला



**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में अपर समाहर्ता रामगढ़ नेलसम एयोन बागे की अध्यक्षता में 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले जन्म एवं मृत्यु निबंधन अभियान को लेकर बुधवार को प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान चंचला कुमारी द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को जन्म एवं मृत्यु के निबंधन तथा इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अपर समाहर्ता ने सर्वप्रथम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष तक के अपंजीकृत बच्चों का सर्वेक्षण कर उनकी सूची तैयार करने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। वहीं, उन्होंने प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष अभियान के दौरान होने वाले निबंधन से संबंधित प्रतिवेदन जिला सांख्यकी पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालय स्तर पर 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे जिनका जन्म प्रमाण पत्र निर्गत ना होगा उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कार्यशाला के दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़ ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लंबित जन्म-मृत्यु निबंधन को यथाशीघ्र पूर्ण कर जल्द से जल्द शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया । साथ ही उन्होंने प्रत्येक सप्ताह जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।उन्होंने जन्म मृत्यु निबंधन के महत्व के प्रति आमजनो को जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

## विधायक ने पथ मरम्मति का किया शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पतरातु प्रखंड क्षेत्र के तेलियातू से कंडेर तक 4 किलोमीटर पथ मरम्मति शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत पूजा-अर्चना कर और नारियल फोड़कर किया। अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के सभी इलाकों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा है। विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है सिर्फ पतरातू प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों योजनाओं का स्वीकृति प्रदान कराने का कार्य किया गया है और आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगो अंबा प्रसाद ने संबंधित विभाग के अधिकारी और कार्य कर रहे विभाग व संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से कंडेर मुखिया रविंद्र करमाली, हसीब अंसारी, शिबू महतो, कुलेश्वर महतो, मदन दांगी, बुद्धि दांगी, कासो देवी,गुड़िया कुमारी, मंटु बेदिया, महेंद्र बेदिया, राजू बेदिया, डब्लू, बबलू, संजय, केदार, चरकु, सिबा, बिनोद, हरिदास, कृष्णा, सरिता, सबिता, रीना देवी, अंजू देवी समेत कई महिला-पुरुष मौजूद थे।

# बकरीद को लेकर बरही में निषेधाज्ञा

खबर मन्त्र संवाददाता

**एसडीपीओ ने पर्व को भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील**

**बरही।** बकरीद पर्व में शांति और सौहार्द से मनाने को लेकर एसडीओ पूनम कुजूर ने 28 से 30 जून तक पूरे बरही अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लगाया है। साथ ही निर्देश जारी किया है कि इस दौरान बिना सक्षम अधिकारी के निर्देश के जुलूस या झांकी का आयोजन, आग्नेयास्त्र या तलवार, अस्त्र शस्त्र, लाठी आदि हथियार के साथ भ्रमण, धार्मिक या सौहार्द बिगाड़ने वाला टीका टिप्पणी, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट या फॉरवर्डिंग करने पर कार्रवाई की बात कही गई है। वहीं रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लाउडस्पीकर, ऊंची आवाज में डीजे का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। इसके साथ ही प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी पर सख्त पाबंदी लगाई गई है। एसडीओ पूनम कुजुर ने सभी अनुमंडल वासियों को बकरीद की बधाई देते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की है।

वहीं बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बरही अनुमंडल वासियों से अपील करते हुए कहा कि इस ईद-उल-जोहा बकरीद को आपसी भाईचारे शांति और सद्भाव के साथ मनाएं और सामाजिक साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष, धर्म समाज को ठेस पहुंचाने वाले गीत संगीत गाने का



प्रयोग ना करें, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े। किसी भी तरह के भ्रामक तथ्यहीन सूचना फोटो वीडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मीडिया पर शेयर करने से बचें अन्यथा आपके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अपने एवं कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित एवं उज्जवल रहे। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं धार्मिक विद्वेष फैलाने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने से संबंधित पोस्ट अपराध है, ऐसी अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना या प्रयास या सामाजिक गतिविधि से संबंधित सूचना हमारे कंट्रोल रूम पर दे अथवा 100 पर डायल कर संपर्क कर सूचना साझा कर सकते है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी। समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बरही पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है।

# लोकतंत्र का मालिक जनता मैं तो सेवक हूं : जयंत सिन्हा

**भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन में मोदी के कार्यकाल के 9 साल विकास कार्यों की सांसद ने दी जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज में बुधवार को पीएम मोदी के 9 साल बेमिसाल के तहत प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थानीय समिति जयंत सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम में जयंत सिन्हा, हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, डॉ. महेंद्र पांडेय, बीके सिंह, सत्येंद्र सिंह व विजय कुमार सिन्हा को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। सांसद ने कहा कि लोकतंत्र का मालिक जनता है, मैं तो सेवक हूं। पीएम मोदी के हाथों को और मजबूत करें विकास ही विकास दिखेगा।

जयंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार के सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास व गरीब कल्याण के अभूतपूर्व संयोजन के 9 वर्ष रहे हैं। इन 9 वर्षों में कई विकास के कार्य हुए हैं। सांसद ने सरकार के विकाश कार्यों को गिनवाते हुए कई योजनाओं और विकास के पहलुओं की बात रखी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन जैसी कल्याणकारी योजनाओं के जरिये गरीबों व वंचितों का उत्थान करने का काम किया जा रहा है। पूरे देश में विकाश की गति को बढ़ाने के लिए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। 4 करोड़ पक्के घर बनवाए गए हैं। इतना ही नहीं बिजली, पानी, शौचालय, गैस चूल्हा आदि की सुविधा ने लोगों के जीवन में काफी खुशहाली लाई है। उन्होंने कहा की स्मार्ट फोन पहले विदेशों में बनता था आज हमारे देश में बनता है। विकाश के तहत 3 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और इंफ्रास्ट्रचर का निर्माण पूरे देश के लिए गौरव की बात है।कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने किया।

### कार्यक्रम में यह थे मौजूद

कार्यक्रम में जगतार सिंह, सुखदेव प्रसाद, अमरेश सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुप ठाकुर, सतेन्द्र नारायण सिंह, संजय सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक सोनी, देवकुमार सिंह, जुगल नायक, बाबूलाल नायक, राजेश सोनी सहित पतरातु कॉलेज के डॉ विजय कुमार सिन्हा, डॉ निशा कुमारी, प्रो ललन राम, प्रो नंद कुमार, डॉ कुमार मनोज दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## आऊटसोर्सिंग कर्मियों के सीएमपीएफ राशि भुगतान को ले वार्ता

**कुजू।** सीसीएल तोपा परियोजना प्रबंधन के साथ आऊटसोर्सिंग कर्मियों के सीएमपीएफ राशि भुगतान के मुद्दे पर अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ की परियोजना कार्यालय कक्ष में वार्ता हुई। इसमें एजेकेएसएस कुजू क्षेत्रीय सचिव रामभजनलाल महतो ने तोपा परियोजना के ओपनकास्ट खान में आऊटसोर्सिंग खनन कंपनी एचएससीएल के अधीन काम करने वाले लगभग डेढ़ सौ कर्मियों के सीएमपीएफ राशि के भुगतान के बारे में एजेंडा वार्ता की गई।इसमें संघ के नेता ने वार्ता में शामिल पीओ तोपा मनीष कुमार व कार्मिक प्रबंधक एके श्रीवास्तव से स्पष्ट रूप से कहा कि 75 आऊटसोर्सिंग कर्मियों के सीएमपीएफ राशि भुगतान को लेकर सभी प्रकार के कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद वर्षों से लंबित रखकर कर्मियों को परेशान किया जा रहा है। ऐसे में प्रबंधन गंभीरता पूर्वक मामले का निपटारा नहीं करती है तो परियोजना के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पीओ मनीष कुमार ने सीएमपीएफ दावों के भुगतान के लिए परियोजना स्तर से अधिकारी व सहायक कर्मी को रांची मुख्यालय व क्षेत्रीय आयुक्त कार्यालय भेजकर निपटारा कराया जाएगा।

## बकरीद को लेकर भदानी नगर ओपी में शांति समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बकरीद पर्व को ले बुधवार को भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातू सीओ शिवशंकर पांडेय व संचालन ओपी प्रभारी राजदीप कुमार ने किया। मौके पर सीओ शिवशंकर पांडेय ने कहा कि बकरीद पर्व शांतिपूर्ण व सौहार्द तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व चाहे जिस समुदाय का हो शांति और भाईचारे के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। पर्व के दौरान किसी भी तरह के अफवाहों से बचें। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पुलिस जगह-जगह तैनात रहेगी ताकि पर्व में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि अगर कोई असामाजिक तत्व अफवाह फैलाता है तो थाना को तत्काल सूचना दें त्वरित कार्रवाई होगी। बैठक में क्षेत्र के दर्जनों जनप्रतिनिधि बुद्धिजीवी, समाजसेवी और आमजन मौजूद थे।

# रिचार्ज के बाद ही जला पायेंगे बिजली

**रामगढ़ अंचल में लगेगा 54 हजार स्मार्ट मीटर**



**रामगढ़।** सर्किट हाउस में बुधवार को सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में आरडीएसएस स्कीम को लेकर बैठक हुई। बैठक में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, रामगढ़ सुनीता चौधरी, विधायक प्रतिनिधि मांडू विधायक, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी , डीडीसी रॉबिन टोप्पो, जीएम अशोक कुमार सिन्हा हजारीबाग विद्युत आपूर्ति क्षेत्र , डीजीएम संतोष कुमार सिन्हा रामगढ़ विद्युत आपूर्ति क्षेत्र , विद्युत कार्यपाल अभियंता, तकनीकी मौजूद थे। बैठक के दौरान हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रामगढ़ अंचल में विद्युत व्यवस्था को सुधारा जाए। साथ ही उन्होंने कहा की क्षेत्र के उपभोक्ताओं को विद्युत के उपयोग एवं बिल जमा करने में किसी भी तरह की परेशानी नही हो इस बात का विभाग ख्याल रखे। वहीं, बैठक में निर्णय लिया गया की आरडीएसएस स्कीम के तहत प्रत्येक तीन माह में बैठक का आयोजन कर रामगढ़ अंचल में विद्युत आपूर्ति की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मांडू विधायक प्रतिनिधि की ओर से वार्ड नंबर 1 और 2 के लिए 20 पोल आवंटित करने की मांग की गई। वहीं, रामगढ़ विधायक सुनीत चौधरी ने निशांत होटल के पास ट्रांसफार्ममर बदलने की मांग की। रामगढ़ अंचल में विद्युत विभाग द्वारा 54 हजार स्मार्ट मीटर लगाये जाएंगे। ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी नही हो। बताया गया की इसके लिए सर्वे का कार्य शीघ्र आरंभ होगा और अगले तीन माह में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी। साथ ही इस बात का विशेष ख्याल रखा जाएगा की सभी क्षेत्रों में विद्युत की आपूर्ति समान रूप से हो। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और भी सुदृढ़ बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अंचल क्षेत्र के सभी सहायक विद्युत अभियंता, कनीय विद्युत अभियंता तथा कार्यालय कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वायें : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ बरही में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बैठक**

**बरही।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसएसआर-2024) को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बीडीओ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त मार्गदर्शन पर 1 जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए वार्षिक विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। उन्होंने बताया कि आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार प्री-रेविशन से संबंधित गतिविधियों यथा ई.आर.ओ., ए.ई.आर.ओ., बी.एल.ओ एवं अन्य का प्रशिक्षण, बी.एल.ओ द्वारा घर-घर पर सत्यापन का कार्य, मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियों का निराकरण, मतदान केन्द्रों के संबंधित कार्य, ब्लैक एंड वाइट फोटो फोटो, बिना फोटो एवं खराब गुणवत्ता वाली फोटो का अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो से प्रतिस्थापन, मतदाता सूची में व्याप्त कमियों की पहचान, कन्ट्रोल टेबल का अपडेशन एवं प्रारूप मतदाता सूची की तैयारी आदि से संबंधित कार्यों के सम्पादन के लिये दिनांक 30 से 16 अक्टूबर तक अवधि निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 महत्वपूर्ण है। ऐसे में आप सभी जनप्रतिनिधियों से सहयोग अपेक्षित है और ऐसे में उक्त आम चुनाव में राज्य का कोई भी नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे, इसके लिये वर्तमान पुनरीक्षण



कार्यक्रम में ही दिनांक 01.01.2024 को आर्हता तिथि जानते हुए सभी पात्र नागरिकों तथा अन्य छूटे हुए योग्य नागरिकों का निबंधन कराया जाना मूल प्राथमिकता है। ऐसे में सभी युवा मतदाताओं से अपील है कि अगर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है तो अपने नजदीकी बीएलओ से संपर्क करते हुए फार्म-06 भर कर दें और मतदाता सूची में नाम जुड़वा लें। मतदान केंद्रों की सूची का अनुमोदन प्राप्त करना, कमियों की पहचान करना और ऐसे अंतरालों को पाटने के लिए रणनीति और समयरेखा को अंतिम रूप देना और कंट्रोल टेबल को अपडेट करने का कार्य किया जायेगा। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू, सीपीआई से कॉमरेड कृष्ण कुमार मौजूद थे।

एक नजर में

## मौसीबाड़ी से मुख्य मंदिर लौटे भगवान



**रामगढ़।** कैथा में घूरती रथ यात्रा के पूर्ण होते ही भक्ति पूर्ण माहौल में विधिपूर्वक रथयात्रा संपन्न हुआ। मुख्य पूजारी बी.एन चटर्जी ने कहा कि विधि अनुसार भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र आठ दिनों तक मौसीबाड़ी से विश्राम कर 9वें दिन मुख्य मंदिर में लौटते हैं। जहां भगवान का पूजन का कर उन्हें सिंहासन पर भक्तों द्वारा विराजमान कराया जाता है। वहीं, आयोजन समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से रथयात्रा का समापन हुआ। रथयात्रा महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान के दर्शन पूजन किया। जबकि आयोजन समिति सचिव राजेश महतो ने कहा कि रथयात्रा का आयोजन पूरे उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कैथा रथयात्रा रामगढ़ जिले का विख्यात धार्मिक आयोजन में से एक है। भगवान के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। इस अवसर पर खीर महाभोग का आयोजन किया गया। संध्या पहर में सैकड़ों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को मौसीबाड़ी से रथारुढ कर रथ की खींचकर मुख्य तक पहुंचाया जहां भक्तों ने विधि अनुसार भगवान का दर्शन पूजन किया। तीनों विग्रहों को पुनः गद्दी पर विराजमान किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष देवधारी महतो,सचिव राजेश कुमार महतो,कोषाध्यक्ष आशुतोष चटर्जी, संरक्षक अशेश्वर महतो,सुकर महतो,गणेश, सुदर्शन महतो, हरिहर पाठक,रतन लाल महतो,बलिसराम महतो, छोटेलाल महतो, संदीप महतो, राजकुमार महतो, संदीप कुमार महतो, परितोष चटर्जी, अजय आस्था, पंकज कुमार, अमित कुमार, अनुज कुमार, नीतीश कुमार, प्रहलाद कुमार आदि श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

## पूर्व पीएम नरसिम्हा राव की मनी जयंती

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की 102 वीं जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई । जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनका जन्म 28 जून 1921 में हुआ था । वे देश के नवें प्रधानमंत्री थे । जब 21 मई 1991 को जब राजीव गांधी की हत्या हो गई थी । ऐसे में सहानुभूति की लहर के कारण कांग्रेस को निश्चित ही लाभ प्राप्त हुआ । 1991 के आम चुनाव दो चरणों में हुए थे । प्रथम चरण का चुनाव राजीव गांधी की हत्या से पुर्व हुए थे और द्वितीय चरण के चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर रहा । इसका प्रमुख कारण राजीव गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर थी । इस चुनाव में स्पष्ट बहुमत प्राप्त नही हुआ लेकिन वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी । कांग्रेस ने 232 सीटों पर जीत दर्ज की थी । फिर पीवी नरसिम्हा राव को संसदीय दल का नेतृत्व प्रदान किया गया । कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत प्रदेश सचिव बिनोद सिंह जिला उपाध्यक्ष ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, कृष्णदेव प्रसाद सिंह महिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बेबी देवी, मोसेमात प्रतिभा, बाबर अंसारी, कृष्णा किशोर प्रसाद, साजिद हुसैन, विजय कुमार सिंह, अब्बास अंसारी, चन्द्र शेखर आजाद, बहादुर राम, वशीम सर, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे ।

## हजारीबाग : पांच बाइक के साथ चोर धराया

**हजारीबाग।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाष मार्ग बुचर टोली थाना सदर निवासी मोहम्मद कैफ पिता मोहम्मद इम्तियाज ने स्वीकार किया कि चोरी की तीन स्कूटी और दो मोटरसाइकिल वाहन छिपा कर रखा गया था । जिसे पुलिस निरीक्षक को मिली सूचना के आधार पर सदर अंचल पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी बड़ा बाजार सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार एसआई अलाउद्दीन और एसआई आनंद मोहन सुमित पुलिसकर्मी बरामदगी में शामिल थे। वही एसडीपीओ महेश प्रजापति ने बताया कि पकड़ा गया चोर की अपराधिक इतिहास रही है पहले भी वह वाहन चोरी में जेल जा चुका है।

## पांच कार्टून नकली कीटनाशक जब्त, एक गिरफ्तार

चरही।बुधवार को चरही थाना पुलिस और असली कंपनी के पधाधिकारी की टीम भेलवाटाड़, पटेल नगर से सुनील ठाकुर के घर से नकली कीटनाशक,शीशी और रैपर बरामद की।सुनील ठाकुर को भी अपने साथ ले गई। कीटनाशक कंपनी इंडोफाइल इंडिया लिमिटेड का इलक्टो और एफएमसी कंपनी का कोरोजोन की डुप्लीकेट होने की सूचना दिल्ली से आए कंपनी के दो अधिकारी नानू राम और विजय पंडित को हुई थी। चरही पुलिस की सहयोग लेकर सुनील ठाकुर के घर छापामारी की।चरही में सैलून चलाने वाला सुनील शर्मा जो वजीरगंज,जिला गया,बिहार निवासी बताया गया। अपने घर में मिनी फैक्ट्री बनाकर उक्त दोनों कंपनियों के नाम के खाली बोतल में नकली कीटनाशक बनाकर रैपर लगाकर असली की तरह देखने लायक तैयार कर देता था। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर महेंद्र प्रसाद सिंह,थाना प्रभारी विक्रम कुमार और कीटनाशक कंपनी के आए दोनो पदाधिकारी सभी जब्त कीटनाशक के पांच कार्टून, दस हजार रैपर के साथ सुनील शर्मा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र से बैटरी और इनवर्टर की चोरी

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के पुनाई पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र जरगा में मंगलवार की रात्रि को चोरी की घटना हुई। एएनएम प्रतिमा कुमारी ने बताया कि मंगलवार को वह केंद्र को बंद करके गई उस समय केंद्र में लगे बैटरी और इनवर्टर बिलकुल सही सलामत था। बुधवार को वह जब केंद्र आयी तब बैटरी इनवर्टर को गायब पाया और घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। ग्रामीणों ने इस चोरी की घटना को संदेहस्पद बताया उनका कहना है की बैटरी और इनवर्टर जिस कमरे में था वहां पहुँचने से पहले तीन दरवाजे में ताले लगे हुए रहते है और किसी भी दरवाजा का ताला टुटा हुआ नहीं है फिर भी चोरी हो गई ये कैसे संभव है। एएनएम ने कहा कि ताला टुटा हुआ नहीं है यह सही बात है पर हो सकता है की पीछे का दरवाजा खुला रह गया हो जिस कारण चोर पीछे के दरवाजे से आकर चोरी की घटना को अंजाम दिए हो। इस घटना की जानकारी दारू थाना प्रभारी को फोन से दी गई है।

## पीएम सिंचाई योजना को ले डीसी ने की बैठक



**रामगढ़।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत बुधवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला योजना कार्यकारिणी रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार द्वारा उपायुक्त एवं अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जल संरक्षण के उद्देश्य से रामगढ़ जिले में 5 वर्षों की योजना बनाई गई है जिसमें योजना के तहत अब तक 2 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने योजना के तहत दुलमी प्रखंड के लगभग 5072 हेक्टेयर भूमि पर चेक डैम निर्माण, ट्रेंच कम बंड, मेढ़बंदी, सामुदायिक एवं अन्य तालाब निर्माण, मिशन अमृत सरोवर, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के कन्वर्जेन्स तथा प्रशिक्षण के तहत अब तक किए गए कार्यों एवं आगे किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। उपायुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ विकास कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करने व ससमय योजनाओं को पूरा कर लोगों को योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## स्पीड न्यूज

### करंट की चपेट में आने से गर्भवती की मौत

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के उमड़ा नकटी टोली निवासी गर्भवती महिला फुलवंती देवी की मौत विद्युत करंट की चपेट में आने से गयी है। वहीं महिला को बचाने में मृतका के पति सरवन साहू (40) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सरवन ने बताया कि घर के सामने कुछ खेती कर सब्जी लगायी थी। वहां से एक तार गुजरा था, जो जमीन तक सट रहा था। जिसे मृतका हटाने का प्रयास कर रही थी। परंतु हटाने के दौरान कटे तार की चपेट में महिला आ गयी।

### बीडीओ-सीओ ने शुरू की मुखिया के मुहर-हस्ताक्षर के दुरूपयोग की जांच



**कुडू/ लोहरदगा।** ककरगढ़ के मुखिया चेमनी देवी के द्वारा यह लिखित शिकायत दी गयी थी कि उनके मोहर और हस्ताक्षर का कोई अन्य व्यक्ति गलत तरीके से उपयोग कर रहा है और वैसे आवेदन को चांदनी प्रज्ञा केंद्र से अपलोड किया जा रहा है। अंदेशा है कि इसमें चांदनी प्रज्ञा केंद्र की मिलीभगत हो सकती है। सूचना के अनुसार बीडीओ मनोरंजन कुमार एवं सीओ प्रवीण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ संबंधित प्रज्ञा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

### लोहरदगा : वित्त मंत्री और राज्यसभा सांसद ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मौके पर जिले के सभी प्रखंड पंचायत और विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के गतिशील कार्यों पर भी चर्चा की गयी और संगठन की मजबूती एवं विस्तार के लिए विचार विमर्श किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, रोहित उरांव, आजाद खान, लोहरदगा प्रमुख सरिता कच्छप, किस्को प्रमुख सुचित्रा भगत, पंचायत समिति राजमणि उरांव, देवनाथ उरांव, जमील अंसारी, अमृता भगत, सुशीला देवी आदि उपस्थित थे।

### जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित



**लोहरदगा।** जिला स्तरीय जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला बुधवार को समाहरणालय स्थित झारनेट सभाकक्ष में की गयी। इसमें सभी उपस्थित सदस्यों को सहायक जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर तिग्गा द्वारा जन्म व मृत्यु निबंधन की महत्ता व उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि 14 जुलाई से 14 अगस्त तक जन्म व मृत्यु निबंधन हेतु एक विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसमें बीते 05 वर्षों में छूटे बच्चों का सर्वे आंगनबाड़ी सेविका घर-घर करेगी। यह सूची 15 दिन के अंदर तैयार कर लिया जाना है। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी एमओआईसी उपस्थित थे।

### लोगों को सुविधा उपलब्ध कराये नप



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने शहरवासियों की शिकायत पर गुमला नगर परिषद के वार्ड नंबर 20 स्थित बड़ा दुर्गा मंदिर क्षेत्र का दौरा कर पिछले 5 दिनों से पानी की किल्लत से जूझ रहे लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। मुहल्लावासियों ने बताया कि पिछले 5 दिनों से सप्लाई का पानी बंद होने से सिर्फ पीने का पानी भर नहीं बल्कि नहाना, कपड़ा धोने से लेकर शौच जाने में भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने यह भी कहा कि 2 दिन पानी मिलता है तो 3 दिन सप्लाई पानी बंद कर दिया जाता है। प्रतिदिन सप्लाई पानी एक घंटे भी हम लोगों को मिले तो काफी राहत मिलेगा। मौके पर श्री सिंह के साथ भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव, अजीत विश्वकर्मा, नवनीत कुमार, गोपेश्वर गोप, मोनू कुमार केसरी, छोटे प्रसाद, संजय केसरी, रिंकी देवी, फुलकुमारी देवी, प्रभादेवी, पुष्पलता देवी मौजूद थे।

### फिया फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**डुमरी।** स्वास्थ्य विभाग डुमरी एवं फिया फाउंडेशन ने गैर संचारी रोग जागरूकता एवं जांच शिविर बुधवार को केकवाल गांव में किया। जिसमें कोकावल की महिला और पुरुषों का हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के सीएचओ रंजीता लकड़ा ने एक-एक करके ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की। सीएचओ रंजीता लकड़ा ने कहा कि गैर संचारी रोग एक दूसरे से फैलने वाला बीमारी नहीं है। लेकिन आज एक बहुत ही घातक बीमारी के रूप में उभरती आ रही है। फिया फाउंडेशन के प्रोग्राम इंप्लीमेंटर ललन साहू ने बताया कि गैर-संचारी रोगों को दीर्घकालिक बीमारियों के रूप में भी जाना जाता है। क्योंकि ये लंबे समय तक रहता है। आमतौर पर ये रोग आनुवंशिक, शारीरिक, पर्यावरण और जीवन-शैली जैसे कारकों के संयोजन से होता है। मौके पर उदनी मुखिया डेविड मिंज, पंसस उर्शिला गिद्ध, वार्ड सदस्य नीलम मिंज, ग्राम प्रधान अरविंद लकड़ा, सहिया उषा कुजूर तथा फिया फाउंडेशन के पंचायत समन्वयक ममता खलखो थे।

### 50 बांस कारीगरों के बीच आधुनिक टूलकीट का नि:शुल्क हुआ वितरण



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड ने कारीगरों की पहचान कर उनका पंजीयन, कारीगर पहचान पत्र, आधार उद्यम, ई श्रम कार्ड, श्रमिक निबंधन कराते हुए उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार टूलकीट का वितरण बुधवार को किया। वहीं जिले के 8 प्रखंडों में बांस विकास शिल्प केंद्र बनाया जा रहा है। साथ ही कारीगरों के आवश्यकतानुसार और अन्य कारीगरस्थल पर भी बास शिल्प विकास केंद्र का निर्माण कराया जायेगा।

# गुमला जिला में बनेंगे 24 नये उप स्वास्थ्य केंद्र : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 24 नये स्वास्थ्य उप केंद्र बनाये जायेंगे। जिसके निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी गयी हडै। जबकि सात उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण लगभग पूर्ण होने के कगार पर है। श्री गौरव बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 53 हजार 441 आवासों में से 50 हजार 503 पूरे हो चुके हैं। लंबित 2938 आवासों को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि गुमला बाईपास सड़क निर्माण में संवेदक के धीमी गति से कार्य करने पर टर्मिनेट कर दिया गया। बाईपास सड़क पर दो उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण कार्य शेष है। जिसके लिए नया डीपीआर तैयार कर विभाग को भेजा जाएगा। वहीं पीवीटीजी ग्राम के संबंध में उपायुक्त ने कहा कि गांवों का सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। इन गांवों के विकास के लिए क्षेत्र के बीटेक व एमबीए किये युवाओं से सहयोग लिया जायेगा। गांवों में कृषि के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए बीज वितरण किया जायेगा। साथ ही मिनी ट्रैक्टर किसानों को प्रदान किया जायेगा ताकि धान के अलावे अन्य प्रकार की खेती किसान कर पायें। स्कील डेवलपमेंट के तहत युवाओं को कल्याण गुरूकुल में प्रशिक्षण देकर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य में लगायेगा। ताकि उन्हें घर पर ही रोजगार मिल सके। पीवीटीजी ग्रामों में पानी की सुविधाओं को लेकर जलस्त्रोंतों को रोककर जलापूर्ति करने की योजना है। साथ ही सभी पीवीटीजी गांवों को आदर्श बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## बाईपास सड़क निर्माण की धीमी गति को देख संवेदक को हटाया गया

- नया डीपीआर तैयार कर दो उच्चास्तरीय पुल बनाया जायेगा
- उपायुक्त ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जिले के विकास की दी जानकारी
- लंबित 2938 आवासों को शीघ्र पूर्ण करने को लेकर दिया निर्देश



**सांप काटने पर झाड़ फूंक नहीं करायें अस्पताओं में है इलाज की पूर्ण व्यवस्था :** नेशनल डिजास्टर के तहत उपायुक्त ने लोगों को सांप के काटने व वज्रपात से सुरक्षित रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के बाद लोग झाड फूंक नहीं करायें। अस्पतालों में सर्पदंश का समुचित इलाज उपलब्ध है। झाड़ फूंक के चक्कर में लोग अपनी जा गंवा बैठते हैं। वहीं वज्रपात को लेकर कहा कि बारिश होने पर सुरक्षित स्थानों पर लोग रहें। गुमला जिला थंडरिंग जोन है। बारिश के दौरान पेड़ के नीचे नहीं रहें, खेतों में काम करने से बचे।

**गुमला जिला को दिल्ली में मिलेगा भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट :** उपायुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि आगामी 18 जुलाई को भारत सरकार की ओर से लैंड डिजिटाइजेशन के मामले में बेहतर कार्य करने के लिए गुमला जिले को भूमि सम्मान प्लैटिनम सर्टिफिकेट मिलेगा। उक्त सर्टिफिकेट पाने वालों की सूची में झारखंड के 9 जिलों में से गुमला जिला भी एक है। उपायुक्त ने कहा कि गुमला जिले की टीम के लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी। इससे पूर्व जिले को राष्ट्रीय स्तर पर प्रधान मंत्री लोक प्रशासन अवार्ड से भी नवाजा गया था। इस बार पुनः जिले को उत्कृष्टता का प्रमाण पत्र दिया जाएगा जो कि जिले वासियों और जिला प्रशासन की टीम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### नप प्रशासक लिखित शिकायत करें संवेदक पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा है कि शहर में बाधित जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर संवेदक के उपर कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने नगर परिषद पदाधिकारी संजय कुमार को इस संबंध में लिखित शिकायत देने की बात कही। गुमला शहर में पिछले चार दिनों से जलापूर्ति बाधित है और गुरुवार को मुस्लिम समाज का बड़ा त्योहार बकरीद भी है। बकरीद पर्व में भी जलापूर्ति होने की संभावना नजर नहीं आ रही है।

# राउरकेला रेलवे स्टेशन से दो मानव तस्कर गिरफ्तार, जेल

- दोनों तस्करों की गुमला, खूंटी व जम्मू कश्मीर की पुलिस कर रही थी तलाश
- पीड़ित के पिता ने दर्ज करायी थी प्राथमिकी
- गुमला के दो नाबालिक लड़कियों को लेकर जम्मू कश्मीर में बेच दिया था

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार मानव तस्करों के साथ गुमला अहतु थाना की पुलिस।

**गुमला।** गुमला पुलिस ने राउरकेला रेलवे स्टेशन के आरपीएफ के सहयोग से नाबालिक बच्चों के तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में साबिर अंसारी पिता मुस्तकीम अंसारी तथा उसकी पत्नी मुन्नी खातुन दोनों ग्राम कोचेडेगा थान सिमडेगा के रहने वाले हैं। इस संबंध में गुमला अहतु थाना में कांड संख्या-02/2022 दर्ज है। दोनो अभियुक्त राउरकेला से दिल्ली भागने के फिराक में थे। लेकिन राउरकेला आरपीएफ पुलिस टीम की तत्परता से दोनों अभियुक्तों को ट्रेन चढ़ने से पहले ही हिरासत में ले लिया गया। दोनों अभियुक्तो ने गुमला थाना अन्तर्गत फोरी पंचायत के दो नाबालिग लडकियों को जम्मू कश्मीर में बेचा गया था। जिसके आरोप में पीडिता के पिता ने अहतु थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

**खास बातें :** जिसमें गुमला पुलिस की त्वरित कार्यवाई से दोनों पीडिता को सही सलामात बरामद कर गुमला लाया गया था। दोनों अभियुक्त छिप-छिप कर अलग-अलग राज्यों उत्तर-प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब में रह रहते थे। इन अभियुक्तो के द्वारा गुमला एवं खुंटी तरफ के बच्चों को प्रलोभन देकर दिल्ली व अन्य शहर में काम दिलाने के नाम पर ले जाते थे तथा वे उन्हे बेच देते थे। इन अभियुक्तों को गुमला पुलिस के आलावे, खुंटी पुलिस एवं जम्मू कश्मीर की पुलिस भी तलाश कर रही थी। अभियुक्त अहतु थाना गुमला से तीन केसो में, खूंटी के एक केस तथा जम्मू कश्मीर के एक केस में फरार था।

# देश में प्रतिभा की कमी नहीं, जरूरत उन्हें प्रोत्साहन और सम्मान देने की : नरेंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला भाजपा द्वारा भ जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह एवं झारखंड के प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी सोमा उरांव और राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी शंकर उराव को बुके एवं शॉल देकर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह ने सम्मानित किया। सोमा उरांव से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेफरी कराने का जानकारी ली। सोमा उरांव ने बताया फीफा के तरफ से उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल रेफरी कराने का मौका मिला है।



रेफरी और खिलाड़ी को सम्मान देते भाजपाई।

**खास बातें :** वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले फुटबॉल टूर्नामेंट में रेफरी कराने का मौका मिल रहा है और मुझे यह सम्मान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल रेफरी कराने के कारण यह सम्मान मिला है मैं अपना नैतिक समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दे रहा हूं। पीएम मोदी विश्व स्तर पर भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं और देश उनके नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है हम खिलाड़ियों या खेल जगत से जुड़े हुए लोगों को प्रधानमंत्री से बहुत उम्मीद एवं विश्वास है कि खेल के दुनिया में भी भारत नंबर वन बने। विगत 30 मई 2023 से 30 जून 2023 तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत संपर्क से समर्थन अभियान में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक किशोर कुमार वर्मा, कृष्णा महतो उम्र 95 वर्ष जो एक शिक्षक रह चुके हैं उन्हें भी सम्मानित किया गया। साथ ही 90909 02024 नंबर पर डायल करा कर मिस्ड कॉल कराया गया और मैसेज बॉक्स के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी को समर्थन भी उन्होंने दिया। इसी क्रम में प्रसिद्ध व्यापारी रवि खत्री, सेन्हा के किसान ईश्वर महतो को भी सम्मानित किया गया। किसान ईश्वर महतो द्वारा आधुनिक तरीके से किये जा रहे खेती को देखकर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह बहुत प्रभावित हुए उन्होंने उनसे भी खेती की बहुत सारी जानकारियां ली।

# मोदी के नेतृत्व में देश समृद्ध व शक्तिशाली बन रहा है: रैना

खबर मन्त्र संवाददाता

- जम्मू कश्मीर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री पहुंचे घाघरा, हुआ जोरदार स्वागत



**घाघरा।** जम्मू कश्मीर के भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना बुधवार को भाजपा कार्यालय घाघरा पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम घाघरा चांदनी चौक स्थित शहीद देव नारायण भगत के प्रतिमा स्थल पर श्री रैना ने पुष्पमाला चढ़ाया। इसके बाद भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया।

वहीं नरेंद्र सिंह रैना ने शहीद देव नारायण भगत की मां नीलू भगत, जनसंघ काल से रहे और भाजपा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि दिवंगत हरी विलास साहू की पत्नी उषा देवी, भूतपूर्व सैनिक देवान भगत, धनेश्वर मुंडा, सेवानिवृत्त शिक्षक हरिहर महापात्रा को अंग वस्त्र व बुके देकर समानित किया। श्री रैना ने कहा कि देश के यशस्वी पीएम के कार्य की सराहना अब विदेशों में भी होती है। उनके कार्य पर गर्व है।

# माता-पिता के साथ जिला टॉपर श्रुति हुई सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

- मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में उपहार
- प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय लोहरदगा में 10वीं जैक बोर्ड परीक्षा की जिला टॉपर श्रुति कुमारी को सम्मानित किया गया। श्रुति का नामांकन कॉलेज के विज्ञान संकाय में हुआ है। बुधवार को कॉलेज की वंदना सभा में श्रुति कुमारी और उनके आकाशी भंडरा निवासी माता-पिता क्रमशः रेखा देवी एवं अमरदीप तिवारी को उपहार, प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र भेंट कर लोहरदगा नगर में विद्या भारती विद्यालयों के समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने सम्मानित किया। अमरदीप तिवारी ने कहा कि उनकी पुत्री श्रुति की सफलता का पूरा श्रेय उसकी मेहनत को जाता है। परिश्रम ही सफलता सुनिश्चित करती है और इसका कोई विकल्प नहीं है।

### बाइक के चैन में फंसा बच्चे का पैर, एक उंगली कटी

**गुमला।** थाना क्षेत्र के तेलगांव निवासी रामू नायक का 10 वर्षीय पुत्र गुलाब नायक का बाइक से खेलने के दरमियान चैन में पैर फंसकर एक उंगली कट कर अलग हो गई है। जिसे गंभीर स्थिति में परिजन तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। घटना के संदर्भ में परिजन ने बताया कि घर के सामने एक अन्य व्यक्ति का बाइक खड़ी थी। जिसमें दो-तीन बच्चे खेल रहे थे और सूरज गाड़ी के सीट के ऊपर बैठा हुआ था। तभी अचानक उसका बायां पैर बाइक के चैन में फंस गया। जिससे बायें पैर की एक बड़ी उंगली कटकर अलग हो गयी।

### कुडू सीओ को धमकाने का आरोपी मंगरा गिरफ्तार



**कुडू / लोहरदगा।** कुडू सीओ प्रवीण कुमार सिंह को अंचल कार्यालय में घुसकर जान से मारने की धमकी देने के आरोपी कुडू हमीद नगर निवासी एनामुल अंसारी उर्फ मंगरा पिता शफीक अंसारी को कुडू पुलिस ने तड़के करीब 4:30 बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि बीते 12 मई को प्रखंड मुख्यालय के समीप लीची तोड़ने से मना करने पर आरोपी ने वहां तैनात होमगार्ड के जवान पर पिस्टल तान दी थी और उसके बाद अंचल कार्यालय पहुंच सीओ प्रवीण सिंह को भी जान मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस को सूचना देने पर वहां से फरार हो गया था। सीओ के बयान पर पुलिस ने कांड संख्या 64/23 धारा 452 /353 /307 /504 /341 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी थी।

## तीसरी लड़की की जिंदगी बर्बाद करने से पहले सैनिक की शादी रुकवाने की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

- पहली प्रेमिका ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले से कराया अवगत
- निबंधन कार्यालय में विवाह के लिए दिये गये आवेदन को रोकने की लगायी गुहार
- पहली प्रेमिका से सैनिक का है एक बच्चा

**गुमला।** दो लड़कियों के जिंदगी से खिलवाड़ करने के बाद अब तीसरी लड़की से शादी करने जा रहे कलकत्ता में तैनात बिहार 15 रेजीमेंट के जवान राज मुन्ना खड़िया के खिलाफ पहली प्रेमिका ने एसपी को ज्ञापन सौंप उसकी शादी रूकवाने की गुहार लगायी है। पहली प्रेमिका ने कहा कि शादी का झांसा देकर राजमुन्ना उसका शारीरिक शोषण करता रहा। उसने कहा कि वह जब अपने मौसी के घर गुमला थाना क्षेत्र के डुमरडीह गयी थी तब भी राज ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। जब उससे शादी की बात कही तो राज ने कहा कि वह अपनी दूसरी प्रेमिका से शादी करेगा और उसको दूसरी पत्नी के रूप में रखेगा। जिसके बाद वह न्यायालय की शरण में गई। इस मामले में न्यायालय के बाहर आपसी समझौता हुआ। उसका एक बेटा भी हुआ।

### सर्पदंश से दो बच्चियां जख्मी

**गुमला।** जिले के दो अलग-अलग स्थानों में सांप के काटने से दो बच्चियां जख्मी हो गयी। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना में घाघरा थाना क्षेत्र के चेगरी निवासी सुमन महली का 13 वर्षीय पुत्री अनिता कुमारी को सांप ने पैर में डस लिया। जिसे गंभीर स्थिति में परिजन सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की देखरेख में किशोरी का इलाज जारी है। परिजनयें ने बताया कि घर से आधा किलोमीटर दूर एक कुआं से अनीता पानी लेने के लिए गयी थी।

## लोहरदगा: सौम्या व शशांक आइआइएम में हुए चयनित

खबर मन्त्र संवाददाता




**लोहरदगा।** जिले की सौम्या और शशांक का चयन भारतीय प्रबंध संस्थान में हुआ है।उनके चयन से शहर के लोगो ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दोनों सगे भाई बहन है। उनके पिता डॉ शशि कुमार गुप्ता बलदेव साहू महाविद्यालय में रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष एवं इग्नू में को-ऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं वही उनकी माता सरकारी शिक्षिका है।

सौम्या का चयन आईआईएम काशीपुर (उत्तराखंड) में हुआ है जबकि उसके छोटे भाई शशांक का चयन आईआई एम कोजीकोट (केरल) में हुआ। सौम्या पूर्व में आईआई टी गांधीनगर से अपनी पढ़ाई पूरी की है। सौम्या मैट्रिक और इंटर में लोहरदगा जिला की टॉपर रही है, जबकि शशांक अपनी पढ़ाई पूर्व में जेवीएम श्यामली रांची से एवं पुणे के प्रतिष्ठित संस्थान सिंबोसिस से किया है।

### कुडू बस स्टैंड में दुकान निर्माण का शिलान्यास



**कुडू-लोहरदगा।** राज्य योजना मद से कार्यन्वित कुडू बस स्टैंड परिसर में दुकान एवं अंडरग्राउंड नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार 28 जून को जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, कुडू पूर्वी क्षेत्र की जिला परिषद अध्यक्ष गंगोत्री देवी, मुखिया सुषमा देवी, पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि बस स्टैंड में दुकान और नाली का निर्माण होने से यहां के दुकानदारों और यात्रियों को काफी सुविधा होगी। वर्षों पुराना बना भवन काफी जर्जर हो गया था जिससे यहां दुकान चलाने वाले लोगो को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, जिससे अब निजात मिल जायेगी।

# 21 जुलाई से 21 अगस्त तक घर-घर जा कर होगा मतदाताओं का सत्यापन कार्य

- मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व अन्य।

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरुवार को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 (एसएसआर-2024) से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। मौके पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित होता है लेकिन आगामी वर्ष में लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची में सुधार करने के लिए यह कार्यक्रम राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आप सभी इसकी सफलता में अपनी भूमिका निभायें।

**महत्वपूर्ण तिथियों की दी गयी जानकारी :** बैठक में मुख्य रूप से उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दी गयी। एसएसआर-2024 अंतर्गत सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सभी बीएलओ का प्रशिक्षण 01 जून से चलाया जा रहा है जो 20 जुलाई 2023 तक संचालित होगा। 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक बीएलओ घर-घर जा मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करेंगी। इस दौरान मतदाता सूची में नये मतदाता को जोड़ने व मृतकों का नाम हटाये जाने का भी कार्य, त्रुटि संशोधन किया जायेगा।

**खास बातें :** 22 अगस्त से 29 सितंबर 2023 तक मतदान केंद्रों का री-अरेंजमेंट किया जायेगा जहां मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है। मतदाता पहचान पत्र में अगर मतदाता का फोटो खराब है तो उसे हटाकर रंगीन स्वच्छ फोटो लगाया जायेगा। 30 सितंबर से 16 अक्टूबर 2023 तक प्रारूप 1 से 8 तैयार किये जाने का कार्य किया जायेगा। समेकित ड्राफ्ट रोल तैयार किया जायेगा।

# बीएन जालान कॉलेज सिसई में इंटर की कक्षाओं में नामांकन बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

- छात्र प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री व कुलपित के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपकर नामांकन चालू रखने की मांग की
- जिले के दो अंगीभूत कॉलेज कार्तिक उरांव कॉलेज व बीएन जालान महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई बंद होने से कई गरीब छात्र शिक्षा से हो जायेंगे दूर



डीसी से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

**गुमला।** जिला में रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले अंगीभूत कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद किये जाने को लेकर छात्र प्रतिनिधि मंडल के द्वारा बुधवार को राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं कुलपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि गुमला जिला में रांची विश्वविद्यालय के दो अंगीभूत कॉलेज कार्तिक उरांव महाविद्यालय एवं बैजनाथ जालान कॉलेज सिसई संचालित है। वर्ष 2022 से कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला में इंटर की पढ़ाई को बंद कर दिया गया। जिससे हजारों छात्रों की शिक्षा प्रभावित हुई।

इस वर्ष बैजनाथ जालान कॉलेज सिसई में इंटर की पढ़ाई बंद करने का निर्णय लिया गया है और नामांकन प्रक्रिया बंद रखी गयी है। जिसके कारण जिले के सुदूरवर्ती गांवों से पढ़ने वाले गरीब और आदिवासी विद्यार्थी इंटर में नामांकन लेने में असमर्थ हैं। जिससे उनकी आगे की शिक्षा प्रभावित हो रही है। इंटर में नामांकन बंद होने से छात्रों के साथ आम ग्रामीण जनों में भी आक्रोश है। सिसई कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष डबलू भगत ने बताया कि इस वर्ष जिले में कुल 14431 छात्र मैट्रिक की परीक्षा में पास हुए हैं। ऐसे में कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद होने से इतने छात्रों का आगे की पढ़ाई कैसे होंगी या बेहद संवेदनशील प्रश्न है।

## स्पीड न्यूज

### मारपीट में भाई-बहन घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कर्मडीह गांव निवासी स्व. मनोज मेहता की पत्नी गायत्री कुंवर वह उसका भाई प्रदुम कुमार मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में घायल गायत्री ने बताया कि इसके ससुर जोगेश्वर मेहता व पति के बड़े भाई निरंजन मेहता हमेशा मुझे प्रताड़ित करते हैं। जिसे लेकर आज गांव में पंचायती बुलाया गया था। पंचायती का भी बात यह दोनों लोग नहीं माने जिसके बाद हमारे भाई वह पिता समझौता का बात कर रहे थे। लेकिन उसी बीच गाली गलौज करते हुए जुगेश्वर मेहता व निरंजन मेहता मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### मारपीट में तीन घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के दरमी गांव निवासी मुनिफ अंसारी व उसकी पत्नी वहीदा बीबी, उसका भाई गुलाम नबी मारपीट की घटना में घायल हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में घायल मुनीफ अंसारी ने बताया कि पूर्व से हमारे गोतिया फारूक अंसारी से भूमि बंटवारा को लेकर विवाद चल रहा है। जब हम लोग रेहला से अपने घर आ रहे थे। उसी बीच नावाडीह गांव के पास मोटरसाइकिल को रुकवा कर फारूक अंसारी, इसरत अंसारी, असमुद्दीन अंसारी, वकील अंसारी, मंजर अंसारी आदि लोग ने लाठी-डंडे गड़ा से मारपीट कर घायल कर दिया।

### बोलेरो व बाइक की टक्कर में महिला की मौत

**गढ़वा।** जिले के धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी पंचायत के समलाडीह गांव निवासी अमर यादव के 35 वर्षीर्या पत्नी फुलवंती देवी की मौत बोलेरो व मोटरसाइकिल की टक्कर में हो गईं। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि फुलवंती देवी अपना देवर विजय यादव के साथ सगमा सोंडीहा मायके जा रही थी। उसी दौरान अकेलवा टोला के पास इसकी मोटरसाइकिल बोलेरो से टकरा गई उसी क्रम में फुलवंती देवी घायल हो गई उसे गंभीर स्थिति में एक बोलेरो पर घायल अवस्था में लेकर सदर अस्पताल आने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### महिला ने की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** जिले के रमना थाना क्षेत्र के बहियार खुर्द निवासी सोनू राम की पत्नी प्रियंका देवी ने सिंदूर पीकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम पति से किसी बात को लेकर नोकझोंक हुआ था। तभी गुस्से में प्रियंका ने आत्महत्या करने के प्रयास से सिंदूर घोलकर पी ली। घटना के बाद स्थिति बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** जिले के रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगिंदर प्रसाद की पत्नी रीता देवी फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में किसी बात को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। उसी बात से उग्र होकर रीता देवी ने फांसी लगाकर हत्या करने का प्रयास की। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के फरठिया पंचायत निवासी जितेंद्र चौधरी के पत्नी ललिता देवी चूहा मारने की दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में पति जितेंद्र चौधरी ने बताया कि ललिता देवी अपने मायके जाने के लिए कह रही थी। जिसे लेकर मना करने पर उसने घर में रखे चूहा मारने की दवा पी ली। सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बकरीद पर्व को लेकर कोडरमा में फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बकरीद पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण व आपसी भाईचारे के साथ मनाने के संदेश के साथ बुधवार को थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च मरकच्चो, लोहडियो, देवीपुर, नवाडीह, दरदाही आदि समेत कई इलाकों में निकाला गया। इस क्रम में लोगों से बकरीद की नमाज अदा करने, बेवजह भीड़ नहीं लगाने व सरकार की ओर से जारी निर्देशों का पालन करने की अपील की गई।

# प्रबंधन समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में केंद्रीय विधालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में डीसी श्री रंजन ने छात्र छात्राओं के लिए स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लिया, साथ समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने स्कूल में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने, बच्चों को नियमित रूप से स्कुल आने के लिए प्रेरित करने समेत कई निर्देश दिये। बैठक में प्राचार्य निशांत कुमार दुबे ने बताया कि स्कूल में पेयजल, खेल का मैदान, पहुंच पथ, लाइट समेत कई



मूलभूत सुविधाओं से स्कूल जूझ रहा है, मगर केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और उपायुक्त के सकारात्मक सहयोग के कारण स्कूल में मूलभूत सुविधाओं में बढ़ोतरी हुई, जिससे बच्चे लाभान्वित हो रहे है, इसके पूर्व डीसी ने विभिन्न उपकरणों का उदघाटन किया। साथ ही कक्षा प्रथम के छात्र छात्राओं को प्रवेशिका बुकलेट और उपहार प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर नवीन कुमार, मैत्री त्रिपाठी, अमित रंजन, शिल्पी कुमारी, तपस्विनी, ज्योति, रितेश, शबनम, विक्रम, मनीषा कुमारी, आशीष सिन्हा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं और कर्मी मौजूद थे।

### डीसी ने तमासिन जलप्रपात का किया निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने कान्हाचट्टी स्तिथ तमासिन जलप्रपात पहुंच वहाँ सैलानियों की मौजूदा सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो को सैलानियों की संख्या में होने वाले अपेक्षित वृद्धि को देखते हुए विगत वर्षों में जलप्रपात स्थल में सैलानियों के डूबने जैसी जानलेवा हादसे दोबारा न हो उसको लेकर कई जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सैलानियों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने को लेकर तथा किसी भी अनहोनी दुर्घटना पर अंकुश लगाने व उससे निपटने हेतु निर्देश दिया कि सैलानियों को पोस्टर व अन्य माध्यमों से सुरक्षा सम्बंधित जानकारी से जागरूक किया जाए।

### बकरीद पर्व को लेकर निकाली गयी फ्लैग मार्च

**सिमरिया।** अनुमण्डल क्षेत्र में शांति पूर्ण बकरीद पर्व मनाने को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना परिसर से निकाली गयी फ्लैग मार्च। यह फ्लैग मार्च चौक के सभी मुख्य मार्गो पर सैकड़ों पुलिस कर्मियों के साथ निकाली गयी। बकरीद पर्व को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास ने कहा कि क्षेत्र में अमन चैन से मनाई जाएगी त्यौहार। वहीं आगे कहा कि गलत अफवाह फैलाने वालों पर लोग ध्यान दें । उनके गलत अफवाह पर न जाए। यदि किसी तरह का कोई बात होती है तो सीधे एसडीओ, बीडीओ, सीओ,थाना प्रभारी को जानकारी दें ना की अफवाह फैलाए। त्यौहार मिलजुल कर हसीं खुशी मनाने का पर्व है। चाहे किसी वर्ग का त्यौहार हो। अफवाह फैलाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस्पेक्टर, बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से कहा कि किसी भी हाल में अफवाह फैलाने वालों पर बख्शा नहीं जाएगा।

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# मानको को पूरा नहीं करने वाले डीजे संचालकों पर होगी कार्रवाई : डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय पर हुई कार्रवाई की समीक्षा किये। तत्पश्चात जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा मई माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं के बारे में बताया गया। वहीं उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी लेते हुए कहा कि बिना हेलमेट व तीन लोडिंग कर दुपहिया वाहन चलाने वालों पर भी कार्रवाई करने, नगर पंचायत कोडरमा अंतर्गत सुधा स्वीट्स और ध्वजाधारी धाम के पास ऑटो स्टैंड स्थापित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। वहीं प्रस्तावित ऑटो स्टैंड की टेंडर प्रक्रिया पूरा करने का निर्देश दिये, हिट एंड रन मामले को निष्पादन करने की बात कही। साथ ही थाना स्तर पर और स्कूल स्तर पर नियमित सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने, लोहासिकर नदी के पास वाले तीखा मोड़ के पास रबर स्टीप के साथ साथ साइनेज लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि दुर्घटना की संभावनाओं को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि एनएच से जुड़े जितने भी गांव हैं, उन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगायें। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिये कि निजी विद्यालय स्तर पर संचालित बसों के चालक और कंडक्टर का पूरी रिपोर्ट के साथ सत्यापन करने का निर्देश दिया गया।

**आये दिन डीजे से हो रही दुर्घटना से जिला प्रशासन सख्तः** डीटीओ भगीरथ प्रसाद ने उपायुक्त को बताया कि डीजे से आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है, डीजे संचालक अपने वाहन में रॉड के माध्यम अतिरिक्त स्थान निकाल देते हैं, जिससे दुर्घटनाएं होने की ज्यादा संभावना होती है और दुर्घटनाएं हो भी रही है। साथ ही डीजे काफी आवाज में बजाते हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण होती है। उपायुक्त ने सभी मामलों को संज्ञान में लेते हुए कहा कि जिले में जितने भी डीजे संचालक हैं, वे अनुमंडल कार्यालय में अपना रजिस्ट्रेशन करायेंगे और अपने अपने दुकानों में सर्टिफिकेट लगायेंगे। उन्होंने कहा कि मानकों को पूरा नहीं करने वाले डीजे संचालकों व दुकानों पर सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

# अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार मंगलवार देर शाम को जिला खनन पदाधिकारी चतरा गोपाल दास द्वारा जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। खनन पदाधिकारी ने बताया कि अंचल अधिकारी हंटरगंज थाना के पुलिस बल के साथ मैसर्स कौलेश्वरी स्टोन वर्क खनन पट्टा लूटा पट्टा हंटरगंज की जांच की गई जांच के समय पट्टे धारी द्वारा प्रस्तुत की गई सभी वैधानिक कागजात की जांच की गई इसमें खदान वैध पाया गया और खदान का नापी भी किया गया जिसमे अनियमितता देखी गई है जिसपर नियमानुसार करवाई की जाएगी।

आगे उन्होंने कहा पत्थर खनिज का ओवरलोडिंग कर परिवहन कर रहे हंटरगंज क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई जिसमें एक हाईवा ओवरलोडेड पत्थर बोल्डर के साथ पकड़ा गया जिसे हंटरगंज थाना को आवश्यक कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं जांच के क्रम में बालू घाटों की भी जांच की गई। जांच में अवैध खनन बंद पाया गया। झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड द्वारा स्टॉक यार्ड में भंडारित बालू की भी जांच की गई है स्टॉक यार्ड में पर्याप्त बालू है जिसकी ऑनलाइन बुकिंग चालू है आम जनों से अपील है कि झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के द्वारा संचालित बालू स्टॉक यार्ड लोहसिंगना गढ़ केडली और बाकी से बालू की खरीदारी की जाए। वर्तमान में 10 जून से 14 अक्टूबर 2023 तक माननीय एनजीटी न्यायालय द्वारा नदी घाट से बालू खनन पर पाबंदी है पकड़े जाने पर सक्त करवाई की जाएगी।

## ओवरलोडेड पत्थर बोल्डर लदा हाइवा जब्त



### जयनगर में बकरीद पर्व को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जयनगर (कोडरमा)।** एएसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में जयनगर थाना क्षेत्र में बकरीद पर्व को लेकर जयनगर पुलिस ने बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च जयनगर मस्जिद मोहल्ला, पेठियाबागी, डंडाडीह, पिपचो, बाघमारा, भुवालडीह, तेतरोन आदि इलाकों में फ्लैग निकाला गया। इस क्रम में लोगों से बकरीद की नमाज अदा करने, बेवजह भीड़ नहीं लगाने व सरकार की ओर से जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न दें, सोशल मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, एएसआई दिलीप मंडल सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# 125 लाभुकों ने राशन नहीं मिलने पर उपायुक्त को दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लाभुकों ने राशन नहीं मिलने के संबंध में गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग जिला अध्यक्ष सह नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी के लेटर पैड के माध्यम से गढ़वा उपायुक्त को हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया है। जिसका प्रतिलिपि झारखंड सरकार के माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को भी दिया गया है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत मझिआंव के अंतर्गत ग्राम दूबेतहले, उंचरी, मझिआंव चंद्री भुसुआ तथा अन्य गांव के लगभग 125 लाभुकों को जन वितरण प्रणाली के तहत राशन नहीं मिल रहा है। जिसमें लाभुक विनय कुमार, अमरकांत कुमार, रिंकी देवी, रीता देवी, निर्मला देवी, ममता देवी, शिव कुमारी देवी, कुलमती कुंवर,नगीया कुंवर, सविता देवी, राजपति देवी, बसंती देवी, लखपतिया देवी, लीलावती देवी सहित 2 दर्जन से अधिक लाभुकों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन में नाम शामिल है। साथ ही आवेदन में उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत मझिआंव के अंतर्गत हम ग्रामीण लाभुकों को पूर्व में अरुण दुबे बकोईया, मझिआंव के द्वारा हमें राशन मिलता था लेकिन कुछ माह पूर्व उनके अनियमितता बरते जाने के कारण उनका जन वितरण प्रणाली दुकान को निलंबित कर दिया गया है। तत्पश्चात हमलोगों को संपूर्ण रूप से राशन नहीं मिल पा रहा है। हम ग्रामीण एमओ साहब के चार्ज में सीओ साहब के पास जाते हैं जब हम अपनी बात उनसे कहते हैं तो सीओ साहब बोलते हैं कि आपको जहां जाना है वहां जाइए राशन आप सभी को नहीं मिलेगा। वहीं लाभुकों ने उपायुक्त से आग्रह करते हुए कहा कि हम सभी गरीब लोगों को राशन देने की कृपा की जाए।

इधर विशेष जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी सह भावी मझिआंव नगर पंचायत के भावी अध्यक्ष प्रत्याशी मारुतिनंदन सोनी ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ नाइंसाफी हो रही है और इन सभी लोगों को हर हाल में जन वितरण प्रणाली का राशन मिलना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि एम ओ के द्वारा मनमानी तरीके से ग्रामीण जनता को जवाब दिया जा रहा है यह सरासर गलत है।



आवेदन देने पहुंचे लाभुक


## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**अल्पकालीन ई०–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय का नाम | कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची। |
| 2. | विषय | राज्य के काराओं में संसीमित बंदियों के उपयोगार्थ रोटी तैयार करने हेतु Roti Making Unit (Semi Automatic) के क्रय/अधिष्ठापन/परीक्षण/कार्यशील (सभी सहायक उपस्कर सहित) एवं वार्षिक रख–रखाव(CAMC) के निमित्त Work Contract हेतु ई०निविदा का आमंत्रण। |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) | ₹10,000.00 (दस हजार) मात्र (बैंक ड्राफ्ट के रूप में, जो कारा महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची के पदनाम से राँची में भुगतेय होगा)। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के प्रकाशन की तिथि एवं समय | 05.07.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से। |
| 5. | Pre bid की तिथि, समय एवं स्थान | 11.07.2023 को अपराह्न 03:00 बजे, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में। |
| 6. | निविदा online upload करने की अंतिम तिथि | 23.07.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | Tender Fee, EMD का original Hard Copy जमा करने की तिथि | 25.07.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | 26.07.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में। |

नोट :– 1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जाएगा। निविदा से संबंधित नियम, शर्तें इत्यादि की सूचना उक्त website से प्राप्त की जा सकती है।
2. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु कारा निरीक्षणालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, नगर प्रशासन भवन, एच०ई०सी० कैम्पस, धुर्वा, राँची में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

(उमा शंकर सिंह)
कारा महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची।

PR.NO.301030 Prison(23-24):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०-02,गढ़वा

**अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/07/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टिफिकेशन नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के खरौंधी प्रखण्ड में ग्राम पंचायत–राजी में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -1 |
| 2 | गढ़वा जिला के धुरकी प्रखण्ड में ग्राम–खुटीया में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -2 |
| 3 | गढ़वा जिला के नगर उँटारी प्रखण्ड में ग्राम–चितविश्राम में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -3 |
| 4 | गढ़वा जिला के नगर उँटारी प्रखण्ड में ग्राम–बम्बा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -4 |
| 5 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड में ग्राम–संगबरिया में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -5 |
| 6 | गढ़वा जिला के चिनियाँ प्रखण्ड में ग्राम–चपकली में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -6 |
| 7 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड में ग्राम–खरडीहा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य। | 5550000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 06 माह | RWD/SD/GARHWA/07/Gr. -7 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि –03.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–03.07.2023 से दिनांक–10.07.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–03.07.2023 से 13.07.2023 (कार्यालय अवधि तक)
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :–
1. जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा।
2. जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
14. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताएँ योजना का प्रखण्ड एवं ग्राम परिवर्तीत किये जा सकते है।
15. Experience एवं अन्य Certificate का Fake Paper निविदा में संलग्न करने पर कानुनी कार्रवाई की जा सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 301113 Rural Development(23-24).D



## झारखण्ड सरकार
## आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, झारखण्ड मंत्रालय
## कल्याण कॉम्पलेक्स, मोराबादी, राँची

**अल्पकालीन सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों एवं झारखण्ड आश्रम एण्ड एकलव्य विद्यालय एजुकेशन सोसाईटी, राँची का अंकेक्षण कराया जाना है। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा प्राप्त दिशा निदेशों के अनुसार संचालनकर्ता गैर सरकारी संस्थाओं को मदवार राशि का भुगतान किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक–10.07.2023 अपराह्न–06:00 बजे तक, आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स (द्वितीय तल), बलिहार रोड, मोराबादी, राँची। |
| 2 | खुलने की तिथि, समय एवं स्थान | दिनांक–11.07.2023 अपराह्न–02:00 बजे, आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स (द्वितीय तल), बलिहार रोड, मोराबादी राँची। |

अतः इच्छुक Chartered Accountant & Co. निम्न Activity से सम्बंधित अपना दर बन्द लिफाफा में दिनांक–10.07.2023 अपराह्न–06:00 बजे तक आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स (द्वितीय तल), बलिहार रोड, मोराबादी में समर्पित कर सकते है।

1. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त दर स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. Chartered Accountant & Co. का महालेखाकार, झारखण्ड, राँची के द्वारा Empanelled Auditors की सूची में Empanelled होना आवश्यक है। इस विषय का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
3. Chartered Accountant & Co. को समान कार्य करने का न्यूनतम 05 कार्यो का अनुभव होना अनिवार्य है। उक्त अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. इच्छुक Chartered Accountant & Co. विद्यालयों के संचालन हेतु गैर–सरकारी संस्थाओं के साथ कृत Concession Agreement का प्रारूप एवं अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
5. चयनित Chartered Accountant & Co. के द्वारा गत वित्तीय वर्ष–2022–23 एवं वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों एवं झारखण्ड आश्रम एण्ड एकलव्य विद्यालय एजुकेशन सोसाईटी, राँची का अंकेक्षण किया जाएगा।
6. Chartered Accountant & Co. का गत तीन (03) वित्तीय वर्षों में प्रति वर्ष न्यूनतम 100.00 लाख Turnover होना अनिवार्य है। इस विषय का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।
7. इच्छुक Chartered Accountant & Co. को अपना PAN, GSTIN एवं Not Blacklisted होने का Affidavit जमा करना अनिवार्य होगा।
8. Chartered Accountant & Co. के 02 अथवा 02 से अधिक पार्टनर्र का ICAI का सदस्य होना अनिवार्य है।
9. इच्छुक Chartered Accountant & Co. को तकनीकी एवं वित्तीय सूचना सम्बंधी दस्तावेज अलग–अलग बन्द लिफाफा में जमा करना होगा।
10. प्राप्त दर खुलने के पश्चात् जिस Chartered Accountant & Co. को चयनित किया जाएगा, उसे वित्तीय वर्ष–2022–23 के उक्त Item अथवा Activity से सम्बंधित सभी प्रतिवेदन आदेश निर्गत तिथि के 15 दिनो के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगा।
11. इच्छुक Chartered Accountant & Co. निम्न Activity के अनुसार दर जमा करेंगे:-

| Item or Activity | Quoted Rate (inclusive of all taxes) |
|---|---|
| गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के व्यय का Audit (प्रति विद्यालय, प्रति वर्ष) | |
| झारखण्ड आश्रम एण्ड एकलव्य विद्यालय एजुकेशन सोसाईटी का Audit (प्रति वर्ष) | |
| सभी Audit Report का Compilation तथा झारखण्ड आश्रम एण्ड एकलव्य विद्यालय एजुकेशन सोसाईटी का Utilization Certificate तैयार करना। (प्रति वर्ष) | |
| BRS इत्यादि तैयार करना। (प्रति वर्ष) | |

12. उक्त इच्छुक Chartered Accountant & Co. द्वारा प्राप्त Quoted Rate (inclusive of all taxes) में से जिस Chartered Accountant & Co. का सभी Item अथवा Activity के Quoted Rate का कुल योग न्यूनतम होगा, उनका दावा स्वीकार किया जाएगा। इस पर अधोहस्ताक्षरी का अंतिम निर्णय ही मान्य एवं बाध्य होगा।
13. इसके सम्बंध में किसी प्रकार का विधिक निर्णय राँची न्यायालय में स्वीकार होगा।

आदिवासी कल्याण आयुक्त–सह–सदस्य–सचिव, JAEVES, झारखण्ड

PR 301117 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department (23-24)_D

## स्पीड न्यूज

### खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की बैठक दो जुलाई को

**लातेहार।** खरवार भोगता समाज विकास संघ केंद्रीय समिति की बैठक दो जुलाई रविवार को रांची मोरहाबादी स्थित नीलांबर पीताम्बर पार्क में सुबह 11 बजे से होगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने बताया कि एक जुलाई की बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसलिए केंद्रीय समिति के सभी पदाधिकारियों, सभी जिला अध्यक्ष एवं सचिव से आग्रह है कि बैठक को आवश्यक समझते हुए जरूर पहुंचे।

### लोकसभा चुनाव मे कम मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्र मे किया सत्यापन

**बारियातू।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कम प्रतिशत हुए मतदान केंद्र का हॉउस टू रॉल-रॉल के तहत विधिवत सत्यापन किया। उक्त सम्बन्ध मे सहायक निर्वाचन पदाधिकारी कुमारी ने बातया की मतदान केंद्र संख्या 60 में लोकसभा चुनाव मे कम मतदान हुआ था। मतदान केंद्र संख्या 60 के पोषक क्षेत्र पहुंचकर सत्यापन करते हुए वहाँ के बचे हुए सुयोग्य नागरिकों को मतदान सूची मे नाम जोड़वाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं सम्बंधित बीएलओ बबिता कुमारी को शत प्रतिशत सुयोग्य नागरिकों को निबंधन करने एवं त्रुटी रहित मतदाता सूची तैयार करना के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं आसपास के ग्रामीण महिला पुरुषों को मताधिकार के सम्बन्ध मे कई अहम जानकारी दिया गया। मौके पर काफी संख्या मे महिला-पुरुष मौजूद थे।

### बालूमाथ में नो एंट्री लगाने की मांग

**बालूमाथ।** झारखंड कामगार मजदूर यूनियन संघ के नेता प्रदीप गंझु ने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव से बालूमाथ में नो एंट्री लगाने की मांग की है। प्रदीप गंझु ने बताया की बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित दो कोलियरी संचालित हैं जिसमें मगध और तेतरियाखांड कोलियरी शामिल है। कोलियरी से निकलने वाली प्रतिदिन सैकड़ो गाड़ियों का परिचालन बालूमाथ रांची मुख्य पथ एनएच 22 से होता है। उसके अलावा अम्रपाली कोल परियोजना की भी गाड़ियां बालूमाथ एनएच 22 से होकर गुजरती है। प्रतिदिन सैकड़ो कोयला लदे वाहन के परिचालन से लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण घंटों इमेज में जाम लग जाता है साथ ही भारी वाहन के आवाजाही करने के कारण हादसे की भी आशंका बनी रहती है। हाल के दिनों में बालूमाथ में सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी हुई है। प्रदीप गंझू ने बालूमाथ में दिन में हो रहे कोयला ढुलाई पर रोक लगाते हुए नो एंट्री लगाने की मांग की है। ताकि बालूमाथ में जाम न लग सके।

### चंदवा से 11 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ की यात्रा पर रवाना

**चंदवा।** बाबा बफर्नी के दर्शन को लेकर चंदवा से 11 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार की रात्रि अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। धार्मिक यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को प्रदेश स्तरीय भाजयुमो नेता अरविंद तिवारी ने भगवा अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया व सुखद यात्रा की कामना की। यात्रा पर जा रहे लोगो ने कहा कि यात्रा के दौरान बाबा बफार्नी का दर्शन कर वे सभी क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेंगे। यात्रा पर रवाना होने वालों में प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, अजय, विकाश कुमार, अरुण कुमार, पिंटू कुमार, पंकज जयसवाल, श्याम प्रजापति, फंटूश जायसवाल, शशिभूषण भगत, नारायण बैठा शामिल हैं।

### लोग पेयजल समस्या से है त्रस्त, उपायुक्त से पहल की मांग

**चंदवा।** हुटाप पंचायत अंतर्गत जतराटांड़ गांव के ग्रामीण आज भी पानी की विकट समस्या से जूझ रहे हैं। पेयजल के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आजादी के 75 वर्ष बीत जाने भी बाद भी कई ग्रामीण क्षेत्रों का हालत यह है कि लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए अब तक तरस रहे हैं। ऐसा ही हाल हुटाप पंचायत के जतराटांड़ गांव के लोगों का है। इस गांव में करीब 1 दर्जन से अधिक घर है। सभी घर दूर दूर पर स्थित है। टोले में एक भी चापाकल नहीं है। 3-4 निजी जमीन पर कुएं स्थित हैं जो काफी दूर-दूर में हैं। इस संबंध में बुधवार को वार्ड संख्या 4 की सदस्या बिरसमणि देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर आवाज बुलंद किया। गांव के आकाश मुंडा, शत्रुघ्न सिंह, नरेश सिंह, अरुण मुंडा, नैनो मुंडा, अनिल मुंडा, विनय सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि पेयजल को लेकर गांव में स्थिति दयनीय है। करीब 1 किलोमीटर दूर खुले कुएं में से पानी लाकर दैनिक कार्य करना पड़ता है। पशुओं को पिलाने के लिए या खुद पीने के लिए उसी कुएं के पानी का सहारा लेना पड़ता है। सुबह से ही परिवार के सदस्य पानी ढोने में लग जाते हैं। एक भी चापाकल नहीं होने से लोगों को बड़ी समस्या उठानी पड़ रही है। लोगों ने उपायुक्त से तत्काल इस दिशा में सार्थक पहल की मांग की है।

### सरयू में निकली गई भव्य कलश यात्रा



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र में बजरंग बली के छठा वर्षगांठ गाजे-बाजे व धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं बजरंग बली के छठा वर्षगांठ के शुभ अवसर पर सरयू के चौपत नदी से श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा लेकर सरजू के महावीर मंदिर होते हुए देवी मंडप तक कलश यात्रा को संपन्न किया गया। छठा वर्षगांठ के अवसर पर महावीर मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना सात कार्यक्रम को संपन्न किया गया। मौका पर श्रद्धालु गन ईश्वर प्रसाद, उदय प्रसाद, शशि कुमार, मिथुन कुमार, बिरेंद्र प्रसाद, संजीव प्रसाद, अमलेश प्रसाद, सूरजमल प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, किनु नायक, सेन्धोर नायक, समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं मौजूद थे।

## तिसिया और नावाटोली को बूढ़ा पहाड़ से जोड़ने को बनाया गया ओनम सेतु

# बूढा पहाड़ को बाहरी दुनिया से जोड़ने का हो रहा है प्रयास : अंजनी अंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ओनम सेतू पुल का उद्घाटन करते एसपी व अन्य



उद्घाटन के बाद पुल का निरीक्षण करते एसपी

**गारू।** देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ ने लातेहार में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले बूढा पहाड़ को आस-पास से जोड़ने में बड़ी सफलता पायी है। श्रम दान से ओनम सेतु निर्माण में जिला प्रशासन, लातेहार पुलिस एवं सीआरपीएफ ने तेईस दिनों तक कड़ी मशक्कत के बाद तिसिया और नावाटोली बूढा पहाड़ तक जाने वाले रास्ते मे तिसिया के पास बूढ़ा नदी पर ओनम सेतु का निर्माण किया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ विधिवत पूजन कर ओनम सेतु का उद्घाटन सीआरपीएफ के अधिकारी, थाना प्रभारी बारेसांढ़, महुआडांड़, गारू के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बताते चले कि उक्त ग्राम बरसात के दिनों में बाहरी दुनिया से कट जाते थे। ग्रामीणों को इमरजेंसी में जान जोखिम में डालकर नदी पार करना पड़ता है। जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने बताया कि अभी इस इलाके में पुल नहीं बन सका था, जिसके कारण बारिश के दिनों में ग्रामीणों के साथ जवानों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा था। बाढ़ आने के बाद यहां के गांव मुख्य मार्ग से कट जाते थे। पुल बनने से उन्हें बहुत फायदा होगा। मौके पर सीआरपीएफ 218 बटालियन के कमानडेंट मो खालिद खान, द्वितीय कमान अधिकारी संजय त्रिपाठी, सहायक कमानडेंट हेमंत जसोरिया, 214 बटालियन के कमाण्डेंट केडी जोशी, बारेसांढ़ थाना प्रभारी रंजित कुमार यादव, महुआडाड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव, गारू थाना प्रभारी राजीव भगत, एसआई पवन कुमार रजक, करण कुमार यादव समेत सुरक्षा बल मौजूद थें।

# गजराज का तांडव: जंगली हाथियों ने कुचलकर एक को मार डाला

## जंगली हाथियों के आतंक से डर के साये में जी रहे ग्रामीण, विभाग के प्रति भारी रोष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



परिजनों को मुआवजा राशि देते अधिकारी व मुखिया

**चंदवा।** चंदवा के जंगलों से सटे ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों रौद्र रूप थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगल की मध्यरात्रि बाद 3 दर्जन से अधिक की संख्या में आये जंगली हाथियों के झुंड के डुमारो पंचायत अंतर्गत ढोंटी कोरंजवाटांड में एक वृद्ध को पटककर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पहचान प्रेम गंझू (63) पिता स्व. रघु गंझू के रूप में हुई। बुधवार को वन विभाग की टीम गांव पहुंचकर शव को कब्जे लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जंगली हाथियों का झुंड रविवार रात्रि से ही घोड़ियालांगर जंगल मे डेरा जमाए हुए थे, मंगलवार रात्रि होते ही हाथियों का झुंड अचानक गांव में धमकी व उत्पात मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोगो इधर-इधर भाग कर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में भागने लगे। इसी दौरान हाथी वृद्ध का घर तोड़ने लगा तो वृद्ध प्रेम गंझू भागने का प्रयास किया, इसी क्रम में हाथियों के झुंड ने में घेर कर सूंड से पटक दिया व कुचलकर मार डाला। इधर घटना के बाद वन विभाग के द्वारा मुखिया सुनीता खलखो की मौजूदगी में मृतक के परिजनों को तत्काल 40000 रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया। वहीं एक सप्ताह के बाद 60 हजार व कागजी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 3 लाख रुपए का मुआवजा दिये जाने का भरोसा दिया।

**बंगाल से बुलाई गई स्पेशल टीम के द्वारा हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने का किया जा रहा है प्रयास**

इधर वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जंगली हाथियों को सुरक्षित कॉरिडोर बनाकर क्षेत्र से दूर भागने के लिए बंगाल से स्पेशल टीम बुलाई गई है। जिनके द्वारा हाथियों को क्षेत्र से भगाने का प्रयास किया जा रहा है। इन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने व जंगली हाथियों तो उग्र करने से बचने की सलाह दी है।

**वन विभाग पर गलत कार्यशैली का आरोप**

इधर घटना के बाद मुखिया सुनीता खलखो व पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी घटना को लेकर रोष प्रकट किया। वन विभाग की कार्यशैली पर रोष प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि आए दिन जंगली हाथियों का झुंड ग्रामीण इलाकों में तांडव मचा रहा है। वन विभाग जंगली हाथियों को क्षेत्र से दूर भगाने के बजाय मुआवजा देकर कोरम पुरा करती नजर आ रही है, जिसका खामियाजा आम जनों को जान माल की क्षति उठाकर भुगतना पड़ रहा है। वन विभाग तत्काल जंगली हाथियों की झुंड को क्षेत्र से दूर भगाए ताकि लोगों की जानमाल की रक्षा हो सके।

## निर्धन बेटी की शादी में एसपी ने किया सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



परिवार से मुलाकात कर सहयोग करते एसपी

**गारू।** गारू प्रखंड के बारेसांढ़ थाना क्षेत्र के बारेसांढ़ निवासी मजदूर लालमुनी घांसी के पुत्री की अत्यधिक गरीबी के कारण शादी मे कठिनाई आ रही थी ऐसे में लातेहार पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को पुरे टीम के साथ पहुंच कर नकद सहायता राशि उपहार के तौर पर दिया। इससे पहले मंगलवार को बारेसांढ़ थाना के पुलिस आवश्यक सामान सहित नकद सहायता उपहार के तौर पर दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि पुलिस केवल, उग्रवादी, नक्सली अपराधियों पर करवाई ही नहीं करती बल्कि सामाजिक दायित्व के तहत में कमजोर लोगों को मदत भी करती है। इस दौरान विवाह पर जरूरत का सामान भेंट किया गया कहते हैं। कन्यादान महादान होता है फिर चाहे वह किसी की भी कन्या हो, जहां समाज में बेटी को अभिशाप के तौर देखा जाता है जबकि बेटियां भी किसी मामले में लड़के से कम नहीं होते हैं। लालमुनी घांसी तथा पत्नी ललिता देवी नें सराहनीय कदम के लिए लातेहार पुलिस को धन्यवाद दिया। मौके पर सीआरपीएफ के वरीय अधिकारी, थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, एसआई पवन रजक, करण यादव समेत पुलिस बल मौजूद थे।

## 13 जलमीनार लगा, फिर भी लोग झरिया के पानी पर निर्भर



पानी भरते ग्रामीण

**महुआडांड़।** जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग की महत्त्वपूर्ण जल जीवन मिशन स्कीम का मुख्य लक्ष्य यह है, कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले परिवार जिन्हें पानी की समस्याओं से जूझना पड़ता है, ऐसे नागरिकों को इस समस्या से निजात मिले, लेकिन प्रखंड के पंचायत ग्राम परहाटोली में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लाखो रूपए खर्च कर जल जीवन मिशन के तहत एक महीने पूर्व ही ग्रामभर में 13 नये बोरिंग खोदकर सोलर सिस्टम अधारित जलमीनार लगाए जाने के बाद भी यहां के नागरिको को पानी की समस्या से निजात नही मिल पाई, करीब 40 आदिवासी परिवार है, जो गांव से 500 मीटर दूर स्थित डोगीं झरिया में पेयजल के लिए निर्भर है।

## बकरीद को लेकर चंदवा पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार बकरीद के दौरान दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर बुधवार की शाम चंदवा पुलिस प्रशासन के द्वारा मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च की अगुवाई एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलू कुमार कर रहे थे। चंदवा थाना परिसर से शुरू हुई फ्लैग मार्च गैरेज लेन, मुख्य बाजार, सुभाष चौक, कंचन नगरी, तिलैयाटांड होते पुनः थाना पहुंचकर सम्पन्न हो गयी। एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र ने लोगो से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की व सोशल मीडिया पर आने वाले भ्रामक व भेदभाव फैलाने वाले संदेशों को साझा करने से बचने की बात कही।

## अपूर्ण आवासों को पंद्रह दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश

- निर्धारित अवधि के अंदर आवास पूर्ण नहीं करने वालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी : राकेश सहाय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लाभूको को निर्देशित करते बीडीओ

**बरवाडीह।** जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर बरवाडीह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बुधवार को पीएम आवास योजना के प्रखण्ड समन्वयक दीपक कुमार के साथ मंगरा और खूरा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अधूरे पड़े आवासों को देखकर नाराजगी जताई। वहीं लाभुकों को चेतावनी देते हुए कहा कि 15 दिनों के अंदर यदि उन्होंने अपने अपने अपूर्ण आवासों को नहीं बनाया तो उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सरकारी राशि गबन करने के जुर्म में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि वर्तमान में पूरे बरवाडीह प्रखण्ड में 442 आवास अपूर्ण है, जिन्हें अब तक बन जाना चाहिए था। मगर लाभुकों की उदासीनता के कारण उनके आवास लंबित है। उन्होंने बताया कि बरवाडीह प्रखण्ड में सर्वाधिक आवास मंगरा पंचायत में 80 की संख्या में अपूर्ण है जो चिंताजनक हैं। उन्होंने पूरे प्रखण्ड के लाभुकों को पंद्रह दिनों के अंदर आवास को पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित अवधि के अंदर आवास पूर्ण नहीं किया गया तो उनके उपर प्राथमिकी दर्ज करने के साथ सरकारी राशि रिकवरी की कारवाई की जाएगी।

# मजदूरों के हक पर डाका डाल रहें है पीटीआर के अधिकारी

- पलामू टाइगर रिजर्व में जेसीबी से कराई जा रही है ट्रेंच की खुदाई
- रोजगार की तलाश में रोजाना दूसरे राज्यों में पलायन कर रहें है मजदूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पीटीआर में जेसीबी से ट्रेंच की हो रही खुदाई

**बरवाडीह।** एक ओर जहां पलामू टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में निवास करने वाले मजदूर किसान रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर पीटीआर के अधिकारियों द्वारा स्थानीय मजदूरों से कार्य कराए जाने की बजाय मशीनों से कार्य कराया जा रहा है। बता दें कि छिपादोहर से हेहेगड़ा जाने वाले वन विभाग की मिट्टी मोरम सड़क के किनारे-किनारे बीते लगभग एक महीने से वृहद पैमाने पर ट्रेंच निर्माण का कार्य हो रहा है। स्थानीय मजदूरों की शिकायत पर बुधवार को वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा की जेसीबी से हो रहे है ट्रेंच की खुदाई के दौरान कई विशालकाय वृक्षों के साथ- साथ अनगिनत हरे भरे पौधों को ध्वस्त कर दिया गया है। अजय सोनी ने खबर मंत्र को बताया कि इस संबध में जानकारी के लिए जब उन्होंने बेतला रेंजर शंकर पासवान से दूरभाष पर पूछताछ की तो रेंजर ने उन्हें बताया कि इसकी जानकारी उन्हें नहीं है, पता करके बताएंगे। इधर अजय सोनी ने कहा कि एक ओर वन विभाग पेड़- पौधों और वन्यप्राणियों का हवाला देकर विकास कार्यों पर रोक लगा देता है। वन एवं वन्य प्राणियों का हवाला देकर विभाग ने छिपादोहर से हेहेगड़ा तक रेल लाइन के विस्तार कार्य पर भी रोक लगा दिया है। वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारी मजदूरों से कार्य कराने के बजाय धड़ल्ले से मशीनों से कार्य करा रहें हैं, और इमारती पेड़ो को भी गिरा रहें हैं। अजय सोनी ने यह भी कहा कि पीटीआर के वन क्षेत्रों में लगातार जेसीबी से कार्य होने के कारण ही वन्यप्राणी पीटीआर के जंगलों से दूर भाग रहें हैं। बता दें कि नियम के तहत वन क्षेत्र में सिर्फ मजदूरों से कार्य कराया जा सकता है। बावजूद वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा मजदूरों को रोजगार ने देकर उनके हक पर डाका डाला जा रहा है। दूसरी ओर जेसीबी मशीन से खनन होने से पेड़ों को भी काफी क्षति पहुंच रही हैं। इधर अजय सोनी ने पूरे मामले की शिकायत माननीय चतरा सांसद सुनील सिंह और पीएमओ से करने की बात कही है।

## एक नजर में

### नाराज पंचायत समिति सदस्यों ने की बैठक



बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत बेतला के न्यू टूरिस्ट काम्प्लेक्स सभागार में 13 पंचायतों के पंचायत समिति सदस्यों ने एक बैठक की। बैठक में सदस्यों ने प्रखण्ड प्रमुख और उप प्रमुख के कार्यों से नाराजगी व्यक्त किया। पंचायत समिति सदस्य में पोखरी कला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य असमिना बीबी, केचकी आरती देवी, मंगरा राज महेंद्र सिंह, छिपादोहर दिलीप कु.सिंह, कुचिला बलराम सिंह, केड सबीता देवी, हरातू तेतरी देवी, चुंगरू पश्चिमी नीलम देवी, लात पूर्वी प्रेमलता मिंज, उकामाड घनश्याम राम, मोरवाईकला बीना उर्फ रीना देवी, छेचा मंजू कुमारी और बरवाडीह पश्चिमी संगीता देवी उपस्थित थी। नाराज पंचायत समिति सदस्यों की माने तो पंचायतों में योजना लागू नहीं करने और वित्तीय वर्ष 2022-2023 के फंड में जमा राशि को खर्च नहीं करने को लेकर उन्होंने अलग रुख अख्तियार कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगर एक माह के अंदर अगर हम सभी पंचायत समिति सदस्यों के योजना की फंड में जमा राशि खर्च नहीं किया गया एवं सभी पंचायत समिति सदस्यों का योजना प्रारंभ नहीं किया गया तो निर्वाचन अनुमंडलीय पदाधिकारी लातेहार के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव लिखित रूप में दिया जायेगा।

### 50 प्रतिशत अनुदानित मूल्य पर धान बीज वितरण का हुआ शुभारंभ



बीज लेते किसान

**चंदवा।** चंदवा के कामता लैम्पस लिमिटेड परिसर में मंगलवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार एवं बिरसा बीज उत्पादन विनियम, वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के मुखिया नरेश भगत व प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी शिशिर कुमार बारला ने व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किसान मजन्नी देवी, रंजन राम, शालो देवी, लालू उरांव, जयमोहन गंझू, अविनाश गंझू, श्यामसुंदर उरांव, सुरेंद्र उरांव, रामदयाल उरांव व अन्य किसानों को अनुदानित मूल्य पर बीज प्रदान कर किया। प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों को सस्ते दर व उचित समय पर उन्नत बीज मुहैया कराने को लेकर उक्त योजना लाई गई है। किसान योजना का लाभ उठाकर बीज की खरीदारी करें। सरकार द्वारा आईआर-64 धान स्वीकृत दर 39 रुपये है, जिसे 19 रुपये 50 पैसे की दर से किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर एटीएम रागिनी कुमारी, कृषक मित्र तेज प्रताप पन्ना, जगमोहन गंझू समेत कई लोग मौजूद थे।

### बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए निकाला गया फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च के दौरान उपस्थित पुलिस प्रशासन व अन्य

**बारियातू।** प्रखंड प्रशासन व पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को संध्या करीब पांच बजे बकरीद पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च इटके चार मोहान से निकलकर, मस्जिद टोला, बड़का टोला होते हुए पुरे गाँव में भ्रमण करते हुए समाप्त हुई। अधिकारियों ने बताया कि शांति व भयमुक्त वातावरण स्थापित करने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया। किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन की टीम अलर्ट मोड में जुटी हुई है। कानून को हाथ में लेने वाले किसी असमाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं कई लोगों को शांति व्यवस्था से त्यौहार मनाने का अपील किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना के पुलिस अवर निरीक्षक बिन्देशवर महतो, दीपक नारायण सिंह, इटके सदर मो तौहीद आलम, समाजसेवी मो सालिम, मो सलाउद्दीन उर्फ फुचानी, मो. इरशाद, मो. फजलुर्रहमान सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

### श्री राम दरबार मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चंदवा।** शहर से सटे सरोज नगर स्थित श्री राम दरबार मंदिर वार्षिकोत्सव समापन के मौके पर मंगलवार की रात भक्ति रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जागरण का उद्घाटन पूजा समिति समिति के अध्यक्ष किरण प्रसाद साहू एवं श्याम बिहारी साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में कोलकाता से आए कलाकारों ने एक से एक बेहतरीन भक्ति गीतों पर दर्शकों को झूमा साथ श्री कृष्ण, श्री हनुमान, श्रीराम समेत अन्य देवी देवता का रूप धर विभिन्न प्रसंगों का मंचन कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात तक लोगों ने यहां भक्ति गीतों का मजा लिया। पूरी व्यवस्था को संपन्न कराने में रविकांत गिनोडिया, शशिकांत गिनोडिया, प्रेम शंकर भगत प्रेमचंद अग्रवाल, जयेश वरु, संदीप अग्रवाल, अनिल प्रसाद, छोटू कुमार, सीताराम, आनंद कानोडिया, किशोर अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अनु अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, मीरा देवी, उर्मिला देवी, काजल कुमारी, सीता देवी, समेत अन्य बच्चों ने भी सराहनीय योगदान दिया।

### बकरीद पर्व बालूमाथ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**बालूमाथ।** बकरीद पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बालूमाथ पुलिस ने बुधवार की देर शाम फ्लैग मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार कर रहे थे। फ्लैग मार्च बालूमाथ थाना से आरंभ होकर बस स्टैंड, दुर्गा मंडप, गालिब कॉलोनी, मस्जिद चौक तेली टोला, महावीर मंदिर होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंची। मौके पर बोलते हुए बालूमाथ डीएसपी अजीत कुमार ने कहा की बालूमाथ में बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण बनाने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अफवाहों से दूर रहे कोई भी अगर सूचना मिलती है तो इसकी सूचना पुलिस को दें। मौके पर फ्लैग मार्च में बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, बालूमाथ थाना एस.आई कुबेर साव, मनोज मुर्मू, कैलाश बारा, धीरज सिंह, नीतीश कुमार, दुती कृष्ण महतो, मुख्तार अंसारी, सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## झरझरा व टोकलो हाट की होगी बंदोबस्ती

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के होयोहातू पंचायत अंतर्गत झरझरा हाट एवं भरनिया पंचायत के टोकलो हाट की बंदोबस्ती 7 जुलाई को की जाएगी प्रखंड कार्यालय में पूर्वाहन 11:30 बजे से खुली डाक के माध्यम से बंदोबस्ती की जानी है। दोनों हाट के लिए सुरक्षित जमा राशि 60-60 हजार रुपए निर्धारित की गई है। बंदोबस्ती में भाग लेने वालों को सुरक्षित जमा राशि का 10 फीसद राशि जमानत के तौर पर बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी चक्रधरपुर के नाम से जमा करना होगा।
डाक में असफल वक्ता की जमानत राशि लौटा दी जाएगी।

## 10 लीटर महुआ शराब के साथ संचालक गिरफ्तार

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस ने दरदाही से महुगाई जाने वाले मार्ग स्थित एक होटल में छापेमारी कर 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने होटल संचालक योगीडीह निवासी संदीप साव को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया की ग्रामीणों से शिकायत मिल रही थी की होटल में अवैध रूप से महुआ शराब बेचा जाता है, जहां शराबियों की भीड़ लगी रहती है, जिससे आसपास के लोग असहज महसूस करते हैं। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस ने होटल में छापेमारी कर होटल संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

## 61 लोगों को दिया योजनाओं का लाभ

**कोडरमा।** समर्पण की ओर से बेंदी मेंं सामाजिक अधिकार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में कुल 6 लोगों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया। वहीं 18 लोगों का राशन कार्ड, 35 लोगों का ई-श्रम कार्ड, 2 लोगों का आयुष्मान कार्ड से लिंक किया गया। मौके पर वजीर भुइयां, मनीष लहरी, राहुल कुमार भुइयां आदि मौजूद थे।

## अनुसमर्थन दल ने योजनाओं का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा द्वारा गठित अनुसमर्थन दल के द्वारा बुधवार को कोडरमा और चंदवारा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर मनरेगा से निर्माणाधीन योजनाओं का निरीक्षण किया। साथ ही योजनाओं को निर्धारित समय के अंदर पूर्ण करने आदि का निर्देश दिया।

## मडुआ की खेती को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा।** अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 के अंतर्गत उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर एचडीएफसी सीएसआर समर्थित ग्रांट थोर्टन भारत द्वारा डोमचांच प्रखंड के बीएमएमयू और जेएसएलपीएस कार्यालय में मडुआ की उन्नत खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कृषकों को मडुआ की खेती से होने वाले लाभ व चुनौतियों के साथ साथ मडुआ के विभिन्न किस्मों की जानकारी दी गयी, साथ ही जिले में मडुआ प्रसंस्करण इकाई के स्थापित होने से जिले के किसानों को होने वाले लाभ की जानकारी दी गयी। मौके पर सीओ उदय कुमार सिन्हा, जीटी भारत से काशिफ रजा, बीपीओ सुधीर मुंडा, प्रीति सिन्हा, बीपीएम दीपक कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## इटखोरी के पूर्व सीईओ, सीआई तथा कर्मचारी के विरुद्ध प्राथमिकी

**इटखोरी।** सरकारी जमीन को रैयती जमीन बनाने के मामले में इटखोरी के पूर्व अंचल अधिकारी विनोद प्रजापति, पूर्व अंचल निरीक्षक नित्यानंद प्रसाद तथा पूर्व कर्मचारी गोविंद लाल के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज हो गई है। उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर स्थानीय अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। विनोद कुमार प्रजापति वर्तमान में रांची जिला के नामकुम अंचल के सीओ है। जबकि पूर्व सीआई नित्यानंद प्रसाद जामताड़ा जिला के कुंडहित अंचल में सीओ के पद पर पदस्थापित है।

# गृह मंत्री अमित शाह का बिहार दौरा, जनसभा आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना/लखीसराय।** गृह मंत्री अमित शाह बिहार के लखीसराय जिले के एक दिन के दौरे पर गुरुवार (29 जून) को पहुंच रहे हैं। उनके दौरे को लेकर सुरक्षा की तैयारियां की जा रही हैं। गृह मंत्री लखीसराय पहुंचेंगे और वहां के अशोक धाम मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद सूर्यगढ़ा गांधी मैदान पहुंचेंगे, जहां बीजेपी की विशाल सभा का आयोजन किया जाएगा। हालांकि, इसको लेकर अब राजनीति शुरू हो गई है. बता दें कि यह इलाका मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में आता है। यहां अभी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह सांसद हैं। कहा जा रहा है कि बीजेपी ने जेडीयू से इस सीट को छीनने की रणनीति तैयार कर ली है और अमित शाह का यह दौरा इससे भी जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि बीजेपी यहां से अपनी पार्टी का उम्मीदवार उतार सकती है। दरअसल, अब तक यहां से बीजेपी के सहयोगी दल लड़ते आए हैं। बता दें कि बीजेपी ने पिछले साल देशभर में लोकसभा सीटों की लिस्ट तैयार की थी, जिन पर पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है या आगामी चुनाव में कड़ी टक्कर मिलने के आसार हैं। बिहार में ऐसी 12 सीटें हैं जिनमें मुंगेर भी भी शामिल है। ऐसी ही लोकसभा सीटों पर पार्टी रणनीति तैयार की है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दौरा भी इसी रणनीति का हिस्सा है। दरअसल, बीजेपी किसी भी हालत में मुंगेर सीट पर अपनी जीत चाहती है। इसके लिए मंडल से लेकर बूथ स्तर तक पदाधिकारी प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। पिछले चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो वर्ष 2000 में मुंगेर सीट आरजेडी के कब्जे में थी। इस पर ललन सिंह ने 2009 में जीत दर्ज की थी। 2014 में बीजेपी के खिलाफ चुनाव लड़े, और उन्होंने एनडीए के उम्मीदवार लोजपा की मीना देवी को हरा दिया। एनडीए में रहते हुए 2019 में वापस फिर जीते। लेकिन, जदयू महागठबंधन में है और अब बीजेपी गठबंधन के किसी अन्य सहयोग देकर यहां से अपनी पार्टी का उम्मीदवार उतारने के मूड में है। ऐसे में अमित शाह का लखीसराय का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाल का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** विकास भवन स्तिथ सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार बुधवार को जन्म झ मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान अन्तर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाल का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी सह सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार, सिविल सर्जन चतरा श्याम नंदन सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला योजना पदाधिकारी सह सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार द्वारा बताया गया कि विशेष अभियान के अन्तर्गत सभी सरकारी स्कूल कें प्रधानाध्यापक, ऑगनबाड़ी पर्यवेक्षिका, सेविका, सहिया को अपने -अपने क्षेत्राधिकार अन्तर्गत प्रत्येक बच्चे जिसका जन्म का निबंधन नहीं हुआ है उनको स्वयं संज्ञान लेते हुए निबंधन किया जाना है।

मृत्यु निबंधन के संबंध में बी एल ओ एवं सहिया की विशेष मदद लेने व जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा अभियान के अन्तर्गत विशेष रूप से प्रधानाध्यापकों को सहयोग हेतु अपील करने की बात कही जिससे कि हर परिस्थिति में बैकलॉग (जन्म-मृत्यु) को शत प्रतिशत कर अभियान को सफल बनाया जा सके। उक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन श्याम नंदन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## अशांति फैलाने वाले बख्शे नहीं जायेंगे : एसडीपीओ

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** बकरीद पर्व को लेकर बुधवार को पुलिस प्रशासन ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में माक ड्रिल कर पर्व-त्योहार में अशांति फैलाने से आमलोगों को बाज आने की नसीहत दी।आयोजित इस मॉकड्रिल में दंगा रोधी उपकरणों का भी पूरा इस्तेमाल किया गया। दंगा होने स्थिति में पुलिसकर्मी सुरक्षित रहते हुए किस तरह स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करेंगे, इस बात को लेकर पुलिस अधिकारियों ने सभी को विस्तृत जानकारी दी गयी। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित मॉक ड्रिल में कानून व्यवथा और असामाजिक तत्वों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जनता से शांति व्यवस्था को बनाए रखने की अपील जिले भर में की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों और कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सभी प्रकार की चुनौतियों, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में अशांति फैलाने वाले किसी भी सूरत में नहीं बख्शे जाएंगे। जिला शांत होगा तभी यहां के लोग तरक्की कर सकते हैं। ऐसे में एक-दूसरे से भाईचारगी भी बनी रहेगी और जिले में अमन-चयन भी कायम रहेगा। मौके पर पुलिस टीम ने अशांति से निपटने के तरीका से लोगों को परिचित कराया।

## बकरीद पर्व को लेकर बीडीओ के नेतृत्व में फ्लैग मार्च



**सतगावां (कोडरमा)।** बकरीद पर्व को लेकर बुधवार को बीडीओ वैद्यनाथ उरांव के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च नासरगंज चेक पोस्ट से लेकर बासोडीह बाजार होते हुए कलीडीह तक गया। इस दौरान लोगों से अपील किया गया की बकरीद पर्व शांति ढंग से मनाना है। वहीं प्रखंड प्रशासन ने गांव गांव जाकर एहतियातन भ्रमण किया। ज्ञात हो की बकरीद त्योहार को लेकर प्रखंड के दर्जनों गांव में दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है एवं प्रशासन की व्यवस्था भी चाक चौबंद रहेगी। मौके पर पुलिस निरीक्षक निरंजन, थाना प्रभारी आनंद कुमार साह एवं एसआई अशोक यादव, मनोज चौताम्बा, एएसआई सुजीत सिंह, टुनटुन चौधरी, नंदकिशोर यादव समेत जैप पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# बीजीआर कंपनी के जीएम समेत पांच पर प्राथमिकी

### मामला कोल डंपिंग यार्ड के लिए 542 पेड़ पौधों की कटाई का

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** कोल डंपिंग यार्ड के लिए वन विभाग की अनुमति लिए 542 पेड़ पौधे काटना कोल कंपनी को बीजीआर को भारी पड़ गया। वन विभाग ने बुधवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में कंपनी के महाप्रबंधक समेत पांच लोगों के खिलाफ ओसीआर केस दर्ज कराया।

आसनबनी के वन परिसर पदाधिकारी जितेंद्र प्रसाद सिंह ने वन अधिनियम की 1927 के तहत धारा 41,42 व 52 के तहत मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में जितेंद्र ने कहा कि 26 जून को वनरक्षी कमल मुर्मू को पता चला कि करूवा स्टेशन से लेकर आंदीपुर ओवरब्रिज तक कंपनी के अधिकारियों के आदेश पर करीब 542 पेड़ पौधों की कटाई कर लकड़ी को बाहर भेज दिया है। वनरक्षी स्थल पर जांच करने के लिए गया तो एक ट्रैक्टर से लकड़ी के बोटों को बाहर निकालने का प्रयास चल रहा था। टीम को देखकर सभी लोग लकड़ी छोड़कर भाग गए। 70 बोटा को जब्त किया गया है। कंपनी के अधिकारियों ने पेड़ काटने के बाद करीब एक सौ मीटर जमीन को मशीन के माध्यम से समतल भी कर दिया। पेड़ काटने वाले लोगों में अज्ञात लोग शामिल थे।

**क्या है पूरा मामला :** बीजीआर कंपनी कुरूवा स्टेशन के समीप कोल डंपिंग यार्ड बनाना चाहती है। हावड़ा डिवीजन ने इसकी अनुमति भी प्रदान कर दी। यार्ड बनाने में बड़ी संख्या में पेड़ और पौधे बाधक बन रहे थे। कंपनी के अधिकारियों ने वन विभाग की अनुमति के बिना ही स्थानीय लोगों की मदद से रातों रात 542 पेड़ पौधे कटवा दिए। वहीं पेड़ों की लकड़ी भी गायब कर दी। 26 जून को मामला सामने आने के बाद डीएफओ सात्विक ने स्थल पर जाकर जांच की। जांच में पता चला कि कंपनी ने बिना अनुमति के सारे पेड़ पौधों को कटवा कर लकड़ी को वाहनों की मदद से बाहर भी भेज दिया।

**किन लोगों को बनाया आरोपित**

| | नाम | पता |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक | मीसा रविद्र | अमड़ापाड़ा |
| बी कुमार स्वामी रेडडी | साइट मैनेजर | |
| उसाला नागार्जु | इंजीनियर, बीजीआर कंपनी | |
| मुकेश कुमार | इंजीनियर इस्टर्न रेलवे | रामपुरहाट |
| रामबालक महतो | सहायक इंजीनियर इस्टर्न रेलवे | रामपुरहाट |





## तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**सिमरिया।** बन्हे आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का वार्षिक कार्य योजना पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में ज्योति कश्यप व विनिता कुमारी उपस्थित थी। प्रशिक्षण में संकुल संगठन के 424 समूहों के लगभग 5000 महिलाओ को सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, आजीविका, सामाजिक विकास और स्वास्थ्य के प्रति कार्य योजना तैयार किया गया। जिसमें संकुल संगठन का विजन, सभी महिलाओ को आजीविका से जुड़कर आत्मनिर्भरता के साथ सम्मानजनक एवम स्वास्थ्यपूर्ण जीवन को पूर्ण करने के लिए सीएलएफ के अंतर्गत सभी 25 ग्राम संगठन का कार्य योजना तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद सबानो गांव जाकर सबानो आजीविका महिला ग्राम संगठन का प्लान भी तैयार किया गया।

## आठ छात्राओं का स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में चयन



चयनित छात्राएं

**गढ़वा।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय झुरा की आठ छात्राओं का चयन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए हुआ है। ये सभी छात्राएं जांच परीक्षामें सफलता प्राप्त की है। राज्य में निजी विद्यालयों की तरह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार के द्वारा 80 विद्यालयों का चयन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत हुआ है जिसमें गढ़वा जिला के तीन विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों में निजी विद्यालयों के तर्ज पर सीबीएसई पैटर्न में पढ़ाई होगी। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास से लेकर विभिन्न विषयों के लैब बनाए गए हैं। राजकीय मध्य विद्यालय झुरा की सफल छात्राओं में अनिशा कुमारी, शीतल कुमारी, प्रिया कुमारी, साक्षी कुमारी, अनिता कुमारी, नेहा कुमारी, अंजू कुमारी एवं अभिका कुमारी का नाम शामिल है। मौके पर विद्यालय की प्राचार्य रीना दत्त ने कहा कि आठवीं बोर्ड परीक्षा में भी इस विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा था। मौके पर सहायक शिक्षक बैमनाथ उपाध्याय, रामविनय तिवारी, रीना तिवारी आदि उपस्थित थे।

## स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीयकृत रामासाहु उच्च विद्यालय में बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा की टीम ने विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओ, शिक्षकों को आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को किस प्रकार कम किया जाए इस पर भी विद्यार्थियों से विचार-विमर्श किया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है। इससे पता चलता है कि बाइक की गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट, सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से, अल्कोहल सेवन करने से तथा ट्रिपल राइड करने से दुर्घटना होती है। इसलिए बाइक एवं कार आदि वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट एवं सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करना अत्यंत ही आवश्यक है। साथ ही सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें और ना ही किसी को करने दें। शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं पीकर चलाने भी ना दें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी चूक सड़क दुर्घटना का कारण होती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने तथा करवाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा ऐसी गलती न करें और कड़ा रुख अपना कर अपने परिवार को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाएं। साथ ही उन्हें भविष्य में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक नीरज कुमार पाण्डेय, विनय रंजन तिवारी सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकायें एवं विद्यार्थी शामिल थे।



स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते अधिकारी

एक नजर में

## समारोह आयोजित कर सहायक अध्यापक को दी गयी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोवाकला में बुधवार को समारोह आयोजित कर सेवानिवृत सहायक अध्यापक नारायण महतो को विदाई दी गयी। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बुनियादी विद्यालय के सहायक अध्यापक मदन पाठक और मदन कुमार सिंह उपस्थित हुए।

मुख्य अतिथि को विद्यालय परिवार की ओर से कलम देकर स्वागत किया गया। सेवानिवृत शिक्षक को छात्राओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी ने सेवानिवृत शिक्षक श्री महतो को बुके और अंग वस्त्र, सहायक अध्यापक प्रदुमन साहू द्वारा अंग वस्त्र, रामायण किताब व शॉल, जबकि सहायक अध्यापक भोलेश्वर साहू द्वारा डायरी वा फाइल देकर सम्मानित किया गया। वही छात्र छात्राओं, अभिभावको और समिति अध्यक्ष के द्वारा कई प्रकार के उपहार देकर विदाई दी गयी। उपस्थित लोगो ने सेवानिवृत शिक्षक के कार्यकाल की काफी सराहना की। साथ ही शेष जीवन काल के उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर वार्ड सदस्य अजय कुमार, प्रबंधन समिति अध्यक्ष निरंजन साहू, महेंद्र साव सहित समिति सदस्य, अभिभावक और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## राजपुर पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** पुलिस प्रशासन के द्वारा बुधवार को बकरीद पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व राजपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो के द्वारा किया गया। फ्लैग मार्च राजपुर थाना परिसर से शुरू होकर कान्हाचट्टी बाजार सहित पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से बकरीद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। साथ ही शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की बात बताई गई। लोगों से अपील किया गया।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर बीडीओ ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अल्पसंख्यक लड़कियों के नामांकन को लेकर बीडीओ वैद्यनाथ उरांव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमे उर्दू विद्यालय के अलावे अल्पसंख्यक पोशक क्षेत्र से संबंधित विद्यालय के प्रभारी को बुलाया गया। बैठक में उक्त सभी स्कूलों के शिक्षकों से विचार विमर्श किया गया की आखिर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में अल्पसंख्यक छात्राओं के नामांकन क्यों नगण्य रहता है। उल्लेखनीय हो कि प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए 64 छात्राओं का टारगेट है।

## पेज 1 का शेष

### झारखंड के हर नौजवान को...

मेडिकल सर्किट से कई कड़ियां जुड़ेंगी : सीएम ने कहा कि राज्य में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में पंचायत स्तर पर शिक्षित ग्रामीण युवाओं को दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस दिया जा रहा है। इसे और मजबूत करने के लिए हम मेडिकल सर्किट बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में पंचायत स्तरीय दवा दुकानों में जांच घर और एंबुलेंस सेवा आदि की भी कड़िया जुड़ेंगी। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चम्पाई सोरेन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आदिवासी कल्याण आयुक्त लोकेश मिश्रा, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल और प्रेझा फाउंडेशन के सीईओ कल्याण चक्रवर्ती मौजूद थे।

### जयंत कर्नाड के मालिकाना हक...

**हिमांशु ने किया था जयंत कर्नाड से संपर्क :** इसी बीच आरोप है कि रांची के अधिवक्ता हिमांशु कुमार मेहता ने जयंत कर्नाड से संपर्क किया। तब तक जयंत कर्नाड के पास उक्त जमीन या उत्तराधिकारी संबंधित कागजात नहीं थे। 2007 में किराया का दावा करते हुए हिमांशु कुमार मेहता ने जयंत कर्नाड के लिए कागजात तैयार करवाए और 2007 में हाईकोर्ट में जयंत कर्नाड को उक्त जमीन का उत्तराधिकारी घोषित करवाते हुए किराए का दावा पेश किया। यहां तक कि सेना से उक्त जमीन खाली कराने संबंधित आदेश भी कोर्ट से ले लिया।

### आइपीएस अजय भटनागर बने...

सीबीआई में संयुक्त निदेशक अनुराग अब एजेंसी में अतिरिक्त निदेशक होंगे। गुजरात कैडर के 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी मनोज शशिधर को भी तीन साल की अवधि के लिए सीबीआई में अतिरिक्त निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। **कौन हैं अजय भटनागर :** अजय भटनागर, झारखंड कैडर के 1989 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी है। वह वर्तमान में केंद्रीय जांच एजेंसी में अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति 20 नवंबर, 2024 तक अर्थात उनके रिटायरमेंट तक की गयी है।

### सरकार डिस्टर्ब किया तो...

यह नया ट्रेंड शुरू हो रहा है, जो लोकतंत्र के लिए घातक है। यह उचित नहीं है। अगर हमें और हमारी सरकार को डिस्टर्ब करने का प्रयास किया तो हम भी चुप बैठने वाले नहीं है। हम भी जवाब देना जानते हैं। झामुमो नेता ने कहा कि बड़ी अजीब बात है कि राज्यपाल लगातार जिलों का दौरा कर रहे हैं, मगर वे राज्य की किसी योजना की चर्चा नहीं की सिर्फ केंद्र की योजनाओं का जिक्र किया। अपने संथाल दौरे पर भी उन्होंने फुलो-झानो योजना का जिक्र तक नहीं किया। न ही कहीं सर्वजन पेंशन स्कीम, ओल्ड पेंशन स्कीम, सावित्री फूले बाई स्कीम जैसी राज्य सरकार की अहम योजनाओं का। जिक्र किया तो सिर्फ नल जल योजना, उज्ज्वला योजना का, जो केंद्र की है। झामुमो नेता ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं अगले चुनाव में वर्तमान राज्यपाल ही हमारे सीएम और नयी सरकार का शपथ ग्रहण करायें और सरकार को उचित सलाह देते रहें।

# कोरोना को जैव हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा था चीन

## वुहान लैब के वैज्ञानिक का दावा, जानबूझकर लोगों को किया संक्रमित

एजेंसी

**बीजिंग।** पूरी दुनिया में कोरोना की महामारी फैलाने के लेकर चीन पर तमाम आरोप लगते रहे हैं। अब चीन के ही वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के एक शोधकर्ता ने दावा किया है कि चीन ने जानबूझकर कोविड-19 जैसा घातक जैविक हथियार तैयार किया। वुहान के शोधकर्ता चाओ शाओ ने चीन पर लोगों को संक्रमित करने का आरोप लगाया है।

चाओ शाओ ने कोरोना वायरस को जैव हथियार बताया और एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि उनके कई सहयोगी वुहान में 2019 सैन्य विश्व खेलों के दौरान गुम हो गए थे। बाद में उनमें से एक ने बताया कि वह विभिन्न देशों से आए एथलीटों की जांच के लिए होटलों में गए थे। उन्होंने कहा कि ये बात समझनी चाहिए कि स्वास्थ्य जांच के लिए किसी वायरोलॉजिस्ट की आवश्यकता नहीं होती है। उन्हें वहां वायरस फैलाने के लिए वहां भेजा गया था। 26 मिनट के इंटरव्यू में, चाओ शाओ ने एक किस्सा सुनाया कि कैसे वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के एक और रिसर्चर शान चाओ ने स्वीकार किया कि उनके सीनियर ने उन्हें कोरोनोवायरस के चार वेरिएंट दिए थे। उन्होंने उनसे टेस्टिंग करने और ये पता लगाने के लिए कहा था कि उनमें से कौन सा सबसे अच्छा है और ज्यादा से ज्यादा प्रजातियों को संक्रमित करने की क्षमता है। साथ ही ये भी पता लगाना कि इंसानों समेत दूसरी प्रजातियों को ये वायरस कितनी आसानी से संक्रमित करता है।

शाओ ने कहा कि इसके अलावा, अप्रैल 2020 में, चाओ शान ने कहा कि उन्हें उइगरों की स्वास्थ्य स्थिति की जांच करने के लिए झिंजियांग भेजा गया था, जिन्हें रिएजुकेशन कैंप में कैद किया गया था, ताकि उन्हें जल्द रिहा किया जा सके। उन्होंने कहा कि एक बार फिर, क्योंकि स्वास्थ्य जांच के लिए किसी वायरोलॉजिस्ट की जरूरत नहीं होती है। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि उन्हें या तो वायरस फैलाने के लिए या यह देखने के लिए वहां भेजा गया था कि वायरस मनुष्यों पर कैसे काम करता है। उपरोक्त चौंकाने वाली जानकारी का खुलासा खुद चाओ शान ने मार्च से अप्रैल 2020 के दौरान इंटरव्यू लेने वाले के सामने किया था। हालांकि, जैसा कि व्हिसलब्लोअर ने इंटरव्यू के दौरान जिक्र किया था, यह पूरी पहेली का एक छोटा सा हिस्सा है। अब तक, उस महामारी की असली उत्पत्ति, जिसके कारण दुनिया भर में लगभग 70 लाख या इससे भी ज्यादा मौतें हुई हैं। ये अभी भी जांच का विषय है। ये इंटरव्यू चीन के मूल की मानवाधिकार कार्यकर्ता और लेखिका जेनिफर जेंग की तरफ से लिया गया था।




### वायरस के चार प्रकार दिए थे, उनमें कौन अधिक प्रभावशाली है : शाओ

चौंकाने वाले खुलासे करते हुए चाओ शाओ ने कहा कि उनके एक सहयोगी शान चाओ के एक सीनियर ने उसे कोरोना वायरस के चार प्रकार दिए थे और परीक्षण कर पता लगाने के लिए कहा था कि उनमें कौन से ज्यादा प्रभावशाली है। उससे कहा गया था कि कौन से वायरस में अधिक से अधिक प्रजातियों को संक्रमित करने की क्षमता है और वायरस से मानव सहित अन्य प्रजातियों को संक्रमित करना कितना आसान है।

# अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन सौदे से बढ़ेगी भारत की सैन्य क्षमता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया दौरे के समय भारत और अमेरिका के बीच हुए एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन के सौदे को भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने देश की सैन्य क्षमता बढ़ाने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि इससे तीनों सेनाओं की निगरानी क्षमता बढ़ने के साथ ही इससे इकोसिस्टम भी तैयार होगा। भारत को नवाचार के लिए वैश्विक मानव रहित हवाई प्रणाली केंद्र में बदलने में मदद मिलेगी।रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका से तीन अरब डॉलर में 31 प्रीडेटर एमक्यू-9 रीपर ड्रोन खरीदने के सौदे को मंजूरी दी थी। अब इसे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की ओर से मंजूरी दी जाएगी।

- नौसेना का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए शुरू किया गया आउटरीच मिशन : नौसेना प्रमुख
- लद्दाख और पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए होगी अग्निवीरों की भर्ती
- ड्रोन मिलने से तीनों सेनाओं की निगरानी क्षमता बढ़ेगी

प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा पर एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद पर बड़ा सौदा किया गया है। इसी को लेकर एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि अमेरिका से रीपर ड्रोन मिलने के बाद तीनों सेनाओं की निगरानी क्षमता बढ़ेगी। नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। तटीय सुरक्षा और निगरानी के लिए भारतीय नौसेना को 15 और आठ-आठ रीपर ड्रोन वायुसेना एवं थल सेना को मिलेंगे। एडमिरल आर हरि कुमार ने पत्रकारों से भारतीय नौसेना के आउटरीच मिशन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हमने अग्निवीर योजना के साथ आउटरीच मिशन शुरू किया है। इस समय नौसेना का देश के लगभग 656 जिलों में प्रतिनिधित्व है, जिसे हम इसे 100 फीसदी करना चाहते हैं।



उन्होंने कहा कि नौसेना में लद्दाख और पूर्वोत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। इसलिए हम मणिपुर और अन्य राज्यों में जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने नौसेना में लद्दाख और पूर्वोत्तर क्षेत्र से अग्निवीरों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मणिपुर और अन्य राज्यों की यात्रा की योजना का उल्लेख किया। नौसेना अग्निवीरों का पहला बैच इस साल 28 मार्च को नौसेना में शामिल होने के बाद नाविकों के प्रारंभिक प्रशिक्षण के लिए नौसेना के प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का से पास आउट हुआ। पीओपी ने करीब 2,600 अग्निवीरों के प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित किया, जिसमें 273 महिला अग्निवीर भी शामिल थीं। यह देश के किसी भी प्रशिक्षण संस्थान से अग्निवीरों का पहला पासिंग आउट था। अग्निवीरों ने भारतीय नौसेना के प्रमुख नाविकों के प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का में 16 सप्ताह का प्रारंभिक प्रशिक्षण लिया। सफल प्रशिक्षुओं को उनके समुद्री प्रशिक्षण के लिए अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर तैनात किया गया।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए भारतीय नौसेना भी कई दूर-दराज के इलाकों में तैनात है। हर कोई स्वतंत्र और सुरक्षित इंडो-पैसिफिक की बात कर रहा है। भारत के व्यापार का अधिकांश हिस्सा समुद्र के रास्ते जाता है, इसलिए भारत के लिए समुद्र बहुत महत्वपूर्ण है।

## इडी ने इस्पात कंपनी की 517 करोड़ रुपये की संपत्ति की जब्त

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र की एक इस्पात कंपनी की 517 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। जांच एजेंसी ने 895 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में यह कार्रवाई की है।ईडी ने बुधवार को बताया कि 895 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक ऋण धोखाधड़ी के एक मामले में पीएमएल एक्ट के तहत महाराष्ट्र की एक इस्पात कंपनी की 517 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति जब्त की। इसमें एसकेएस इस्पात एंड पॉवर लि. की जमीन, भवन व मशीन भी शामिल है।

## दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को कहा कि वह 2024 के आम चुनाव में दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और लोगों को यह बताने के लिए एक अभियान चलाएगी कि राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण संबंधी केंद्र का अध्यादेश उनके खिलाफ है। दिल्ली और हरियाणा के आप नेताओं के साथ बैठक के बाद आप के महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने विपक्षी दलों के भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि यह कांग्रेस के रवैये पर निर्भर करता है।

# अमरनाथ यात्रा के लिए तत्काल रजिस्ट्रेशन आज से

एजेंसी

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए तत्काल पंजीकरण गुरुवार से शुरू होंगे, जिसके लिए बुधवार को टोकन जारी किए गए हैं। जम्मू शहर में तत्काल पंजीकरण के लिए पांच केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और शालामार स्थित महाजन सभा में तीर्थ यात्रियों और श्रीराम मंदिर पुरानी मंडी व गीता भवन परेड में साधु संतों के लिए तत्काल पंजीकरण किया जायेगा। जम्मू रेलवे स्टेशन स्थित सरस्वती धाम से बुधवार सुबह श्रद्धालुओं को टोकन जारी करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। जिन श्रद्धालुओं को आज टोकन प्राप्त होगा, उनका गुरुवार को तत्काल पंजीकरण होगा। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होने जा रही है। 30 जून को पहला जत्था आधार शिविर भगवती नगर जम्मू से रवाना होगा। अमरनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जम्मू शहर के 33 स्थानों पर ठहरने की व्यवस्था की गई है। इनमें आधार शिविर भगवती नगर यात्री निवास, सरस्वती धाम रेलवे स्टेशन जम्मू, वैष्णवी धाम रेलवे स्टेशन जम्मू, लक्ष्मी नारायण मंदिर गांधी नगर, बांके बिहारी मंदिर, गोरखा मंदिर नानक नगर, शिव मंदिर मिनी मार्केट रेलवे स्टेशन, अग्रवाल सभा विवेकानंद चौक जम्मू, गुरु रविदास मंदिर कृष्णा नगर, प्राचीन हनुमान मंदिर मांडा, त्रिकुटा यात्री निवास अम्बफला, राम मंदिर पुरानी मंडी, सनातन धर्म सभा गीता भवन जम्मू, रघुनाथ मंदिर रघुनाथ बाजार, डोगरा सदर सभा डोगरा हॉल, ब्राह्मण सभा परेड, जंडियाल बिरादरी कम्यूनिटी हॉल गोल गुजराल, राजपूत सभा पुरानी मंडी शामिल है। इसके साथ ही सभी यात्री हॉर्टीकल्चर गेस्ट हाउस नरवाल, जैन सभा, स्कास्ट गेस्ट हाउस रेलवे स्टेशन, सर्वशक्ति चंडी माता मंदिर धम्मी नगरोटा, जेडी, क्लब रूप नगर, तवी महल उदयवाला, पीरखो मंदिर, आरटीओ बिल्डिंग भलवाल, खजुरिया बिरादरी सभा बाहु फोर्ट, जैन सभा गांधी नगर, हरि भवन सराय धर्म ट्रस्ट, सराय झिरी, योग आश्रम गोल गुजराल, राधा स्वामी सत्संग हॉल बनतलाब, राधा स्वामी सत्संग हॉल आरएस पुरा और राधा स्वामी सत्संग हॉल चक मैनी मढ़ में भी रुक सकेंगे।

**पहला जत्था 30 जून को आधार शिविर जम्मू से रवाना होगा**
**श्रद्धालुओं के लिए जम्मू में 33 स्थानों पर ठहरने की व्यवस्था**

### सुरक्षा में जायेंगे आईटीबीपी के जवान

बाबा अमरनाथ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप भी दे दिया गया है। 3888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा की सुरक्षा की जिम्मेदारी पारंपरिक रूप से सीआरपीएफ के पास ही रहती थी, लेकिन इस बार यह जिम्मेदारी इंडो तिब्बत बॉर्डर (आईटीबीपी) पुलिस को दी गई है। इस बार अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव मणिपुर हिंसा की वजह से भी हुआ है।

# अमेरिका के लिए चीन सबसे बड़ा खतरा : हेली

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अगले राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की दावेदार निक्की हेली ने चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया है। अमेरिकी थिंक टैंक अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट में संबोधन के दौरान उन्होंने भारत से रिश्ते सुधारने की पैरवी की। रिपब्लिकन पार्टी की भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है, जो अमेरिकी सुरक्षा और समृद्ध के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा है। उत्तरी कैरिलिना की पूर्व गवर्नर ने 2024 में राष्ट्रपति चुने जाने पर चीन के प्रति अमेरिका की नीति में व्यापक बदलाव लाने का भी संकल्प लिया और कहा कि कम्युनिस्ट चीन अमेरिकी सुरक्षा और समृद्धि के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा है। हेली ने चीन को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अमेरिका के सामने आया सबसे खतरनाक विदेशी खतरा करार दिया। उन्होंने कहा कि चीनी साम्यवाद की निंदा की जानी चाहिए और बधाई कभी नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की चीन के साथ बातचीत को लेकर भी उनकी



## पद्म पुरस्कारों की सिफारिशें और नामांकन 15 सितंबर तक स्वीकार किए जायेंगे

**नयी दिल्ली।** पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन जमा कराने और सिफारिशें करने की ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है और इसकी अंतिम तिथि 15 सितंबर है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनता से पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें भेजने को कहा और इन्हें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किया जायेगा। पद्म पुरस्कार, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस के मौके पर होगी। ये पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार आदि जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियों और सेवा के लिए दिये जाते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने एक दर्जन परियोजनाओं की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्र और राज्य सरकारों को शामिल करते हुए प्रो-एक्टिव गवर्नेंस और समय पर कार्यान्वयन के लिए आईसीटी आधारित मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म, प्रगति के 42वें संस्करण की बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री ने बैठक में 12 राज्यों में फैली 1,21,300 करोड़ रुपये से अधिक की संचयी लागत वाली 12 प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने सभी हितधारकों को बकाया मुद्दों को हल करने और जनता के लिए उनके महत्व को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं को पूरा करने के लिए समय सीमा का पालन करने का निर्देश दिया। बैठक में 12 प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। 12 परियोजनाओं में से सात परियोजनाएं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की थीं, दो परियोजनाएं रेल मंत्रालय की थीं और एक-एक परियोजना सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की थी। 10 राज्यों अर्थात छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा और हरियाणा और 2 केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर तथा दादरा और नगर हवेली से संबंधित हैं।



# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला गाना रिलीज

**मुंबई।** करण जौहर निर्देशित फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर हाल ही में लॉन्च होने के बाद अब इसका पहला गाना तुम क्या मिले...रिलीज हो गया है। फिल्म के टीजर में प्रोड्यूसर करण जौहर ने बिना किसी डायलॉग के इस गाने को बैकग्राउंड में जोड़ दिया है।

3 मिनट 21 सेकंड का गाना पूरी तरह से बर्फीले इलाके में शूट किया गया है और आलिया की शिफॉन साड़ियों ने ध्यान खींचा है। इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है और इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। ऐसा कहा जाता है कि बॉलीवुड का कोई भी फिल्मी गाना मशहूर गायक अरिजीत सिंह के बिना पूरा नहीं होता। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को अरिजीत की जादुई आवाज का साथ मिला है। युगल गीत तुम क्या मिले को लोकप्रिय गायक अरिजीत सिंह और गायिका श्रेया घोषाल ने गाया है। गाने के रिलीज होने के बाद नेटिजन्स फिल्म के एक्टर्स से ज्यादा अरिजीत और श्रेया की आवाज की तारीफ कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर सिंह (रॉकी रंधावा) और आलिया भट्ट (रानी चटर्जी) का किरदार निभाएंगी। टीजर में आलिया ज्यादातर सीन्स में साड़ी पहने नजर आ रही हैं। करण जौहर ने 7 साल बाद डायरेक्टर की जिम्मेदारी संभाली है। इस फिल्म में आलिया भट्ट के अलावा रणवीर सिंह, दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन, अभिनेता धर्मेंद्र, शबाना आजमी भी प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



**फिल्म में रणवीर सिंह (रॉकी रंधावा) और आलिया भट्ट (रानी चटर्जी) का किरदार निभाएंगी**

## असिन लेंगी पति से तलाक

**मुंबई।** साउथ फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग और खूबसूरती का जादू दिखाने वाली एक्ट्रेस असिन थोट्टूमकल ने बॉलीवुड में भी काम किया। उन्होंने गजनी, रेडी जैसी कुछ फिल्मों में सलमान खान और आमिर खान के साथ स्क्रीन शेयर की। ऐसी अफवाह है कि असिन और उनके पति के बीच सबकुछ ठीक नहीं है।

वजह ये है कि उन्होंने अपनी शादी की तस्वीरें और पति के साथ बाकी तस्वीरें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दी हैं। असिन ने 2016 में माइक्रोमैक्स के संस्थापक राहुल शर्मा से शादी की। शादी के बाद असिन ने फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी।

## स्पीड न्यूज

### भारत से और मजबूत होगा संबंध : ताइवान

**ताइपे सिटी।** ताइवान के विदेश मंत्री जौशीह जोसेफ वू ने कहा है कि मुक्त व्यापार समझौते से ताइवानी कंपनियों को भारत में विनिर्माण के आधार पर उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा कि ताइवान अब अपनी उन कंपनियों को प्रोत्साहित कर रहा है जिनको चीन का बाजार लाभदायक नहीं लगता है। ताइवान ने ऐसी कंपनियों से कहा है कि उन्हें उत्पादन सुविधाओं के लिए अपना कारोबार भारत में स्थानांतरित करना चाहिए।

### पाक में गोलीबारी, एक ही परिवार के नौ की मौत

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गयी। पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को कुछ बंदूकधारियों ने एक घर पर हमला कर दिया। इन बंदूकधारियों ने घर में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस दौरान एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी दी कि यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मालाकंद जिले की बटखेला तहसील में हुई। हमलावरों ने परिवार के नौ सदस्यों की गोली मारकर हत्या की, जिनमें छह पुरुष थे और तीन महिलाएं।

### नेपाल : प्रचंड ने खोलीं भ्रष्टाचार की फाइलें

**काठमांडू।** नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड सरकार देश में हुए भ्रष्टाचार और अपराध के बड़े मामलों की फाइलें खोल रही है। फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले की जांच के बाद प्रचंड सरकार ने काठमांडू के बलुवाटार में 13 अरब नेपाली रुपये की 7.3 हेक्टेयर जमीन हड़पने के मामले की फाइल खोल दी है। नेपाल के जाने-माने कारोबारी मिन बहादुर गुरुंग और पूर्व चुनाव आयुक्त सुधीर कुमार शाह को नेपाल के प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास बलुवाटार के पास जमीन कब्जा करने के मामले में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बंगाल : मुर्शिदाबाद में गोलीबारी, चार घायल

**कोलकाता।** पंचायत चुनाव को केंद्र कर बंगाल में खूनी खेल थम नहीं रहा है। मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी की जनसभा से पहले गोलीबारी हुई है। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पंचायत चुनाव प्रचार को केंद्र कर अभिषेक बनर्जी की यहां गुरुवार को जनसभा से पहले रोड शो होना है। उसके पहले बुधवार को डोमकल में चार लोगों को गोली लगी है। तृणमूल ने माकपा के जुलूस से हमले और गोलीबारी का आरोप लगाया है। घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

### बच्ची की हत्या के दोषी को फांसी की सजा

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जिले की एक अदालत ने एक बच्ची के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या करने के जुर्म में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने यहां बताया कि अयाना थाना क्षेत्र के एक गांव में इसी साल 25 मार्च को एक मामला दर्ज हुआ था, जिसमें कहा गया था कि आठ साल की एक बच्ची अपने घर के पास बकरियां चराने गई थी, शाम तक घर नहीं लौटने पर गांव के लोगों ने बच्ची को काफी देर तक तलाश किया। बच्ची के नहीं मिलने पर सूचना पुलिस को दी गई थी।

### राजस्थान : बाल सुधार गृह से 15 किशोर फरार

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाल सुधार गृह से बुधवार तड़के 15 किशोर छत के पास गटर की साफ्ट के निकट की दीवार तोड़कर फरार हो गये। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि बाल सुधार गृह से बुधवार तड़के 15 किशोर छत के पास गटर की साफ्ट के पास की दीवार तोड़कर फरार हो गये।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ

9155997766

बवासीर

हाइड्रोसील, भगन्दर

माँ क्लिनीक

डॉ० डी० बी० बैरागी

रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची

फोन - 9470997766, 9155997766

रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक

बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस